तापमान
अधिकतम :38°C
न्यूनतम: 24°C

सेंसेक्स 80,288.38
निफ्टी 24,335.95

सोना 98,835
चांदी 1,00,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 30 अप्रैल 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 108 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper





## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान जिन्दाबाद का नारा लगाने वालों के खिलाफ मुकदमा

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के बघौचघाट क्षेत्र में पाकिस्तान जिन्दाबाद का नारा लगाने वालों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बघौचघाट क्षेत्र में पहलगाम में आतंकवादी हमले के विरोध 27 अप्रैल को कैंडल मार्च निकाल रहे लोगों में से कुछ ने पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई और वीडियो की जांच शुरू कर दी। आज पुलिस ने इस मामले में मुकदमा भी दर्ज किया है। अपर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार वर्मा ने सोमवार को यहां बताया कि उक्त प्रकरण के संबंध में कैण्डल मार्च से सम्बन्धित वीडियो को एकत्र कर क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा साइबर सेल की मदद से वृहद् गहनता से जांच की जा रही है।

### जाति के नाम पर वैमनस्यता फैला रहा है विपक्षः भाजपा

**लखनऊ( ब्यूरो )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने आरोप लगाया कि विपक्ष लगातार झूठ और भ्रम फैलाने की राजनीति कर रहा है। जाति व वर्ग के नाम पर समाज में वैमनस्यता फैला रहा है। प्रतापगढ़ में अनुसूचित जाति संवाद कार्यक्रम में सिंह ने सोमवार को कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें लोगों के बीच में जाकर विपक्ष के द्वारा फैलाए जा रहे झूठ और भ्रम को समाप्त करना है तथा सभी को भाजपा की राष्ट्रवादी विच. रधारा से जोड़ना है। पार्टी के प्रत्येक पूर्व पदाधिकारी को संगठन के कार्यों से जोड़ना है तथा संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की संगठनात्मक कार्यों में भूमिका सुनिश्चित करते हुए कार्ययोजना तैयार करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अनुशासित व परिश्रमी कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा का विजय परचम पूरे देश में फहरा रहा है। उन्होंने पार्टी के पूर्व, निवर्तमान तथा वर्तमान मंडल अध्यक्षों की बैठक को भी संबोधित किया और जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह प्रदेश में लगातार उन विधानसभाओं के मंडल अध्यक्षों व शक्तिकेन्द्र संयोजकों के साथ बैठक कर रहे है, जहां पिछले चुनाव में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी।

### निजी मेडिकल कॉलेज में मिला नर्स का शव

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के तिलहर क्षेत्र में सोमवार को एक निजी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत नर्स का शव उसके कमरे में पाया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि थाना तिलहर क्षेत्र के वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में नर्स की पढ़ाई करने के बाद करने के बाद आरती देवल (26) उसी कॉलेज में नौकरी करने लगी यह मेडिकल कॉलेज कैंपस में ही बने आवास में रहती थी। आज जब यह अस्पताल नहीं पहुंची तो इसके सहकर्मियों ने इसके आवास पर जाकर देखा, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने जब कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो वहां पर आरती देवल मृत पड़ी थी। पुलिस ने बताया कि ऐसा अनुमान है कि इसमें बेहोशी की अत्यधिक मात्रा में दवाई ली थी जिसके चलते इसकी मौत हो गई, लेकिन परिजन हत्या का आरोप लगा रहे है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## आतंकी हमले पर सपा नेताओं का बयान शर्मनाकः योगी

# जातिवाद की राजनीति से सुरक्षा खतरे में

**देवरिया, वार्ता**

### पाक को क्लीन चिट देने का कुत्सित प्रयास



■ अखिलेश ने कहा था कि पहलगाम में मारा गया शुभम उनकी पार्टी का नहीं था

■ सपा का एक नेता कहता है कि हिन्दू ने ही हिन्दू को मारा है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर समाजवादी पार्टी के नेताओं के काफी शर्मनाक बयान सामने आए हैं। उनके बयान से यह पता लगाने में काफी मुश्किल हो रही है कि वह सपा के नेता का बयान है या फिर पाक का प्रवक्ता बयान दे रहा है।

योगी ने कहा कि सोमवार को मुंबई में सपा के एक पदाधिकारी ने शर्मनाक बयान दिया। आतंकवादियों ने कानपुर के शुभम द्विवेदी की निर्मम हत्या कर दी। इस पर जब पत्रकारों ने सपा अध्यक्ष से उनके घर पर न जाने की वजह पूछी तो उन्होंने जवाब दिया कि वह हमारी पार्टी का नहीं था। यह बयान काफी दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। उन्होने कहा कि पूरा देश पार्टी लाइन से ऊपर उठकर घटना की निंदा कर रहा है और सपा के नेता दुर्भाग्यपूर्ण बयान दे रहे हैं। सपा का एक राष्ट्रीय महासचिव बयान देता है कि हिंदू ने ही हिंदू को मारा है यानी पाकिस्तान को क्लीन चिट देने की कुत्सित चेष्टा की जा रहा है। सपा और कांग्रेस के नेता जातिवाद, विभाजनकारी और तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। यह लोग ही आप सबकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का कुत्सित प्रयास करते हैं। योगी ने कहा कि आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। वहीं पूरा देश एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। उन्होंने कहा कि देवरिया में वर्ष 2017 से पहले बीमारी, गुंडागर्दी, अराजकता, अव्यवस्था का माहौल था। उस दौरान त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से नहीं मनाए जा सकते थे। उस समय नौजवान पलायन और किसान आत्महत्या के लिए मजबूर होता था। यहां पर मुसहर, वनटांगिया जैसी तमाम जातियां भूखमरी का शिकार थीं। वहीं उस दौरान जो सत्ता में थे, वह चैन की बंसी बजा रहे थे क्योंकि वह स्वयं के परिवार तक ही सीमित रह गये थे। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को बटन दबाकर देवरिया में 676 करोड़ की 501 परियोजनाओं में से 341 परियोजनाओं का लोकार्पण और 160 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होने सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत ऋण की चेक, स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 7 करोड़ 87 लाख 50 हजार धनराशि का चेक, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना की चाबी, ट्रैक्टर की चाबी, पट्टा योजना के तहत 37 लाभार्थियों को पट्टा, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित पेंशन की चेक सौंपी। वहीं हाईस्कूल में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रीति कुशवाहा और इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्वेता प्रसाद को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देवरिया में वर्ष 2017 से पहले इंसेफलाइटिस से हजारों बच्चों की मौत होती थी, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आज देवरिया के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में विकास की गति तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश ने माफिया मुक्त, दंगा मुक्त और विकास की दिशा में तेज़ी से बढ़ने वाले राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि देवरिया में चार मंजिला सरकारी डिग्री कॉलेज का उद्घाटन किया गया है, जो कि इस क्षेत्र में पहली बार है। इसमें कला, विज्ञान और वाणिज्य की कक्षाएं एक साथ शुरू की जाएंगी। इसके साथ ही पथरदेवा में एक नया डिग्री कॉलेज शुरू किया जा रहा है, जिसमें वाणिज्य की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। इस अवसर पर मंत्री सूर्य प्रताप शाही, योगेंद्र उपाध्याय, दया शंकर सिंह, राज्य मंत्री रजनी तिवारी, विजय लक्ष्मी गौतम, सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, विधायक जय प्रकाश निषाद, शलभ मणि त्रिपाठी, दीपक मिश्रा, सुरेंद्र चौरसिया, पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमा पति राम त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

### अखिलेश के पास नहीं थी निर्णय लेने की क्षमता

**लखनऊ( ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री रहते न तो काम करने की इच्छा शक्ति दिखाई और न निर्णय लेने में सख्ती बरती और इसीलिए जनता ने उन्हें सत्ता से बेदखल किया। आईपीएस से राजनेता बने अरुण ने पिछली अखिलेश सरकार में वंचित वर्गों पर हुए अत्याचारों को उजागर करते हुए योगी सरकार की विकास और युवा कल्याण योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की छोटी सोच और भेदभावपूर्ण नीतियों के कारण जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर किया। उन्होंने कहा कि 2012-2017 के बीच सपा सरकार में अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लोगों पर अत्याचार हुए जो आज भी जनता के जेहन में हैं। अखिलेश ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का अपमान किया। उन्होंने कन्नौज में बाबा साहब के नाम पर बने मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया। इसके अलावा भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्वीकार करने से इनकार किया और उनकी माता महामाया के नाम पर बने जिले के नाम पर अपनी काली कलम चलाई। उन्होंने कहा कि आखिर इसके पीछे अखिलेश यादव की मंशा क्या थी, उन्हें जनता को बताना चाहिए और उन्हें इसके लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए।

## 2029 में यूपी बनेगा वन ट्रिलियन डॉक्टर की इकोनॉमीः सीएम

**लखनऊ, वार्ता**

■ यूपी के पास एक्सप्रेस-वे व रेलवे का सबसे बड़ा नेटवर्क

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को भरोसा दिलाया कि 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनेगा और उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में अपने आप को स्थापित करेगा।

योगी ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले आठ सालों में मजबूती के साथ सफलता की ओर कदम बढ़ाए हैं। बिना रुके, बिना थके, बिना डिगे यह यात्रा अनवरत जारी रहेगी। आज उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे का सबसे बड़ा नेटवर्क है। सर्वाधिक मेट्रो का संचालन उत्तर प्रदेश कर रहा है। रेलवे का सबसे बड़ा नेटवर्क यूपी के पास है। देश की पहली रैपिड रेल यूपी में चल रही है और देश का पहला इनलैंड वॉटरवेज यूपी में है। भारत सरकार द्वारा संचालित 45 से अधिक स्कीम को उत्तर प्रदेश लीड करता है। यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है और नया उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जमीनी धरातल पर उतार कर अपने सामर्थ्य को देशवासियों के सामने रख रहा है। उत्तर प्रदेश जो 2017 में सातवीं अर्थव्यवस्था था, आज देश की नंबर दो अर्थव्यवस्था बन चुका है। 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनने के लिए उत्तर प्रदेश ने जो कदम बढ़ाए हैं, उसको आगे बढ़ाते हुए हम मानकर चलते हैं कि 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनेगा और उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में अपने आप को स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की आबादी का सबसे बड़ा राज्य है और देश का हृदय स्थल भी है। भारत की आत्मा उत्तर प्रदेश में निवास करती है, लेकिन जिन लोगों का एजेंडा विकास नहीं था, जिन लोगों ने उत्तर प्रदेश की इस आत्मा को पहचानने का कभी प्रयास नहीं किया, वह लोग उत्तर प्रदेश के बारे में अपने एजेंडे को जबरन उत्तर प्रदेश पर थोपते थे। इसके चलते उत्तर प्रदेश जो व्यापक संभावनाओं वाला प्रदेश था वह 2014 के पहले पहचान के संकट से गुजर रहा था। नौजवान पहचान के लिए मोहताज हो गया, अन्नदाता किसान आत्महत्या के लिए मजबूर हो गया, यहां का श्रमिक भुखमरी का शिकार हो गया, बेटी और व्यापारी दोनों की सुरक्षा में सेंध लग चुकी थी, पर्व और त्योहार दहशत के माहौल में मनाने को मजबूर होना पड़ता था। उत्तर प्रदेश की पहचान एक सामर्थ्यवान और असीम संभावनाओं वाले प्रदेश के रूप में नहीं बल्कि एक बीमारू राज्य के रूप में होने लगी।

## बसपा की छवि धूमिल करने का कोई मौका नहीं छोड़ता विपक्षः मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पार्टी के कुछ लोग उनके बहकावे में आते हैं, तो मजबूरी में उन्हें पार्टी से निकालना पड़ता है

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि विपक्षी दल सर्व समाज में लोकप्रिय उनकी पार्टी की छवि को धूमिल करने की जुगत में हर समय तैयार रहते हैं।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- देश के दलित व अन्य उपेक्षितों के हितैषी बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के कारवां को सत्ता की मंज़िल तक पहुंचाने के मिशन में तत्पर बीएसपी में कार्यरत लोगों के आने-जाने में कुछ भी निजी नहीं, बल्कि यह पार्टी व मूवमेन्ट के हित पर पूर्णतः निर्भर। साथ ही विरोधी पार्टियों के षड्यन्त्र के तहत पार्टी के कुछ लोग, उनके बहकावे में आकर जब अपनी खुद की पार्टी को कमज़ोर करने में लग जाते हैं, या फिर पार्टी में अनुशासनहीनता अपनाने व परिपक्वता के साथ कार्य ना करने के कारण तब उन्हें मजबूरी में, पार्टी हित में निकालना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही उनके समझ में आने व गलती का अहसास करने के बाद जब उन्हें पार्टी में वापस ले लिया जाता है, तो तब फिर कांग्रेस, बीजेपी व अन्य विरोधी पार्टियां इसे आया राम व गया राम की संज्ञा देकर, पार्टी की छवि को धूमिल करने की पूरी-पूरी कोशिश करती हैं और जब यही कार्य विरोधी पार्टीयाँ करती हैं, तब उसे वे पार्टी हित का मामला कहकर टाल देती हैं, लेकिन बीएसपी के मामले में इसे ये किस्म-किस्म की संज्ञा देकर इस पार्टी की छवि को खराब करने की कोशिश करती हैं। यह सब इनका दोहरा मापदण्ड नहीं है, तो और क्या है। पार्टी के लोग सतर्क रहें।

## कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करें शाहः महबूबा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बढ़ते तनाव के बीच केंद्र शासित प्रदेश के बाहर पढ़ रहे कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सुश्री महबू. बा ने कहा कि उन्हें देश भर के छात्रों से धमकी भरे कॉल मिल रहे हैं, जो मौजूदा स्थिति के कारण डर में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां कुछ शैक्षणिक संस्थानों ने परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं और छात्रों को सामान्य स्थिति बहाल होने तक घर लौटने की सलाह दी है, वहीं अन्य ने कक्षाएं जारी रखने का विकल्प चुना है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं अमित शाह और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से हस्तक्षेप करने और सभी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करती हूं, जब तक कि वे सुरक्षित रूप से घर नहीं लौट जाते। इसके अलावा सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने वालों को एक कड़ा संदेश दिया जाना चाहिए। शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए ऐसी विभाजनकारी ताकतों की पहचान की जानी चाहिए और उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

## प्रेमिका से मिलने गए युवक की हत्या

**इटावा, वार्ता**

■ गोली मारकर मार डाला, पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार किया

उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के चौबिया इलाके में प्रेमिका से मिलने उसके घर गए युवक की प्रेमिका के पिता ने गोली मार कर हत्या कर दी। हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने मंगलवार को बताया है कि चौबिया क्षेत्र के ग्राम खेड़ा हेलू में अनिल यादव ने अपने घर में रिश्तेदारी में आए लवकुश पाल (21) की गोली मारकर हत्या कर दी। लव कुश अनिल यादव की दीवार से फर्स्ट फ्लोर पर चढ़ा था। चढ़ते समय ही अनिल यादव ने पीछे से लव कुश की कमर में गोली मार दी, जिससे वह वहीं गिर पड़ा और उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि औरैया जिले के दिबियापुर इलाके के कमालपुर गांव निवासी लवकुश पाल अपने बहनोई राजेश पाल के यहां आता जाता रहता था। सोमवार शाम को भी आया हुआ था रात करीब पौने आठ बजे घर से निकला। गांव में ही अनिल कुमार यादव का भी घर है। रात करीब पौने 11 बजे अनिल के घर से गोली चलने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद गांव वाले मौके पर पहुंचे, तो लवकुश का रक्तरंजित शव जमीन पर पड़ा था। अनिल अपने हाथ में अवैध हथियार पकड़े था। काफी समय से लव कुश की मेल मुलाकात अनिल यादव की बेटी से हो रही थी, जिसकी जानकारी अनिल के अलावा गांव के अन्य लोगों को भी थी। अनिल यादव ने जैसे ही लवकुश को अपने घर की दूसरी मंजिल पर देखा वैसे ही गोली मार दी, घटनास्थल पर ही लव कुश की मौत हो गई। हत्या की सूचना पर थाना प्रभारी विपिन मलिक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और अनिल यादव को अपनी गिरफ्त में ले लिया। अनिल यादव के पास से अवैध हथियार बरामद किया गया है, जिससे हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। हत्याकांड के बाद खेड़ा हेलू गांव में अजीब सा सन्नाटा पसरा हुआ है, गांव का कोई भी व्यक्ति इस हत्याकांड पर कुछ भी खुलकर नहीं बोल पा रहा है।

### दबंगों ने मारी तीन सगे भाइयों को गोली, एक की मौत

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के चौक कोतवाली क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद दबंगों ने तीन सगे भाइयों को गोली दी जिनमें से एक की मौत हो गई है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मंगलवार को बताया कि चौक कोतवाली क्षेत्र के अजीजगंज निवासी कमलेश का बीती रात शेरू से विवाद हो गया था। विवाद के बाद शेरू ने अपने साथियों रामनिवास, सुमित, रामकिशोर व एक अन्य को मौके पर बुला लिया और कमलेश की पिटाई शुरू कर दी, इसके बाद उन लोगों ने कमलेश को गोली मार दी।

## अर्थ व्यापार

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी तेजी

**मुंबई, वार्ता**



विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई मजबूत लिवाली से शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में आई जबरदस्त उछाल बाद में मुनाफावसूली की भेंट चढ़ गया लेकिन अंत में मामूली बढ़त पर टिकने में सफल रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 70.01 अंक बढ़कर 80,288.38 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 7.45 अंक की मामूली बढ़त लेकर 24335.95 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.23 प्रतिशत चढ़कर 43,194.16 अंक और स्मॉलकैप 0.09 प्रतिशत उठकर 48,238.69 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3083 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1806 में तेजी जबकि 1144 में गिरावट रही, वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई 2933 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1365 में लिवाली जबकि 1478 में बिकवाली हुई, वहीं 90 में टिकाव रहा। बीएसई के आठ समूहों में तेजी का रुख रहा, जबकि अन्य में मुनाफावसूली हुई। इस दौरान सीडी 0.19, ऊर्जा 0.27, इंडस्ट्रियल्स 0.70, आईटी 1.13, कैपिटल गुड्स 0.94, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.60, टेक 0.76 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.23 प्रतिशत उछल गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रुझान सकारात्मक रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.22, जर्मनी का डैक्स 0.74, जापान का निक्केई 0.38 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.16 प्रतिशत चढ़ गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.05 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 179 अंक की छलांग लगाकर 80,396.92 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 80,661.31 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली से यह दोपहर से पहले 80,122.02 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### यूपी में 2030 तक सौर ऊर्जा से 500 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2030 तक सौर ऊर्जा संयंत्रों के जरिये 500 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में सरकार ने हाल ही में स्मार्ट एनर्जी काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया एवं हिंदुजा समूह के साथ एक मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) भी साइन किया है। सरकार का मानना है कि इससे न सिर्फ परंपरागत तापीय और जल विद्युत संयंत्रों से मिलने वाली बिजली से निर्भरता कम होगी बल्कि सोलर पैनलों के निर्माण, इंस्टालेशन, रखरखाव, ग्रिड के एकीकरण और ट्रांसमिशन के क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

## खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के प्रभाव से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहनः** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 30 रिंगिट उतरकर 4010 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.40 सेंट की गिरावट लेकर 50.06 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहनः दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाजः अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहनः चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेलः सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 19047 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14835 रुपये, पाम ऑयल 13553 रुपये और वनस्पति तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## राम मंदिर में लगा 44 फिट ऊंचा ध्वज दंड

**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या में स्थित राम मंदिर में 500 साल बाद ध्वज दंड की स्थापना के मौके पर माहौल जय श्रीराम के नारे से गुंजायमान हो गया। यह ध्वज दंड गुजरात में तैयार किया गया, जो 44 फिट है और वजन करीब 5 टन है। मंगलवार को वैशाख शुक्ल द्वितीया 29 अप्रैल 2025 को प्रभु श्रीराम के जन्मस्थल पर बने भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर पावन ध्वज दण्ड का प्रतिष्ठापन सुबह 6:30 बजे विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच पूरा हुआ।

लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस अनुष्ठान के बाद सुबह 8 बजे जैसे ही ध्वज दण्ड प्रतिष्ठित हुआ, पूरी अयोध्या नगरी 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठी। यह ध्वज दंड सिर्फ एक प्रतीक नहीं है, बल्कि यह धर्म, संस्कृति और भक्ति का अद्वितीय चिन्ह है। यह ध्वज प्रभु श्रीराम के अद्भुत, मर्यादा और आदर्शों का प्रतिनिधित्व करता है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने इस ऐतिहासिक क्षण की तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में मंदिर का गौरवमय स्वरूप और दिव्यता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चंपत राय ने बताया कि ध्वज दंड स्थापना का यह काम शास्त्रेक्त विधि और गुरुजनों के मार्गदर्शन में पूरा हुआ, जिससे मंदिर की आभा और भी निखर उठी है। इस खास अवसर पर मंदिर परिसर में मौजूद संतों, पुजारियों और राम भक्तों ने सामूहिक रूप से वैदिक मंत्रोच्चार और प्रभु श्रीराम के भजन-कीर्तन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पीएम की ...** कल्पना से परे सख्त सजा दी जाएगी। यह पाकिस्तान की ओर इशारा माना जा रहा है, जिसका भारत में आतंकवाद फैलाने का इतिहास रहा है। इससे पहले आज केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने भी एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें तीन अर्धसैनिक बलों के प्रमुख और दो अन्य सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। हालांकि बैठक के एजेंडे पर कोई आधिकारिक जानक. ारी नहीं दी गई। इससे पहले सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की थी। यह बैठक उस दिन हुई, जब सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राजनाथ सिंह को पहलगाम आतंकी हमले के बाद लिए गए कुछ फैसलों की जानकारी दी। पहलगाम हमले के बाद सरकार ने एक सर्वदलीय बैठक भी बुलाई थी। इसमें विपक्षी दलों ने आतंकियों के खिलाफ सरकार किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन देने की बात कही। हमले के अगले दिन कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक भी हुई थी। इस बैठक में बताया गया कि इस आतंकी हमले के तार सीमा पार से जुड़े हुए हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब जम्मू-कश्मीर में चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं और राज्य धीरे-धीरे आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है। सीसीएस की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े फैसले लिए गए थे। इसमें सिंधु जल संधि को तत्काल स्थगित करना, अटारी चेक पोस्ट को बंद करना, पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा के तहत भारत में प्रवेश की अनुमति खत्म करना, पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सेना के सलाहकारों को एक हफ्ते के भीतर देश छोड़ने का आदेश जैसे फैसले शामिल थे।

## सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना वक्त की जरूरतः राहुल

**रायबरेली, वार्ता**



■ दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे राहुल

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को रायबरेली पहुंचे। सुबह जैसे ही वह अमौसी एयरपोर्ट पहुंचे, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी और पार्टी विधायक आराधना मिश्रा 'मोना' ने उनका स्वागत किया। कांग्रेस ने रायबरेली और अमेठी को लेकर अपनी रणनीति में बदलाव किया है।

एयरपोर्ट से राहुल गांधी सीधे रायबरेली के कुंदनगंज पहुंचे, जहां उन्होंने विशाखा इंडस्ट्री लिमिटेड परिसर में स्थापित दो मेगावाट के सोलर रूफटॉप प्लांट और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन 'एटम इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट' का उद्घाटन किया। इस मौके पर स्थानीय कांग्रेस नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और उद्योगिक इकाई के कर्मचारियों मौजूद रहे। राहुल गांधी ने इस मौके पर कहा कि सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देना वक्त की जरूरत है। इससे पर्यावरण को फायदा होगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वो हरित ऊर्जा क्षेत्र में आगे आएं और देश को आत्मनिर्भर बनाएं। इसके बाद राहुल गांधी शहर के सिविल लाइन चौराहे पहुंचे, जहां उन्होंने नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण किया। यहां भी भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। बोस की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद राहुल गांधी बचत भवन पहुंचे, जहां वह केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित दिशा समिति की बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में जिले के विधायक, जिलाधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### वो चुप रहे, मुझे बोलना पड़ाः मंत्री

दिशा बैठक से निकलने के बाद योगी सरकार में राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बैठक के बारे में जानकारी दी और राहुल गांधी के चुनाव के पहले चुरूवा स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने और बाद में दर्शन न करने के सवाल पर निशाना भी साधा। दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी को नकली गांधी और फसली हिन्दू बताते हुए कहा कि बैठक से पहले पहलगाम के शहीदों को उन्होंने श्रद्धांजलि देना भी उचित नहीं समझा उन्होंने दावा किया कि बैठक के अध्यक्ष के नाते श्रद्धांजलि का प्रस्ताव उन्हें लाना चाहिए था, लेकिन वो चुप रहे। जिसके बाद मुझे बोलना पड़ा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडजांगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK

तापमान अधिकतम :34°C न्यूनतम: 21°C
सेंसेक्स निफ्टी 80,288.38 24,335.95
सोना चांदी 98,835 1,00,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 30 अप्रैल 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 108 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 1 जिलकदा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**कनाडा चुनाव में रचा गया इतिहास, फिर जीती ट्रूडो की पार्टी**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**पहली गेंद पर छक्का लगाना मेरे लिए आम बात: वैभव**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## भारत का लड़ाकू विमान गिराने का पाकिस्तानी सेना का दावा झूठा: सरकार

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान समर्थित अनेक सोशल मीडिया खातों में भारतीय वायुसेना के एक लड़ाकू विमान को गिराए जाने के दावे को झूठ बताते हुए कहा है कि यह भ्रामक तथा निराधार दुष्प्रचार है और भारत का कोई विमान नहीं गिराया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि पाकिस्तान का समर्थन करने वाले अनेक सोशल मीडिया खाते झूठा दावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास भारत के राफेल लड़ाकू विमान को गिरा दिया है। पत्र सूचना कार्यालय ने कहा है कि पाकिस्तान ने भारत के किसी लड़ाकू विमान को नहीं गिराया है। पाकिस्तान समर्थित सोशल मीडिया खातों में जो वीडियो साझा किया जा रहा है वह जून 2024 में महाराष्ट्र में दुर्घटनाग्रस्त हुए सुखोई-30 लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का है। पत्र सूचना कार्यालय ने लोगों को इस तरह के बिना प्रमाणित दावों से संबंधित पोस्ट को साझा करने में एहतियात बरतने की सलाह दी है।

## मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**अगरतला।** त्रिपुरा पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने के आरोप में यहां के गोमती जिले में महारानी निवासी समीद मिया नामक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि समीद गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने घर में नहीं रह रहा था। उसे सोमवार को सिपाहीजाला जिले के सोनामुरा के तेलकाजला इलाके से गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उपजे तनाव को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों से राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। हिंदू जागरण मंच के प्रतिनिधियों ने समीद मिया द्वारा प्रधानमंत्री के बारे में कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद मामला दर्ज कराया है। पुलिस आपत्तिजनक पोस्ट के पीछे के मकसद की जांच कर रही है।

## रेलवे परीक्षाओं में इलेक्ट्रॉनिक सामान पेन व पेंसिल बैन

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाओं में इलेक्ट्रॉनिक सामान के अलावा पेन, पेंसिल, टोपी, पर्स एवं पानी की बोतल लाने को भी प्रतिबंधित कर दिया है और परीक्षार्थियों को हाथों पैरों में मेहंदी लगा कर आने पर भी रोक रहेगी। रेल मंत्रालय ने सभी रेलवे भर्ती बोर्डों के अध्यक्षों को एक परिपत्र भेजा है जिसमें कॉल लेटर में दिए गए निर्देशों में संशोधन किया गया है। इसमें परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश के लिए प्रतिबंधित वस्तुओं की नई सूची जारी की गई है। परिपत्र में कहा गया है कि आरआरबी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में कुछ निश्चित नियम होते हैं, जिसके कारण परीक्षा केन्द्रों में कुछ वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

# जम्मू: सुरक्षा चिंताओं के बीच 48 पर्यटन स्थल बंद

■ जो पर्यटन स्थल खुले हैं वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में प्राधिकारियों ने सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए घाटी के कम से कम 48 रिजॉर्ट और पर्यटन स्थलों को 'बंद' कर दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यह निर्णय पिछले सप्ताह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद सभी जिलों में किए गए व्यापक सुरक्षा ऑडिट के बाद लिया गया है। हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय निवासी मारे गए थे। सुरक्षा ऑडिट का उद्देश्य सुरक्षा चूक का आकलन करना और सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा उपायों को मजबूत करना था। पर्यटकों के लिए अब प्रतिबंधित प्रमुख स्थलों में बांदीपोरा जिले में गुरेज घाटी, बड़गाम में यूसमर्ग और दूधपथरी, दक्षिण कश्मीर में अहरबल, कोंसरनाग और वेरीनाग, बारामूला में कमान पोस्ट और कुपवाड़ा में सुरम्य बंगस घाटी शामिल हैं। एक अधिकारी ने कहा कि यह बंद अस्थायी है और आने वाले दिनों में बदलती सुरक्षा स्थिति के आधार पर इसकी समीक्षा की जाएगी। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि जो पर्यटक स्थल खुले हैं, वहां पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। केन्द्रशासित प्रदेश वन विभाग ने भी पर्यटकों के लिए अपने सभी ट्रैकिंग रूट बंद कर दिए हैं। पिछले चार वर्षों में स्थानीय और गैर-स्थानीय दोनों तरह के पर्यटक कश्मीर के मैदानों और अल्पाइन ट्रेल्स पर खास तौर पर गर्मियों के ट्रैकिंग सीजन के दौरान आते रहे हैं।



## पाकिस्तानी सेना ने लगातार 5वीं रात नियंत्रण रेखा पर की गोलीबारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान और भारत के बीच लगातार पांचवीं रात गोलीबारी हुई। सेना ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम उल्लंघन की खबरें कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामूला जिलों और जम्मू के अखनूर सेक्टर से आई हैं। सेना ने मंगलवार को कहा कि 28-29 अप्रैल 2025 की रात को, पाकिस्तानी सेना ने कुपवाड़ा और बारामूला जिलों के साथ-साथ अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना ने उकसावे का जवाब दिया। गोलीबारी के दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# एक लाख का इनामी जितेंद्र मुठभेड़ में ढेर

मैनपुरी, वार्ता

**उत्तर प्रदेश** में मैनपुरी के एलाऊ क्षेत्र में सोमवार देर रात एसटीएफ और स्थानीय पुलिस के साथ एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक दुर्दांत अपराधी को मार गिराया गया।

मैनपुरी जिले की पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में एलाऊ क्षेत्र में बीती देर रात को हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी बदमाश मारा गया। मारे गए बदमाश पर हाथरस जिले के राशन डीलर योगेश उपाध्याय की हत्या सहित कई अन्य मामले दर्ज थे। एलाऊ थाना क्षेत्र के तारापुर कट पर जितेंद्र उर्फ जीतू निवासी हाथरस और एसटीएफ की टीम के बीच हुई मुठभेड़ में जितेंद्र मारा गया। खुद को पुलिस से घिरा देख जितेंद्र ने पुलिस पर फायरिंग की। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में जितेंद्र गोली लगने से मारा गया।



## भारत-पाक के बीच तनाव का गुबार बरकरार

# पीएम की सेना को खुली छूट

## हाई लेवल मीटिंग में राजनाथ सिंह, सीडीएस व एनएसए डोभाल रहे मौजूद

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी इस बैठक का हिस्सा थे। बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। यह बैठक उस समय हुई है, जब दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे। सरकारी सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर करारी चोट करना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूरा विश्वास और भरोसा जताया। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें (सशस्त्र बलों को) हमारी प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी स्वतंत्रता है। पीएम मोदी ने वादा किया है कि इस हमले के पीछे जो आतंकवादी और उनके मददगार हैं, उन्हें दुनिया के आखिरी छोर तक ढूंढ कर -शेष पृष्ठ दो पर

■ शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक में कहा- जवाब कब व कैसे देना है, यह तय करने के लिए सेना स्वतंत्र

## पाक नागरिकों के मेडिकल वीजा की डेडलाइन भी खत्म

■ भारत नहीं छोड़ने पर तीन लाख जुर्माना व तीन साल जेल, अब तक 800 से ज्यादा पाक नागरिक लौटे

**नई दिल्ली।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के आदेश पर पाकिस्तानी नागरिकों के भारत छोड़ने का सिलसिला जारी है। मंगलवार सुबह अटारी बॉर्डर से बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिक भारत से वापस चले गए। मंगलवार को पाकिस्तानी नागरिकों को जारी मेडिकल वीजा की वैधता भी खत्म हो गई।

मेडिकल वीजा पर आए पाकिस्तानियों ने आज भारत नहीं छोड़ा, तो उन्हें गिरफ्तार कर केस चलाया जाएगा। उन्हें तीन साल जेल या तीन लाख रुपये जुर्माना या फिर दोनों की सजा हो सकती है। अटारी बॉर्डर पर प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण पाल ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिकों के लिए शॉर्ट टर्म वीजा की वैधता 27 अप्रैल को ही खत्म हो गई थी। सोमवार तक 800 से ज्यादा पाकिस्तानी नागरिक अटारी बॉर्डर के जरिये भारत से गए हैं। वहीं, 1000 भारतीय नागरिक पाकिस्तान से भारत वापस लौटे हैं। भारत सरकार ने 25 अप्रैल को पाकिस्तानी नागरिकों के देश से जाने के आदेश को लेकर नोटिस जारी किया था।

# पहलगाम हमला: खड़गे व राहुल ने की विशेष सत्र बुलाने की मांग

■ कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले के कारण उपजी स्थिति पर विचार विमर्श के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को सोमवार को लिखे अलग- अलग पत्र में कहा है कि यह वक्त देश की एकजुटता को प्रदर्शित करने का है, इसलिए संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाकर यह कड़ा संदेश देना आवश्यक है कि देश संकट की घड़ी में एकजुट है। पार्टी ने दोनों पत्र मंगलवार को मीडिया के लिए जारी किए हैं।इस समय जब एकता और एकजुटता बहुत जरूरी है, विपक्ष का मानना है कि संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाना जरूरी है। यह 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए क्रूर आतंकी हमले से निपटने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प और इच्छाशक्ति का एक शक्तिशाली प्रदर्शन होगा।

## IMF के पाकिस्तान को ऋण देने के प्रस्ताव का विरोध करे भारत: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) अपने लचीलापन और स्थिरता सुविधा नीति के तहत पाकिस्तान को भारी भरकम ऋण देने के लिए अगले माह बैठक कर रहा है, जिसका भारत को कड़ा विरोध करना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने घोषणा की है कि उसकी कार्यकारी बोर्ड की बैठक नौ मई को होगी, जिसमें लचीलापन और स्थिरता सुविधा के तहत पाकिस्तान को 13,000 लाख डॉलर के नए ऋण के अनुरोध पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपेक्षा करती है कि भारत, आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान के लिए प्रस्तावित इस सहायता का दृढ़ता से विरोध करेगा।

## बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की भी यूपी से होगी विदायी

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश से शत-प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी सुनिश्चित करने के बाद सुरक्षा बलों के निशाने पर अब बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए हैं।

अधिकृत सूत्रों के अनुसार राज्य में बांग्लादेशी और रोहिंग्या की तलाश तेज कर दी गई है। पाकिस्तानियों के बाद रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हें खदेड़ा जाएगा। इसके लिए सभी जिलों के पुलिस प्रमुखों और गुप्तचर एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी जिलों के डीएम, कप्तान और पुलिस कमिश्नर को निर्देश भेजे गए कि नाम बदल कर रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की तलाश तेज की जाए ताकि उन्हें उनके गंतव्य की ओर रवाना किया जा सके।

## अहमदाबाद में बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर एक्शन

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के चंडोला तालाब क्षेत्र में मंगलवार से बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है। गुजरात पुलिस ने सोमवार रात से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। यहां 50 बुलडोजर और 36 डंपर लगाए गए हैं। अब तक की 2000 वर्ग गज यानी 18 हजार वर्ग फुट में फैले क्षेत्र के अतिक्रमण को साफ किया जा चुका है।

# राजस्थान में रिकॉर्ड गर्मी यूपी में छाये रहे बादल

■ जैसलमेर-बाड़मेर में पारा 46 डिग्री पार, बिहार में आंधी- तूफान का येलो अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। राजस्थान में सोमवार को गर्मी ने 7 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। जैसलमेर में दिन का तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस था।

यह अप्रैल महीने में अब तक का सबसे ज्यादा तापमान है। इससे पहले जैसलमेर में 30 अप्रैल 2018 को तापमान 46.1 डिग्री था। जैसलमेर के अलावा बाड़मेर में तापमान 46.4 डिग्री दर्ज हुआ। जोधपुर में पारा 44.4 डिग्री पहुंच गया। जयपुर, अलवर, भीलवाड़ा समेत बाकी शहरों में भी तापमान 40 डिग्री के ऊपर रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में दो दिन भीषण गर्मी होगी। दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश और यूपी में मंगलवार को बारिश का अलर्ट है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। मध्य प्रदेश में 2 मई और यूपी में 3 मई तक बूंदाबांदी जारी रहेगी। लखनऊ में सुबह से बादल छाए हैं। ठंडी हवाएं चल रही हैं। यूपी के 35 से ज्यादा जिलों का तापमान 40 डिग्री से कम हो गया है।

# पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले की पीट-पीटकर हत्या

बेंगलुरु, वार्ता

■ पुलिस ने घटना के सिलसिले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया

**कर्नाटक के गृह मंत्री** डा. जी. परमेश्वर ने मंगलवार को बताया कि मंगलुरु में एक स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान एक व्यक्ति की कथित तौर पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने पर दर्शकों में आक्रोश फैल गया और उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने घटना के सिलसिले में करीब 12 लोगों को गिरफ्तार किया है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विवाद तब शुरू हुआ जब व्यक्ति को मैच के दौरान कथित तौर पर नारे लगाते हुए सुना गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि लोगों के एक समूह ने हिंसक प्रतिक्रिया व्यक्त की और मौके पर ही उस व्यक्ति पर हमला कर दिया। शुरू में माना जा रहा था कि व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, लेकिन बाद में अधिकारियों ने पुष्टि की कि पीड़ित चोटों के कारण सदमे में था और फिर दम तोड़ दिया। कानून प्रवर्तन अधिकारी मौके पर पहुंचे और कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और घटनाओं के क्रम का पता लगाने और नारे के दावे की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए जांच चल रही है। मृतक की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है और अधिकारियों को अभी भी इसमें शामिल लोगों की सांप्रदायिक पृष्ठभूमि की पुष्टि करनी है। घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डा. परमेश्वर ने जनता से शांत रहने और समय से पहले निष्कर्ष निकालने से बचने का आग्रह किया।

# टैलेंट, टेम्परामेंट और टेक्नोलॉजी भारत का भविष्य बदलेगी: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: एआई को देश के लिए उपयोगी बनाएगी सरकार

■ 25 साल में विकसित भारत बनाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में वाईयूजीएम कॉन्क्लेव में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि टैलेंट, टेम्परामेंट और टेक्नोलॉजी ही भारत के भविष्य को ट्रांसफॉर्म करेगी। हमारा मकसद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भारत के लिए मददगार बनाना है।

मोदी ने कहा कि हमें भविष्य की हर तकनीक में भारत को दुनिया में सबसे बेहतर बनाने के लिए काम करना होगा। भारत में दुनिया के टॉप संस्थानों के कैंपस खुलने की शुरुआत हो चुकी है। अब विदेशों में हमारे प्रमुख संस्थानों के कैंपस खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 साल की समयसीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं। इसलिए यह जरूरी है कि हमारे विचार से लेकर प्रोटोटाइप तक का सफर भी कम से कम समय में पूरा हो। कॉन्क्लेव का मकसद इनोवेशन का एक इकोसिस्टम बनाना है, जिससे निजी क्षेत्र के निवेश को रिसर्च के क्षेत्र में बढ़ावा दिया जा सके। कॉन्क्लेव के जरिये गवर्नमेंट, एकेडेमिया, इंडस्ट्री और इनोवेशन क्षेत्र के प्रमुख लोगों को एक साथ लाना है। इसके लिए कान्क्लेव में हाई लेवल मीटिंग्स और पैनल डिस्कशन होंगे। इनमें सरकारी अधिकारी, प्रमुख उद्योगपति और शिक्षाविद शामिल होंगे। साथ ही कॉन्क्लेव में इनोवेशन क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए करीब 1,400 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसमें सरकार और गैर-सरकारी संस्थाओं ने निवेश किया है। इस कार्यक्रम से कई अहम प्रोजेक्ट्स की शुरुआत होगी। आईआईटी कानपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई और इंटेलिजेंट सिस्टम का सुपरहब बनेगा। आईआईटी बॉम्बे में बायोसाइंसेज, बायोटेक्नोलाजी, हेल्थ और मेडिकल के क्षेत्र में सुपरहब स्थापित किए जाएंगे। कई प्रमुख रिसर्च इंस्टीट्यूट्स में वाधवानी इनोवेशन नेटवर्क (विन) सेंटर्स की स्थापना की जाएगी, ताकि रिसर्च वर्क को बिजनेस लेवल तक लाया जा सके। कॉन्क्लेव में स्पेशल स्टार्टअप्स की प्रदर्शनी भी लगेंगी इस कान्क्लेव में पूरे भारत से बेहतरीन डीप टेक स्टार्टअप्स के इनोवेशंस को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

# पेगासस रिपोर्ट सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

## कहा: देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी जानकारी सड़क पर चर्चा के लिए नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पेगासस जासूसी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट ने इन्कार कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटेश्वर सिंह की बेंच ने मंगलवार को कहा कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया जाएगा।

बेंच ने कहा कि व्यक्तिगत आशंकाओं का समाधान किया जा सकता है, लेकिन टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सड़कों पर चर्चा के लिए नहीं हो सकती। इस बात की जांच करनी होगी कि जानकारी किस हद तक साझा की जा सकती है। अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी। 2021 में एक पोर्टल ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि केंद्र सरकार ने 2017 से 2019 के दौरान करीब 300 भारतीयों की पेगासस स्पाइवेयर के जरिये जासूसी की। इनमें पत्रकार, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, विपक्ष के नेता और बिजनेसमैन शामिल थे। अगस्त 2021 में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने अक्टूबर 2021 में जांच के लिए रिटायर्ड जस्टिस आरवी रवींद्रन की अध्यक्षता में कमेटी बनाई। अगस्त 2022 में इसकी रिपोर्ट आई। इसमें कहा गया कि 29 फोन की जांच की गई, उनमें पेगासस का कोई सबूत नहीं मिला, लेकिन उनमें से 5 में मैलवेयर पाया गया।

**इस बात की जांच करनी होगी जानकारी किस हद तक साझा की जा सकती है**



याचिकाकर्ता के वकील श्याम दीवान ने 22 अप्रैल को मामला सुप्रीम कोर्ट में उठाया था। उन्होंने सीलबंद लिफाफे में सौंपी गई रिपोर्ट को बिना किसी संशोधन के सार्वजनिक करने के निर्देश देने की मांग की। उन्होंने कहा कि 2021 में बनाए गए टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सभी को देने का निर्देश दिया गया था, लेकिन ऐसी कोई रिपोर्ट शेयर नहीं की गई। पेगासस मामले में पत्रकार परंजाय गुहा ठाकुरता की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि व्हाट्सएप ने खुद ही खुलासा किया है कि हैकिंग हुई थी। उस समय सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने भी हैकिंग होने के संकेत नहीं दिए थे। यहां तक कि एक्सपर्ट्स ने भी ऐसा नहीं कहा था। अब आपके पास व्हाट्सएप से मिला सबूत है। हम उसे सार्वजनिक करेंगे। पेगासस जांच रिपोर्ट का संशोधित हिस्सा उन लोगों को मिलना चाहिए, जिनकी जासूसी हुई है। हालांकि केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ स्पाइवेयर का इस्तेमाल करने में कुछ भी गलत नहीं है और उन्हें निजता का अधिकार नहीं दिया जा सकता। भारत सरकार ने 2017 में इजरायली कंपनी एनएसओ ग्रुप से जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस खरीदा था।

# अज्ञात चोरों ने दो पत्रकारों की दुकानों पर की चोरी

**घटना थाना रोड पर कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर हुई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर ही एक अज्ञात चोर ने दो पत्रकारों की दुकानों के ताले तोड़कर लाखों रुपये की संपत्ति ही साफ कर पुलिस में हड़कंप मचा दिया और पुलिस की गश्त पर सवालिया निशान लगा दिया। पुलिस ने भी घटना को चौलेंज के रुप में स्वीकार कर अज्ञात चोर की तलाश शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर पत्रकार नरेंद्र सैनी का मेडिकल स्टोर व पत्रकार डाक्टर बासित सैफी के क्लीनिक का ताला तोड़कर दोनों स्थानों से नगदी सहित लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। घटना का पता मंगलवार की सुबह उस समय लगा जब दोनों पत्रकार अपने अपने प्रतिष्ठान को खोलने के लिए आए। घटना की सूचना मिली तो पुलिस में हड़कंप मच गया और पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजें खंगाली तो एक युवक चोरी करता दिखाई दिया।

पुलिस ने अज्ञात चोर की तलाश शुरु कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए दोनों पत्रकारों को आश्वासन दिया कि उक्त घटना का खुलासा एक दो दिन में कर दिया जाएगा। राहुल मेडिकल स्टोर के स्वामी विनोद सैनी ने बताया उनके गल्ले में हजारों रूपये की नकदी रखी हुई थी। जहाँ



चोर बड़े आराम से दुकान के ताले तोड़कर हजारों रूपये चोरी करके ले गया। दूसरी दुकान के स्वामी डॉक्टर बासिद ने बताया कि चोर ने दुकान के ताले तोड़े। फिर अंदर गेट का शीशा तोड़कर दुकान से हजारों रूपये का कीमती समान चोरी करके ले गया। बताया जाता है कि जहां पर घटना हुई है वहां से बुढ़ाना कोतवाली चंद कदमों की दूरी पर है। रात्रि मे गश्त होने के बाद भी चोरी होना बुढ़ाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खडे कर रहा है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद न्यायाधीश डॉ अजय कुमार के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शि. विर एस डी इंजीनियरिंग कॉलेज जानसठ रोड में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपार जनपद न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीतिश सचद. ेवा विशिष्ट अतिथि मिशन शक्ति कोऑर्डिनेटर बीना शर्मा एक्सेस तो जस्टिस प्रोजेक्ट लीडर गजेंद्र सिंह एवं विद्यालय निदेशक ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया मुख्य अतिथि ने उपस्थित छात्राओं को विधिक जानक. ारी देते हुए अपने अधिकार एवं करते हुए के बारे में जागरूक किया एवं समाज में होने वाले अपराध के प्रति लोगों को जागरूक करने को कहा विशिष्ट अतिथि बीना शर्मा ने बालिक. ाओं को सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर वूमेन पावर लाइन 1090 पुलिस प्रशासन 112 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं महिलाओं के अधिकार यौन उत्पीड़न यौन हिंसा घरेलू हिंसा आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत नारी सुरक्षा नारी सम्मान आदि पर चर्चा की एक्सेस टू जस्टिस संस्था ग्रामीण समाज विकास केंद्र से गजेंद्र सिंह ने अक्षय तृतीया पर महत्व डालते हुए नाबालिक बालिक. ाओं का बाल विवाह होने के प्रति जागरूक किया एवं बताया 18 वर्ष से पूर्व बालिका एवं 21 वर्ष से पूर्व बालक की शादी करना कानून अपराध है इसमें सम्मिलित प्रत्येक व्यक्तियों को न्यूनतम 200000 तक जुर्माना एवं 2 वर्ष तक की कैद का प्रावधान है कार्यक्रम के अंत में संस्था के लीडर ने बालिकाओं को बाल विवाह मुक्त भारत के लिए शपथ दिलाई और कहा समझ में कहीं पर भी अगर ऐसा करते होता हुआ मिलता है।

उसके विरुद्ध आवाज़ उठाएं और बाल विवाह की सूचना सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं पुलिस प्रशासन 112 पर सूचना दें कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रगति शर्मा द्वारा आए हुए अतिथियों को विद्यालय प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम के लिए आग्रह किया कार्यक्रम को सफल बनाने में थाना मानव तस्करी विरोधी से हेड कांस्टेबल अमरजीत जी थाना प्रभारी सर्वेश कुमार पैरालीगल वॉलंटर धनीराम जी एवं गौरव मालिक विद्यालय शिक्षक आदि लोग उपस्थित रहे।

## सपा का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा मुजफ्फरनगर

**चांदपुर।** अखिलेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के आदेश अनुसार श्याम लाल पाल प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर एक प्रतिनिधि मंडल ने मुजफ्फरनगर में मृतक शुभम पाल के निवास स्थान पर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी। जिया चौधरी जिला अध्यक्ष मुजफ्फरनगर, हरेंद्र सिंह मलिक सांसद मुजफ्फरनगर, राकेश शर्मा राष्ट्रीय सचिव, डॉक्टर लाखन सिंह पाल प्रदेश सचिव पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश, विनय पाल, पुष्पेंद्र त्यागी, डॉक्टर अविनाश, कपिल रविंद्र प्रधान, तृप्ति पाल, पवन पाल आदि शुभम पाल के घर पहुंचे जहाँ पर ई रिक्शा चालक के परिवार का हाल-चाल पूछ और दुख की घड़ी में उनके साथ साथ देने का आश्वासन दिया। बदमाशों द्वारा मौत का शिकार हुए मृतक के पिताजी कृष्ण पाल और माता जी को सांत्वना देते हुए हरेंद्र मलिक ने उनके छोटे बेटे बंटी को तत्काल प्राइवेट सेक्टर में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया।

## बाईक चालक से मारपीट

**भोपा।** देर शाम मुजफ्फरनगर से घर वापिस लौट रहे बाईक सवार चालक के साथ रास्ते मे लिफ्ट लेकर सवार हुए गांव के ही व्यक्ति ने चालक को गलियां देकर मारपीट की। पीड़ित के साथ थाने पहुंचे भीम आर्मी कार्यकर्ताओ ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मलपुरा निवासी जोनी ने सोमवार रात भीम आर्मी कार्यकर्ताओं के साथ भोपा थाने पर पहुंचकर बताया कि देर शाम वह अपना काम निपटाकर मुजफ्फरनगर से वापस गांव लौट रहा था। पीड़ित ने बताया कि जब वह मलपुरा के पास टड्बवेल पर पहुंचा तो वहां मौजूद टड्बवेल मालिक ने अपने पास खड़े गांव निवासी व्यक्ति को बाईक पर बैठाकर घर छोड़ने के लिए कहा जिसपर जॉनी ने उस व्यक्ति को अपनी बाईक पर बैठाकर उसके घर छोड़ने चला गया। आरोप है कि जब जॉनी आरोपी को घर छोड़कर वापस अपने घर जा रहा था तभी आरोपी अकारण ही जॉनी के साथ गाली गलौच करने लगा और मारपीट करते हुए जातिसूचक शब्द कहे। घटना को लेकर रोष व्याप्त हो गया। भीम आर्मी कार्यकर्ताओ ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# पाकिस्तान को सबक सिखाना है, तो योगी आदित्यनाथ के हाथ में दें बागडोर : राजबीर सिंह वर्मा

**खतौली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में गुस्सा उबाल मार रहा है। इसी बीच, क्षेत्रीय विकास पार्टी के अध्यक्ष राजवीर सिंह वर्मा ने केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग कर दी है। पार्टी का कहना है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने का माद्दा अब केवल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में ही बचा है। जिस देश की सरहदें खून से लाल हो रही हों, वहां के प्रधानमंत्री दुबई में व्यस्त हों और गृहमंत्री कालीन बिछवाने में, यह ख्रश्य शर्मनाक और निंदनीय है। पार्टी अध्यक्ष ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि पहलगाम जैसे संवेदनशील इलाके में न तो कोई फौजी तैनात था, न कोई पुलिस सुरक्षा, यह अपने आप में सरकार की घोर लापरवाही को उजागर करता है।

मोदी और शाह से पाकिस्तान को



जवाब देना संभव नहीं। अगर पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर सबक सिखाना है, तो देश की बागडोर अब योगी आदित्यनाथ को सौंप देनी चाहिए। विकास के मोर्चे पर भले ही योगी आदित्यनाथ का दिमाग ज्यादा न चले, लेकिन पाकिस्तान को मुँहतोड़ जवाब देने के लिए उनका दिमाग एक 'मानव बम' की तरह है, जो दुश्मन की धरती पर फट सकता है। देश को इस समय न बहाने चाहिए, न बयानों की राजनीति। देश को चाहिए एक ऐसा नेता जो जवाब दे, गोली से, बम से, धमाके से और वह नेता है योगी आदित्यनाथ क्षेत्रीय विकास पार्टी ने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी ने 2014 में जनता से वादा किया था कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करेंगे, 2019 में फिर से वादा दोहराया गया, लेकिन परिणाम क्या हुआ? कश्मीर आज भी खून से सना हुआ है, पाकिस्तान आज भी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा।

देश को अब शडिप्लोमेसीश नहीं, श्धमाकेश् चाहिए। देश को अब श्समझौतेश् नहीं, श्सर्जिकल स्ट्राइकश् चाहिए। देश को अब श्विकासश् नहीं, श्पाकिस्तान का विनाशश् चाहिए। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ही वह शख्स हैं जो पाकिस्तान के खिलाफ ऐसी निर्णायक कार्रवाई कर सकते हैं कि फिर दुश्मन दोबारा भारत की तरफ आंख उठाकर देखने की भी हिम्मत न करे। अगर आज भी मोदी सरकार में आत्मा बची हो, तो पाकिस्तान पर बमबारी कर उसे कीड़े-मकोड़े की तरह मसल देना चाहिए, तभी देश को ब्विास होगा कि उसकी चुनी हुई सरकार उसके दर्द को समझती है,ष पहलगाम जैसे क्षेत्र में सुरक्षा इंतजाम क्यों नहीं थे? जब आतंकी हमले की आशंका पहले से थी, तो सरकार सोती क्यों रही? क्या आम नागरिकों की जान की कोई कीमत नहीं रही? अंत में क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह वर्मा ने स्पष्ट मांग की, कि देशहित में मोदी-शाह को त्यागपत्र देना चाहिए और योगी आदित्यनाथ जैसे नेतृत्व को देश की बागडोर सौंपनी चाहिए, ताकि भारत का दुश्मन अंततः खत्म हो सके।अब बहुत हुआ इंतजार, अब चाहिए पाकिस्तान के खिलाफ आर-पार!

# इंटरनेशनल डांस डे पर जीडी गोयनका में बच्चों की शानदार प्रस्तुति

**मुजफ्फरनगर।** जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल, मुजफ्फरनगर के प्रांगण में 'इंटरनेशनल डांस डे' बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 'इंटरनेशनल डांस डे हर साल पूरे विश्व में 29 अप्रैल को मनाया जाता है, इसको मनाने का उद्देश्य ब्विव में नृत्य को बढ़ावा देना तथा नृत्य से सम्बंधित प्रतिभाओं को आगे लाना एवं प्रोत्साहित करना है । कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रबंधक समिति से श्रीमती मीना गोयल जी का स्वागत करके किया गया।विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक और सौहार्दपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर स्कूल के विभिन्न कक्षा के विद्यार्थियों ने वेस्टर्न, मराठी, पंजाबी, कथक, आदि राज्यों के नृत्य प्रस्तुत किए जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋचा तिवारी जी ने छात्रों का



उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नृत्य एक कला है, जिसके जरिए मन में उमड़े खुशी के भाव को बिना कुछ बोले दूसरों के सामने व्यक्त किया जा सकता है, जिससे मनोबल भी बढ़ता है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि नृत्य मान. सिक तनाव से मुक्ति देता है और यह एक एक्सरसाइज का जरिया भी है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य के लिए इन बातों को ध्यान में रखकर ऐसे संभव प्रयास किए जाते हैं जिससे वे प्रत्येक गतिविधि का लाभ प्राप्त कर अपना मानसिक व बौद्धिक विकास कर सकें। उन्होंने कहा कि स्कूल की तरफ से बच्चों के ज्ञान व स्वास्थ्य से संबंधित गतिविधियां समय-समय पर करवाई जा रही हैं। इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है एवं छात्रों का बहुआयामी विकास होता है।

# धूमधाम से मनाया गायत्री शक्तिपीठ का 25वां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ स्थित गायत्री शक्तिपीठ का 25वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में नौकुण्डीय गायत्री महायज्ञ किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने आहूति दी। इस दौरान दूर दराज से आए श्रद्धालु मौजूद रहे और मंत्रोच. ारण करते हुए समूचे ब्विव कल्याण की प्रार्थना की। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

गायत्री परिवार की ओर से आयोजित एक दिवसीय नौकुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन हो गया। मुख्य ट्रस्टी अशोक वर्मा ने यज्ञ का जीवन में महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जीवन में अपने लिए कठोर और दूसरों के लिए उदार रहें। सफलता के लिए समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी और बहादुरी चार सूत्र जरूरी हैं।

वहीं प्रसन्न रहने के लिए आवश्यकताएं कम करें और परिस्थितियों से तालमेल बैठाएं। आयोजित यज्ञ में पवित्र अग्नि के समक्ष श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर ब्विव शांति एवं जनकल्याण की कामना की। यज्ञ के दौरान गायक डॉ. ओमपाल सिंह चौहान ने प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर ट्रस्टी पुष्पेन्द्र मलिक, मा0 सोमपाल सिंह, देवशरण त्यागी, एड. राजेश्वरी देवी, एनएस त्यागी, व्यवस्थापक विजेन्द्र शर्मा, नेपाल से आए अर्जुनदेव परिव्रजक, चौ. उदयवीर सिंह राठी, नेहा पाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज भारद्वाज ने किया। हवन यज्ञ के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके उपरांत सभी ने मुख्य गंगा घाट पहुंचकर निर्मल गंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया।



गायत्री शक्ति पीठ के स्थापना दिवस पर आए श्रद्धालु।

# बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सनातन धर्म कॉलेज के सरस्वती सभागार में अर्थशास्त्र विभाग एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत मुख्य वक्ता के रूप में भौतिक विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नेहा कनौजिया उपस्थित रही। जिन्होंने आईपीआर इन डिजिटल एज चौलेंजिस एंड ऑपच्यरुनिटीजष शीर्षक पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. कनौजिया ने अपने व्याख्यान में बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व को बताते हुए आधुनिक डिजिटल युग में आईपीआर से संबंधित विभिन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रीतम सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा किया गया कार्यक्रम के अंत में शुभी चौरसिया, असिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा लडका समीर मेरे व परिवार के कहने सुनने से बाहर है। गलत लोगों की संगत में रहकर मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार करता है। समीर के गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण परिवार की समाज में बदनामी हो रही है। जिस कारण मैने व परिवार ने उससे सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके किसी भी गैर कानूनी कार्य अथवा लेनदेन की मेरी व परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेन देन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मौसम पुत्र इकरामुदीन**
**निवासी-बिस्मिल्ला मस्जिद, जामिया नगर, थाना खालापार, जिला मुजफ्फरनगर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र जानिब त्यागी मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है गलत किस्म के लोगो की संगत में रहकर मेरे व मां तथा भाई के साथ गाली गलौच व मारपीट पर उतारू हो जाता है और मुझे व भाई को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर नाजायज तरीके से रूपये व सम्पत्ति हडपना चाहता है। इसलिए मैने उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य व लेन देन की मेरी व मेरे परिवारजनो की जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी। जानिब स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मौ. ताजिम पुत्र**
**स्व. शरीफ अहमद**
**निवासी- ग्राम बरला थाना छपार, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर**

# किराएदार नहीं उठा पा रहे हैं पीएम सूर्यघर योजना का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार कक्ष में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैंक के अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष 7 दिन में लोन देने तथा 3 किलोवाट क्षमता तक के सोलर पावर प्लांट के लिए लोन लेने के लिए अनावश्यक रूप से कागज के लिए लाभार्थियों को परेशान न किया जाये तथा लाभार्थियों / वैण्डर्स से बैंक अधिकारियों द्वारा अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिये गये है। अग्रणी जिला प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि 02 लाख तक के लोन के लिए आधार कार्ड, बैंक पास बुक, 1 फोटो, बिजली बिल के आधार पर ही सभी बैंक लोन करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अग्रणी जिला प्रबन्धक को जनपद के सभी बैंक शाखाओं को अपने स्तर से इस सम्बन्ध में आदेशित करने के निर्देश दिये गये है। विद्युत विभाग के अधिकारियों को सत्यापन एवं स्मार्टमीटर/नेटनाटर स्थापना, मीटर रीडिंग के कार्यो को ससमय करने के निर्देश दिये गये है। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि 15 मई तक स्मार्टमीटर उपलब्भ करा दिये जायेगें। एसद्गबीद्गआई बैंक, केनरा बैंक, ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बडौदा लाभार्थियों से 3 किलोवाट संयंत्र की स्थापना हेतु लोन लेने पर छत का मालिकाना हक का प्रमाण-पत्र मांगते है। अग्रणी जिला प्रबन्धक बैंक को निर्देश दिया गया कि इस सम्बन्ध में सभी बैंको के अधिकारियों से समन्वय करते हुए आदेश निर्गत करें। संयंत्र सत्यापन रिपोर्ट/स्मार्टमीटर/नेटमीटर में आ रही समस्याओं के निराकरण समय पर कराये। अधीक्षण अभियन्ता स्वय इसका निरीक्षण करें। सभी वेण्डरों को गुणवत्तापूर्वक संयंत्रों की स्थापना किये जाने के निर्देश दिये गये। सभी वैण्डर्स को 50 हजार का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए मेन मार्किटों में बैनर, पोस्टर, पम्पलेट्स के द्वारा प्रचार-प्रसार कर संयंत्र की स्थापना गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिये गये है। परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा, मुजफ्फरनगर को निर्देश दिये गये कि अग्रणी जिला प्रबन्धक व विद्युत विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर संयंत्र स्थापना में आ रही समस्याओं का ससमय निराकरण करवायें तथा जनसमर्थ पोर्टल पर लोन हेतु कुछ बैंको के नाम नहीं दर्शाये जा रहे है। पोर्टल में आ रही समस्या का निराकरण करायें। बैठक में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता व अधिशासी अभियन्ता, अग्रणी जिला प्रबन्धक सबन्धित बैंक के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर जनपद के सभी वेण्डर्स ने प्रतिभाग किया।

# शुकतीर्थ ब्राह्मण आश्रम में मनाया भगवान परशुराम का प्रकट दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ स्थित ब्राह्मण आश्रम में भगवान परशुराम का प्रकट दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सुंदरकांड व भजन कीर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

समारोह में दण्डी आश्रम के प्रबन्धक मनोहरलाल शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम महान ओजस्वी, तपस्वी, यशस्वी योगी महापुरुष हुए हैं। युवा एकता सेवा संगठन के संस्थापक आचार्य वाग. ीश कौशिक ने भगवान परशुराम जी को भगवान विष्णु का छठा अवतार बताते हुए सर्व समाज का गौरव और शौर्य का प्रतीक बताया और उनकी पितृभक्ति को ब्विव में सर्वोच्च



बताया। समापन पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री किसान मोर्चा अमित राठी ने कहा कि भगवान परशुराम हमारी संस्कृति के आधार हैं।

अतः हम सबको भगवान परशुराम को अपने जीवन का आधार बनाना चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गौसेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव पंडित शुभम कौशिक, पं. विनोद शर्मा, प्रमोद सारस्वत, डॉ. संजू शर्मा, मुखिया, महकसिंह प्रधान, अनिल शर्मा, रोहिल, अमित शर्मा, रोहित शर्मा, मोनू चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# श्रीराम कॉलेज के पारंपरिक कलाओं की कार्यशाला सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** ललित कला विभाग ने हाल ही में पारंपरिक भारतीय कलाओं के उत्सव और संरक्षण के लिए समर्पित एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन किया। सर्वप्रथम कार्यशाला का उद्घाटन पारंपरिक कला के क्षेत्र की सुश्री राणा प्रवीण के प्रेरक मुख्य भाषण के साथ हुआ। अपने संबोधन में सुश्री राणा प्रवीण ने भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत को संरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया और नवोदित कलाकारों को पारंपरिक ढांचे के भीतर अन्वेषण और नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

पूरे सप्ताह प्रतिभागियों ने सुश्री राणा प्रवीण के नेतृत्व में गहन सत्रों में भाग लिया। इन जटिल कला रूपों में गहन ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। सुश्री राणा प्रवीण ने मीनाकारी, गोटा पटी, तजौर पेंटिंग और लिप्पन कला सहित विभिन्न पारम्परिक कला रूपों की ऐतिहासिक जानकारी दी। इसके पश्चात इन सभी कलाओं को उन्होंनें प्रयोगात्मक तरीके से सभी विद्यार्थियों को कार्य करवाया। विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला में भाग



लिया, और बड़े ही उत्साह के साथ अपने कार्य का प्रदर्शन किया। यह कार्यशाला एक सप्ताह तक चली। इस कार्यशाला में मीनाकारी, गोटा पटी, तंजौर पेंटिंग और लिप्पन कला सहित विभिन्न पारंपरिक कला रूपों में व्यावहारिक सत्र और प्रदर्शन शामिल थे। इस अवसर पर ललित कला विभाग के निदेशक डॉ मनोज धीमान ने बताया की ललित कला विभाग युवा पीढ़ी के बीच पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की पहल की मेजबानी जारी रखने की योजना पर काम रहा है। और जीवंत और संवादात्मक माहौल ने छात्रों और कला प्रेमियों को भारत की सांस्ख्रतिक जड़ों से निकटता से जुड़ने का मौका देता रहा है।अन्त में ललित कला विभाग के निद. ेशक डा0 मनोज धीमान ने सुश्री राणा प्रवीण को स्मृति चिन्ह और बुकें भेंट कर उनको सम्मनित किया। ललित कला विभाग की इस कार्यशाला को सफल बनाने में विभागाध्यक्षा मीनाक्षी काकरान, प्रवक्ता डॉ अनु, रजनीकांत, बिन्नू पुंडीर, रीना त्यागी, मयंक सैनी, अजित मन्ना, सोनी श्रीवास्तव, सिद्धार्थ, शहजादी और करुणाकर शर्मा ने योगदान दिया।

# भीषण गर्मी के चलते एसडीएम ने किया गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** एसडीएम खतौली मोनालिसा जौहरी जोकि हमेशा की तरह आज भी अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर रही थी जनसुनवाई करने के उपरांत मंगलवार को एसडीएम खतौली मोनालिसा जौहरी ने भीषण गर्मी के ख्रष्टिगत खतौली नगर पालिका में बनी गौशाला, नावला गौशाला, तिगाई गौशाला आदि का उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जितेंद्र कुमार के साथ स्थलीय निरीक्षण किया जिसमें उनके द्वारा वहां पर उपलब्ध चारे, भूसा, चोकर आदि के स्टॉक का निरीक्षण किया गया, गौ आश्रय स्थल पर तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया।

गोवंश को भीषण गर्मी से बचाव हेतु एसडीएम खतौली द्वारा वहां पर उपस्थित केयरटेकर को सभी गोवंश पर पानी का छिड़काव



द्धफोगिंगऋ व नियमित रूप से भूसे के साथ चोकर आदि व हरा चारा मिलाकर देने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। एसडीएम खतौली ने उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को समय समय पर गोवंश के स्वास्थ्य परीक्षण करने के भी निर्देश दिए। केयरटेकर को गो आश्रय स्थल में उपस्थित सभी गोवंश की अच्छे से देखभाल तथा साफ सफाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शोएब व उसकी पत्नी अनाबी का चाल चलन ठीक नहीं है तथा मेरे व परिवार के कहने सुनने में नहीं हैं गलत संगत मे पड गए हैं, जिस कारण मैने व परिवार ने शोएब व अनाबी से अपने समस्त प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर शोएब व अनाबी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य व लेन देन की मेरी या परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**अनवर अली पुत्र अकरम**
**निवासी-म.न.- 234 जसवंतपुरी, सरवट, थाना सिविल लाईन, जिला-मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मैने अपने नाम की स्पेलिंग HUSSAIN AHMAD से बदलकर HUSAIN AHMAD कर ली है। भविष्य में मुझे इसी नाम की स्पेलिंग से जाना जाए।

**हुसैन अहमद पुत्र श्री अजीज**
**निवासी 326 ग्राम रथेडी, थाना नई मंडी तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर**

### आतंकवाद के खिलाफ उठाई आवाज....

# जमीयत उलेमा ए हिंद ने निकाला मौन जुलूस

**बुढ़ाना।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में मंगलवार को कस्बे में जमीयत उलमा-ए-हिंद के तत्वावधान में एक विशाल मौन मार्च का आयोजन किया गया। इस मौन मार्च में बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिक. ारी, धार्मिक उलेमा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक, व्यापारी व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। मौन मार्च का उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराना और शहीद निर्दोष नागरिकों के प्रति खिराजे अकीदत पेश करना था। मौन मार्च में जमीयत उलमा-ए-हिंद बुढ़ाना के कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में विभिन्न संदेश लिखी तख्तियां थाम रखी थी। जिन पर आतंकवाद मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद, आतंक का कोई मजहब नहीं आतंकवाद नहीं चलेगा नहीं चलेगा जैसे नारे लिखे हुए थे। इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन ने कस्बे के नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया और हर वर्ग के लोगों ने मौन मार्च में सहयोग दिया। यह मौन छोटा बाजार से प्रारंभ होकर मुख्य बाज़ार, कांधला रोड, नगर पंचायत के सामने पीर शाह विलायत के सामने से होते हुए मदरसे में पहुंचा जहां मार्च समाप्त हुआ। मार्च के दौरान पूर्ण अनुशासन व शांति बनाए रखी गई। जमियत उलमा-ए-हिंद के कार्यकर्ताओं ने किसी भी प्रकार के नारेबाजी से बचते हुए उन्होंने केवल हाथों में संदेशों के माध्यम से अपना आक्रोश प्रकट किया। मौन मार्च के प्रारंभ होने से पूर्व जमीयत उलमा-ए-हिंद बुढ़ाना इकाई के कार्यवाहक नगर अध्यक्ष मुफ्ती फरमान क़ासमी, मुफ्ती असरार मज़ाहीरी, मौलाना खालिद क़ासमी, मौलाना अनस, हाफिज अब्दुल गफ्फार, मुफ्ती गुलफाम कासमी और मौहम्मद आसिफ कुरैशी ने आतंकवाद के विरोध में अपने अपने विचारों द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद न केवल मानवता का दुश्मन है बल्कि कायराना आतंकी हमले से निर्दोष लोगों की जान लेना बहुत ही शर्मनाक ओर निंदनीय कृत्य है। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे घिनौने कृत्य करने वालो की सजा सिर्फ ओर सिर्फ फांसी है।

वक्ताओं ने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद हर प्रकार के आतंकवाद की निंदा करता है। इस देश में हिंदू, मुस्लिम, सिख व ईसाई सभी एकजुट होकर आतंक के खिलाफ लड़ेंगे। भारत की एकता और भाईचारा किसी भी आतंकी साजिश से कमजोर नहीं होने वाला है। संयुक्त महासचिव हाफिज राशिद कुरैशी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए आतंकवाद के खिलाफ एलामियां पढ़कर सुनाया और कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद हमेशा से अमन, इंसानियत और राष्ट्रीय एकता के लिए कार्य करती रही है और करती रहेगी। सरकार से मांग की कि इस हमले में शामिल दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी बेगुनाह की जान ले लेना पूरी इंसानियत की हत्या है। मौन मार्च में हाफिज राशिद, मुफ्ती वसीम नफीस, मौलाना आसिफ इस्लाही, मौलाना सालिम क़ासमी, क़ारी नदीम, हाफिज शहज़ाद, मुफ्ती निशात, मौलाना सनव्वर क़ासमी, मौलाना जाहिद, विनोद त्यागी एडवोकेट, एहतेशामुल हक, तौसीफ राही, नौशाद काला, मन्नू कुरैशी, आज़म फारूकी, इसरार इदरीशी, सभासद राशिद मंसूरी, मसूद कुरैशी, सल्लू कुरैशी, नजम कुरैशी, इरशाद सलमानी, क़ारी अब्दुर्रहमान, असगर कुरैशी व अशरफ़ कुरैशी समेत कई सदस्य मौजूद रहे।



बुढाना : आतंकी हमले के विरोध में मौन जुलूस निकालते जमीयत-ए-उलेमा-ए-हिन्द से जुड़े लोग।

## एमएलए की कार से मासूम बच्चा घायल

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार की सवेरे शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव बसी रोड पर कार की टक्कर से एक बच्चा चोटिल हो गया। बच्चें को पास के ही एक प्राईवेट अस्पताल में ले जाकर उसका इलाज कराया गया। इस सम्बन्ध में थाने में कोई तहरीर नही दी गई।

शाहपुर क्षेत्र के गांव बसी रोड पर सात साल का अरमान अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी बीच आई कार की चपेट में आकर बच्चा घायल हो गया। कार में बैठे लोगों ने घायल को प्राईवेट डाक्टर के यहां ले जाकर उसका इलाज कराया। इस सम्बन्ध में बच्चे के परिजनों ने थाने में कोई तहरीर नही दी है। इलाज के बाद बच्चा अपने घर आ गया है। लोगों का कहना है कि बच्चे को हल्की फुल्की चोट आई थी।

## सर्वशिक्षा अभियान और भारत'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**खतौली।** श्री कुन्द कुन्द जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खतौली में मंगलवार को स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सुप्रीम कोर्ट बार काउंसिल के पूर्व उपाध्यक्ष पी0के0 जैन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार जैन एवं विशिष्ट अतिथि प्रबंध समिति के सचिव मुकेश कुमार जैन, धनेश कुमार जैन, संजीव कुमार जैन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पी0के0 जैन ने कहां कि संविधान की बारिकियों और भीमराव अम्बेडकर के संविधान निर्माण में योगदान को विस्तृत रूप से व्याख्यायित किया। मुकेश कुमार जैन ने कहां कि संविधान में स्वतंत्रता और समानता के अधिकार की बाद कहते हुए सभी नागरिकों को मिलजुलकर रहने का आ]वान किया। कार्यक्रम संयोजिका प्रो0 नीतू वशिष्ठ ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। महाविद्यालय प्राचार्या प्रो0 रीना ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 रीना, साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद की संयोजक प्रो0 नीतू वशिष्ठ, अरविन्द कुमार द्वारा अटल जी की चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित करके किया गया। विद्यार्थियों ने अटल जी द्वारा लिखित कविताओं का वाचन किया तथा विद्यार्थियों द्वारा अटल जी की सर्वशिक्षा अभियान के संबंध में विचार व्यक्त किये। प्रो0 नीतू वशिष्ठ ने शिक्षा के अधिकार और आवश्यकता पर बल देते हुए सभी के लिये जागरूकता फैलाने वाले वचन कहे। प्राचार्या प्रो0 रीना ने विद्यार्थियों से कहां कि शिक्षा का मतलब केवल अक्षर ज्ञान नहीं बल्कि अच्छे और बुरे को आत्मसात करना भी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 विशु ने किया।

# हर्षोल्लास से मनाया भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव

**मुजफ्फरनगर।** मौहल्ला शिवनगर गांधी कालोनी स्थित भगवान परशुराम महादेव मन्दिर, गली नं.-9 में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर प्रातरू 9 बजे हवन के पश्चात 11 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। सायं 6 बजे महाआरती में भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान परशुराम जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मिली जानकारी के अनुसार भगवान परशुराम महादेव मंदिर समिति, शिवनगर में आज भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव उत्साह, उमंग एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। भगवान परशुराम महादेव मंदिर में प्रातरू 9 बजे हवन यज्ञ का



आयोजन किया गया। इसके पश्चात 11 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ कमाया। कार्यक्रम में पहुंचकर जिला पंचायत सदस्य स्वामी श्रीभगवान आश्रम जी महाराज ने यज्ञ में आहूति अर्पित की और भगवान परशुराम जी के आदर्शोंख्र शौर्य, न्याय, तपस्या, और धर्म के सिद्धांतों को स्मरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे और हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर एक मजबूत, समृद्ध और धर्मनिष्ठ समाज का निर्माण करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वामी श्रीभगवान आश्रम जी महाराज के अलावा वरिष्ठ सपा नेता राकेश शर्मा, वरिष्ठ रालोद नेता उमादत्त शर्मा, पंडित सुभाष चन्द्र शर्मा, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंडित सुबोध शर्मा, उपेंद्र कौशिक, सतीश शर्मा, ब्रह्मा प्रकाश शर्मा, रोमित शर्मा, अमित वत्स, ऋषभदेव शर्मा, अमित शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश ठाकुर, गोपाल शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पहलगाम प्रकरण में छात्राओं का फूटा गुस्सा



**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन श्री कृष्णा गर्ल्स कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन सिसौली के मैदान में बीती 22 अप्रैल को पहलगाम जम्मू कश्मीर में आतंकियों द्वारा मारे गये निर्दोष भारतीयों की हत्या के परिणामस्वरूप आक्रोशित छात्राओं ने पाकिस्तान तथा पाकिस्तान समर्थित आतंक वादियों के पुतले जलाये तथा भारत सरकार से अनुरोध किया कि हत्यारों को तथा इस घटना में जो भी संलिप्त हैं उसे कड़ी से कड़ी सजा दें जिससे कि भविष्य में ऐसी घटनाएँ न दोहराई जाएं। छात्राओ ने मृतक आत्माओं की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की तथा मौन रखकर अपना प्रतिशोध जाहिर किया। छात्राओं के साथ साथ समस्त प्रबंधक समिति और स्टाफ भी शामिल रहा। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से विशेषत: प्रबन्धक प्रदीप बालियान, प्राचार्य डाक्टर नीतू सिंह, डाक्टर सुनीता सिंह, पूनम बालियान, मोनिका बालियान एवं ब्रिवेन्द्र कुमार भी इस कार्यक्रम में छात्राओ के साथ उपस्थित रहे।

### प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन



**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में एमबीए विभाग के ओडीटोरियम मे इंस्टीटड्ूट इनोवेशन काउंसिल, एसडीसीएमएस द्वारा फ्लिपकार्ट सप्लाई चैन ऑपरेशन एकेडमी ऑरिएंटेशन प्रोग्राम द्वारा एमबीए / एससीए छात्र / छात्राओं के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज प्राचार्य डा. आलोक कुमार गुप्ता व फ्लिपकार्ट कम्पनी की हयूमन रिर्सोस बिजनेस पार्टनर व रिर्सोस पर्सन मिस खुशी सोम द्वारा किया गया व उन्होने बताया कि कम्पनी ने पूरे देश के कॉलेज में पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए कमाई का मौका दिया है। छात्र कंपनी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल चौंपियन प्रोग्राम के तहत मई से लेकर जुलाई के बीच इंटर्नशिप भी कर सकते है। इसके लिए उन्हें बतौर प्रोत्साहन धनराशि भी दी जायेगी । सर्वप्रथम छात्रों की स्क्रीनिंग टेस्ट में सफल हुए योग्य 37 छात्र / छात्राओं की लिखित परीक्षा करायी गयी तथा परीक्षा में पास होने वाले 7 छात्रों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया। चयन के पश्चात् छात्रों को कार्यशैली के बारे मे प्रशिक्षण देकर विभिन्न शाखाओं में नियुक्ति दी जा सकती है। प्राचार्य डा. आलोक कुमार गुप्ता ने इस अवसर पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा कॉलेज छात्रों को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा के विभिन्न आयामों के लिये भी तैयार करता है । छात्र / छात्राओं को प्लेसमेंट के लिये तैयार किया जाता है। इस अवसर पर रितू मित्तल, डा. विभूति अग्रवाल, मुकुल जैन, देवेश गुप्ता, प्रशान्त तोमर, जितेन्द्र कुमार, आशीष कुमार, अंकुर अग्रवाल, महिमा मंगल, डा. अनम जैद, डा.नितिका सिंह, अन्नु त्यागी, आदित्य कश्यप, तुषार भारद्वाज, आस्था सिंघल, उमंग शर्मा, आयुष गुप्ता, अन्जना शर्मा, संदीप गर्ग, रश्मि कौशिक व रवि भार्गव आदि शिक्षकगणों नें प्रतिभाशाली छात्र / छात्राओं को बधाई दी ।

### आतंकी हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**चांदपुर।** एमएम इंटर कॉलेज में हुई प्रार्थना सभा में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए नागरिकों को मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हाजी मो. ताहिर ने प्रार्थना सभा में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हम इस तरह के आतंकवादी हमले की घोर निंदा करते हैं और हमारी संवेदनाएं शहीद हुए नागरिकों के परिजनों के साथ हैं। हम इस घटना का कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और इस दुखद घड़ी में हम अपने भारत सरकार के साथ खड़े हैं। प्रार्थना सभा में कॉलेज के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने इस आतंकवादी घटना की निंदा करते हुए कहा कि हम सब भारतवासी संकट की इस घड़ी में एक साथ हैं और किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। जय हिंद के नारों के उदघोष के साथ प्रार्थना सभा समाप्त हुई।



मुजफ्फरनगर : रामपुरी में यज्ञ हवन करते श्रद्धालु।

# रामपुरी में परशुराम जयंती पर हुआ हवन

**मुजफ्फरनगर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर मंगलवार को रामपुरी एकता मिशन द्वारा मौहल्ला रामपुरी में हिन्दु धर्म और समाज की रक्षा के लिए जागरुक करने के आह्वान के साथ ही हवन यज्ञ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सामा. जिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी को युवाओं ने तलवार भेंटकर पटका पहनाकर स्वागत किया। मनीष चौधरी ने कहा कि भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर कई दिनों से समारोह का वातावरण बना हुआ है। भव्य शोभायात्रा निकाली गई है।उन्होंने कहा कि आज देश में हिन्दू निहत्था है, निर्दोष लोगों को कुछ सिरफिरे आतंकी मार रहे हैं, ऐसे में जिस तरह से अन्याय और आतंक के खिलाफ भगवान परशुराम ने फरसा उठाया, उसी प्रकार से आज हर हिन्दू को आत्मरक्षा के लिए शस्त्र ग्रहण करने की आवश्यकता है। इसी के लिए समाज को प्रेरित और जागरुक करने के लिए आज रामपुरी एकता मिशन की युवा टीम ने यह हवन यज्ञ का आयोजन किया। मनीष चौधरी ने केन्द्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरा देश सरकार के साथ खड़ा है। उनके फैसलों को लेकर देश में एकजुटता बनी है। सरकार आतंकवाद के खात्मे के लिए जल्द ही सख्त कदम उठाकर पहलगाम के दोषियों पर कार्यवाही करे।

भाजपा नेत्री अंजु शर्मा ने कहा कि यह हवन प्रत्येक वर्ष परशुराम जयंती के अवसर पर किया जायेगा। रामपुरी एकता मिशन टीम के मोहित अग्रवाल ने बताया कि हिन्दू समाज आज जागृत नहीं है, एकजुट नहीं है, ऐसे में हमारी युवा टीम ने परशुराम जयंती के अवसर पर मौहल्ला रामपुरी में हवन यज्ञ कर यही प्रयास किया है कि इसके सहारे सम्पूर्ण समाज को एकजुट किया जाये और समाज व धर्म की रक्षा के लिए काम किया जाये। इस दौरान यज्ञमान जितेंद्र शर्मा सपत्नीक और प्रमुख समा. जसेवी मनीष चौधरी अपनी धर्मपत्नी निधि चौधरी के साथ रहे। हवन यज्ञ पंडित बृजेश दुबे द्वारा संपन्न कराया गया। रामपुरी एकता मिशन की युवा टीम से ख्रष्णा चौधरी, वंश शर्मा, अ्वनी शर्मा, शांतनु राजपूत, सक्षम चौधरी, मोहित अग्रवाल, यश शर्मा, नोनू सिंह, वरूण शर्मा, पीयूष शर्मा के अलावा जितेंद्र शर्मा, नीरज शर्मा,हरिओम शर्मा, राजीव शर्मा, नरेंद्र अग्रवाल, मयंक शर्मा, वरुण शर्मा,मोी. हत सोलंकी जिला उपाध्यक्ष छत्रपति शिवाजी, कमल शर्मा, संदीप चौधरी,नरेश वर्मा, रितु शर्मा, मोनिका त्यागी, प्रीति अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, निधि चौधरी, सरिता शर्मा,वर्षा राजपूत, संगीता, ममता, सोनिया धीमान, उर्वशी धीमान आदि सैकड़ो महिलाएं पुरुष उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्रा शिवानी को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आर्य कन्या इंटर कॉलेज बुढ़ाना की हाई स्कूल की होनहार छात्रा कुमारी शिवांशी को आज मंगलवार के दिन शिक्षण संस्था आर्य कन्या इंटर कालेज बुढ़ाना के प्रार्थना स्थल पर सैंकड़ों छात्राओं और कालेज के समस्त स्टाफ की मौजूदगी में होनहार छात्रा के रूप में सम्मानित किया गया।

कुमारी शिवांशी ने कालेज में हाई स्कूल परीक्षा में 85.08 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए अपनी कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और इसी के साथ साथ कालेज की प्रधानाचार्या प्रमेश कुमारी के द्वारा प्रार्थना स्थल पर सभी छात्राओं को बताया गया कि छात्रा कुमारी शिवांशी इस कॉलेज में कक्षा 06 से लगातार अध्ययन कर रही है। इसके द्वारा कालेज के हर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाता है।

कक्षा 08 में इंस्पायर अवार्ड में मंडल स्तर तक जाने का सौभाग्य भी प्राप्त किया था। प्रधानाचार्य और अन्य शिक्षिकाओं के द्वारा भी छात्रा के सुसंस्कारी व्यवहार का बखान किया गया और इस तरह की जीवन शैली अपनाने के लिए अन्य छात्राओं से भी कहा गया। प्रार्थना स्थल पर सभी शिक्षिकाओं व छात्रा के दादाजी के समक्ष छात्र को सम्मानित किया गया। यहां पर मुकेश, अर्चना चौधरी, वंदना राजन, सारिका वर्मा, शशि प्रभा, सुधा रानी, विजया लक्ष्मी, रचना और राखी आदि शिक्षिकाएं रही।

## आसपा ने निकाला कैंडल मार्च

**चांदपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा शर्मनाक वारदात से शहीद हुए भारतवासियों की शहादत पर आजाद समाज पार्टी/भीम आर्मी जिला प्रभारी मोहम्मद ताहिर के नेतृत्व में विधानसभा चाँदपुर के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा एक कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च जिला प्रभारी के निवास स्थान से बाबा साहब डॉ. बाबा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पहुंच कर समाप्त हुआ। जहां पर दो मिनट का मौन धारण कर आतंकवादियों के हमले में शहीद हुए निर्दोष लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कैंडल मार्च में जिला प्रभारी मोहम्मद ताहिर, विधानसभा अध्यक्ष राजवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष ईश्वर दयाल सिंह, गोला भाई, डॉक्टर जावेद, सचिन, नौशाद भाई, रोहतास नरेंद्र कुमार, डिम्पल, विशेष कुमार, खालिद भाई नगर अध्यक्ष युवा आसपा, कृष्ण कुमार सैनी, महेश मोनू भाई, अंकित कुमार, बब्लु भाई आदि लोगों ने भाग लिया।

# मारपीट में पगड़ी उछालने का आरोप, थाने में हंगामा

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में दो पक्षों में दो दिन पूर्व हुई कहासुनी और मारपीट ने उस वक्त बड़ा रूप ले लिया। जब इस मारपीट में एक सरदार की पगड़ी उछालने का आरोप लगाते हुए थाने पर हंगामा किया गया।

ग्राम राजपुर परसु में भुस डालने आये बलिया नंगली निवासी सतनाम पुत्र महेंद्र सिंह और सलमान पुत्र इस्माइल निवासी राजपुर परसु थाना हीमपुर दीपा के बीच पांच सौ रुपए के लेनदेन को लेकर कहासुनी और मारपीट हो गई। बताया जाता है कि इस मारपीट में सरदार सतनाम की पगड़ी गिर गई। उधर मारपीट और पगड़ी गिरने की पीडित ने तहरीर भी रात को ही थाना हीमपुर दीपा में दे दी। उक्त मामले में उस वक्त नया मोड़ आ गया जब दो दिन बाद थाने पर पहुंचे कुछ लोगों ने सरदार सतनाम की पगड़ी उछालने का आरोप लगाते हुए थाने पर हंगामा किया और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मिली तहरीर और गवाहों के आधार पर बताया कि दोनो पक्षों में मारपीट हुई है, पगड़ी उछालने की बात निराधार है। उक्त मामले में मारपीट और जान से मारने की धमकी के आधार पर ही मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

उधर सूत्र बताते है कि सलमान बचपन से ही सरदारों के बीच में ही रहता आ रहा है जो इन्हें सस्ते दामो पर बीज उपलब्ध कराता है। विशेष बात यह है कि सरदारों का लाखों का लेन देन सलमान से वर्षों से चला आ रहा है।

## लूट की सूचना पर अंधेरे में दौड़ी बुढ़ाना पुलिस

**बुढ़ाना।** गांव बसी निवासी मनीषा पत्नी रविंदर पाल और वंश पुत्र रविंदर पाल हाल निवासी बुढ़ाना मोहल्ला कृष्णापुरी ने बताया कि हम मां बेटा दूध लेकर बुढ़ाना आ रहे थे। रास्ते में चार-पांच बदमाशों ने हमारा रास्ता रोक लिया। आगे से रास्ता रोक. कर तीन-चार बदमाशों ने पीछे से हमला करते हुए हमारे साथ मारपीट कर हमें गंभीर रूप से घायल कर दिया और हमारे बैग में 50 हजार रुपये थे वह भी हमसे छीन लिए और कानों के कुंडल आदि सभी सामान छीनकर बदमाश धमकी देते हुए फरार हो गए। जिसकी हमने थाना बुढाना में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई करते हुए घायलों का डाक्टरी परीक्षण कराकर कार्यवाही में लग गई है। पुलिस मामले की जांच में लग गयी है। चर्चा ये भी है कि मामला मारपीट का है बाकी पुलिस अपना काम कर रही है।

# जमीयत ने की पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ जमीयत उलेमा-ए-हिंद शाखा बुढ़ाना ने गहरी नाराजगी जताई और एक सभा के माध्यम से इस हमले की कड़ी निंदा की। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद प्रदेश सचिव कारी मोहम्मद जाकिर ने कहा कि आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता और ऐसे लोग न केवल देश बल्कि इंसानियत के दुश्मन हैं। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। नगर अध्यक्ष मुफ्ती आस मोहम्मद कासमी ने कहा कि अल्लाह ने इंसान को सबसे श्रेष्ठ और सम्मानित बनाया है लेकिन मासूमों का खून बहाना इस्लाम में सख्त मना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की हिंसा हर मजहब के खिलाफ है और इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। जमियत के महासचिव हाफिज अ"यूब त्यागी ने संगठन की सदस्यता अभियान पर बल देते हुए कहा कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद मुसलमानों की एक मजबूत तंजीम है और सभी लोगों को इससे जुड़कर इसे और सशक्त बनाना चाहिए। सभा में मौलाना इसराईल ने कहा कि सभी सदस्य जमीयत की सदस्यता मुहिम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें वहीं हकीम कारी जरीफ ने कहा कि मासूमों की जान लेना इंसानियत नहीं दरिंदगी है और कोई भी मजहब इस तरह की कायरता का समर्थन नहीं करता। इस मौके पर कारी जाकिर प्रदेश सचिव, तहसील अध्यक्ष मुफ्ती आदिल साहब, नगर अध्यक्ष मुफ्ती आस मोहम्मद कासमी, महासचिव हाफिज अय्यूब त्यागी, पूर्व अध्यक्ष मौलाना इसराईल, कारी तनवीर, कारी शाहनवाज़, मौलाना फारूक, हाफिज निज़ामुद्दीन, हकीम कारी जरीफ,



मौलाना बिलाल, हाफिज सज्जाद, हाफिज आस मोहम्मद भसाना, डॉक्टर समीर, हाफिज कासिम, शब्बीर अमीर, हाफिज मुहिबुर्रहमान, डॉक्टर नूरुल इस्लाम, इकबाल सलमानी, नीमा सलमानी, हाफिज मोईन, हाफिज अल्ताफ, जुनैद राणा, इमरान सिद्दीकी और आजम फारूकी समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सिरदर्द की समस्या: माइग्रेन और क्रॉनिक हेडेक में फर्क समझना जरूरी

**मुजफ्फरनगर।** सिरदर्द एक आम समस्या है, लेकिन हर सिरदर्द एक जैसा नहीं होता। कुछ लोगों को हल्का सिरदर्द कभी-कभी होता है, जबकि कई लोग ऐसे भी हैं जिन्हें बार-बार तेज दर्द होता है जो रोजमर्रा की जिंदगी को बुरी तरह से प्रभावित करता है। भारत जैसे देश में, जहां काम का तनाव, लंबी ट्रैफिक की लाइनें और गर्म मौसम आम बात है, सिरदर्द की शिकायतें और भी बढ़ जाती हैं।

**क्रॉनिक हेडेक और माइग्रेन में फर्क**

क्रॉनिक हेडेक यानी ऐसा सिरदर्द जो हर महीने कम से कम 15 दिन बना रहे और ये तीन महीने तक चले। ऐसा दर्द अक्सर माथे या सिर के चारों ओर दबाव जैसा महसूस होता है, जैसे किसी ने कस कर पटी बांध दी हो। वहीं माइग्रेन एक अलग और ज्यादा तेज किस्म का सिरदर्द होता है। ये दर्द अक्सर सिर के एक तरफ धड़कता हुआ महसूस होता है और 4 घंटे से लेकर 3 दिन तक रह सकता है।

### लक्षण और कारण

माइग्रेन के साथ कई बार उल्टी और तेज रोशनी और आवाज से परेशानी जैसी दिक्कतें भी होती हैं। कुछ लोगों को माइग्रेन शुरू होने से पहले श्वॉर्निंग साइनश भी मिलते हैं ख्र जैसे आंखों के सामने चमकती रोशनी, धुंधलापन या हाथ-पैरों में झनझनाहट। क्रॉनिक हेडेक के पीछे कई वजहें हो सकती हैं ख्र जैसे स्ट्रेस, गलत बैठने का तरीका, पानी कम पीना, नींद पूरी न होना या भूखा रहना।

### इलाज और सावधानियां

सिरदर्द के प्रकार पर निर्भर करता है इलाज। क्रॉनिक हेडेक के लिए जीवनशैली में थोड़े बदलाव ख्र जैसे नींद पूरी लेना, पानी ज्यादा पीना, स्क्रीन टाइम कम करना और तनाव कम करना ख्र काफी असरदार हो सकते हैं। माइग्रेन के इलाज में दवाएं दी जाती हैं जो या तो दर्द को रोकती हैं या भविष्य के अटैक से बचाती हैं।

### नई तकनीकें और डॉक्टर की सलाह

अब भारत के कई शहरों में बोटॉक्स इंजेक्शन और नर्व स्टिमुलेशन जैसी नई तकनीकें भी उपलब्ध हैं, जो उन मरीजों के लिए फायदेमंद हैं जिन्हें सामान्य दवाओं से राहत नहीं मिलती। डॉ. चिराग गुप्ता कहते हैं कि माइग्रेन और क्रॉनिक हेडेक में फर्क समझना जरूरी है क्योंकि सही इलाज तभी मुमकिन है जब सही कारण पता हो।

### सिरदर्द को नजरअंदाज न करें

सिरदर्द को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। सही समय पर पहचान और इलाज से आप ना सिर्फ दर्द से राहत पा सकते हैं, बल्कि अपनी जिंदगी की क्वालिटी भी बेहतर बना सकते हैं।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## भूमि विवाद पर तनातनी, महिलाओं से की अभद्रता

### रात-रात भर खेतों की रखवाली कर रहे पीड़ित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** भडी कोरियान गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में तनाव गहराता जा रहा है। गांव की एक महिला ने पचास से अधिक लोगों पर मिलकर उसकी खरीदी हुई भूमि पर कब्जा करने और विरोध करने पर मारपीट व महिलाओं से अभद्रता करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामला बढ़ता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

गांव भडी कोरियान निवासी सरला देवी ने चौसाना चौकी क्षेत्र में स्थित भूमि खसरा नंबर 583/01/02 को खरीदा था और बीते कुछ समय से उसमें खेती कर रही हैं। सरला देवी का आरोप है कि गांव के कुछ लोग उनकी भूमि पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। बीती रात्रि के समय लगभग पचास लोग लाठी-डंडों के साथ उनके खेत में पहुंचे और वहां मौजूद महिलाओं को खदेड़ कर कब्जा करने का प्रयास किया गया। सरला देवी ने बताया कि जब महिलाओं ने विरोध किया तो उनके साथ बदसलूकी और अभद्रता की गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए दोनों पक्षों को समझाकर शांति व्यवस्था बहाल की। पीड़िता का कहना है कि भूमि को लेकर विवाद बीते दो सप्ताह से चल रहा है।

प्रतिदिन किसी न किसी बहाने से दूसरे पक्ष के लोग उनके खेत में घुसने का प्रयास करते हैं। इसके चलते पीड़ित परिवार के लोग रात-रात भर खेतों की रखवाली कर रहे हैं ताकि उनकी फसल को नुकसान न पहुंचे। वहीं पीड़िता ने चौसाना पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। थानाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि मामला चौसाना चौकी क्षेत्र का है। चौकी प्रभारी को आवश्यक जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस का कहना है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में सतर्कता बरती जा रही है और दोनों पक्षों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

## बैठक में आय-व्यय का बजट पास, 40 करोड़ के व्यय का रखा गया ब्यौरा





शामली। बोर्ड बैठक की कार्रवाई होते हुए व बजट पेश करते हुए तथा अपनी मांग रखते सभासदगण। छाया शाह टाइम्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सर्वप्रथम बोर्ड बैठक में प्रस्ताव संख्या-1 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 का आय-व्यय के आंकडे एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट ईओ विनोद कुमार सोलंकी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें आय 53 करोड़ 22 लाख 94 हजार 368-रूपये एवं व्यय 40 करोड 43 लाख 2 हजार 736 रूपये तथा वर्ष 2025-26 का बजट बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से पास किया गया।

बोर्ड बैठक में नागरिकों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भवन कर व जलकर में छूट दिया जाना, बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से पास किया गया जिसमें 30 जून, 2025 तक टैक्स जमा कराने पर 15 प्रतिशत एवं एक जौलाई से 30 सितम्बर तक 10 प्रतिशत एवं एक अक्टूबर से 31 दिसम्बर-2025 तक 5 प्रतिशत छूट का प्रावधान जनहित में किया गया। आने वाले समय में शहर में सभी भवनों का वार्डो के अनुसार जीआईएस सर्वे कराया जाएगा। जिससे भवनों को एक फिक्स नम्बर दिया जाएगा। शहर में जाम की समस्या को देखते हुए, जल्द ही मल्टीलेयर पर्किंग बनवाई जाएगी तथा भीषण गर्मी को देखते हुए जनहित में शहर में मुख्य स्थानों पर 10 वाटर कूलर, ठंडे पानी की मशीन लगवाई जाएगी। जिसका प्रस्ताव भी बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से पास किया गया। इसके साथ-साथ कांवड यात्रा के दौरान पालिका द्वारा किए जाने वाली व्यवस्थाओं को भी सर्वसम्मति से पास किया गया तथा शहर की सफाई कार्य हेतु सफाई उपकरण एवं शहर को जगमग करने एवं पथ प्रकाश व्यवस्था को सु.झ करने हेतु स्ट्रीट लाईट, हाई मास्क, छोटी स्काईलिफ्ट एवं विद्युत सामग्री क्रय किया जाना सर्वसम्मति से पास किया गया। शामली नगर में जिन वार्डो एवं मौहल्लों में पालिका की दुकाने स्थित है उन पर नाम परिवर्तन शुल्क निर्धारित कर लागू करने का प्रस्ताव पास किया गया एवं पालिका की दुकानों की किराएदारों के नाम परिवर्तन शुल्क में भी कोई वृद्धि न करते हुए, प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। इसके साथ-साथ शामली जिले में शामली विकास प्राधिकरण बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजे जाने के लिए प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। चेयरमैन द्वारा उपस्थित सभी सभासदों को अपने-अपने वार्ड की समस्याओं को रखने के लिए दो मिनट का समय प्रदान किया गया और सभासदों की समस्याओं को सुन कर, उन पर कार्यवाही करने के लिए सम्बन्धित अधिकारी को मौके पर ही आदेश दिया गया। अन्त में अन्य प्रस्ताव मे एक राष्ट्र-एक चुनाव की अवधारणा के समर्थन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और आर्थिक रूप से सु.ढ़ बनाना है। बोर्ड बैठक में 25 सभासदों में से 20 उपस्थित रहे। मौके पर सभासद हाजी साजिद, अजीत निर्वाल, नीरज, राजीव गोयल, सविता, अजय कुमार उर्फ बोबी, स्नेह निर्वाल, प्रमोद कुमार, आशीष गुप्ता, पूजा, हसीन अंसारी, शाहिदा, अनिल उपाध्याय, तोहिद रहमानी, डा। राजेन्द्र संगल, रोबिन गर्ग आदि मौजूद रहे।

### सभासद पूजा ने नए बारातघर के निर्माण का मुद्दा उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वार्ड 13 की सभासद पूजा पत्नी मनोज कुमार ने अपने वार्ड क्षेत्र अटल विहार में नए बारातघर के निर्माण का मुददा उठाया, जिस पर चेयरमैन अरविन्द संगल ने बारातघर निमार्ण के लिए प्रस्ताव पास किया। साथ ही अन्य शहर के बारातघरों का मरम्मत का कार्य कराए जाने का भी प्रस्ताव पास किया।

### सभासद ने लगाया विकास न कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सभासद अजीत निर्वाल ने अपने वार्ड क्षेत्र में विकास कार्य न कराने का आरोप लगाया। अजीत निर्वाल अपने साथ दर्जनों समर्थक लेकर बोर्ड बैठक में पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने सभासदों के अलावा अन्य किसी व्यक्ति को बैठक में प्रवेश नहीं दिया। जिसके बाद चेयरमैन अरविन्द संगल ने बोर्ड बैठक खत्म कर समस्या से लेकर वार्ड क्षेत्र के लोगों की समस्या को सुना। जिसमें सडक, नाली निर्माण, साफ सफाई, स्ट्रीट लाईट आदि की समस्या को उठाया। चेयरमैन अरविन्द संगल ने जांच कराकर सभी के कार्यो को कराने का आश्वासन दिया।

## मेले में असामाजिक तत्वों पर निगरानी के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात्रि जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने शहर के आरके इंटर कालेज में लगे मेले में पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होने मनोरंजल के लिए लगाए गए मेले में असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए है।

सोमवार देर रात्रि जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने अचानक शहर के आरके इंटर कालेज में लगे मेले में पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होने मेले की सुरक्षा व्यावस्था की जानकारी ली। साथ ही उन्होने मेला संचालकों को निर्देशित किया कि कोई भी असामाजिक तत्व मेले में प्रवेश न करे और सुरक्षा व्यावस्थाओं का ख्याल रखा जाए। उन्होने कहा कि मेला जिले के लोगों के मनोरंजन के लिए लगाया गया है, जिसमें सभी लोग मनोरंजन के लिए भाग ले और आपसी सौहार्द बनाकर रखे। इस दौरान मेला संचालकों द्वारा जिलाधिकारी को गणेश की प्रतिमा देकर सम्मानित किया।

## एक नजर

### गोवंश के लिए चारे की अपील

**शामली।** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा अपने पत्र के माध्यम से ग्राम प्रधान से कहा कि जैसा कि आपको विदित है कि जनपद के समस्त ग्राम सभा प्रधान, चेयरमैन, नगर पालिका नगर पंचायत, उन्नतशील कृषक पशुपालक, भूसा क्रेता विक्रेता, समाज सेवी संस्थाएं, पशु प्रेमी व अन्य समस्त जनपद वासियों के सहयोग से जनपद में संचालित 27 स्थाई अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलों में 2822 निराश्रित बेसहारा गोवंश संरक्षण एवं उनके भरण पोषण का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। गो आश्रय स्थलों पर संरक्षित निराश्रित बेसहारा गोवंश के भरण पोषण हेतु चारा भूसा महादान किए जाने में आपका सहयोग अपेक्षित है। किसी भी सहयोग एवं सामंजस्य के लिए डा. चन्द्रभानु कश्यप, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, शामली के मो0नं0-8765957898 पर सम्पर्क किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप द्वारा गोवंश के हित में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। जो ग्राम पंचायतध्समाज सेवी संस्थाएंध्पशु प्रेमी अधिक से अधिक भूसा संरक्षण कराने में सहयोग करेगी उसे सम्मानितध्प्रोत्साहित किया जाएगा।

### शामली चीनी मिल ने जारी किया मिल बन्दी का प्रथम नोटिस

**शामली।** चीनी मिल का पेराई सत्र 2024-25 अन्तिम दौर में है तथा चीनी मिल प्रतिदिन गन्ने की कमी में 6 से 8 घंटे नो केन होकर बन्द हो रही है। चीनी मिल द्वारा दिनांक 29-04-2025 को मिल बन्दी का प्रथम नोटिस भी जारी कर दिया गया है। चीनी मिल के महाप्रबन्धाक श्री सतीष बालियान द्वारा सभी किसान भाईयों से अपील की है कि वह अपना आपूर्ति योग्य अवषेश गन्ना चीनी मिल में जल्द से जल्द आपूर्ति कर दें ताकि किसी किसान भाई का गन्ना अवषेश ना रह जाए। मिल गेट एवं बाहृय क्रय केन्द्रों पर फ्री परचेज हेतु पर्चियां उपलब्ध हैं, इसलिए कोई भी किसान पर्ची की कमी महसूस ना करें। इसलिए मिल बन्द होने तक अपना गन्ना अवश्य समाप्त कर दें। इसी के साथ साफ-सुथरा, अगोला, पत्ती रहित गन्ना ही आपूर्ति करने का अनुरोध भी किया।

### बाइक खड़ी करने के विरोध पर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** साल्हापुर मे खेत जा रहे किसान सेठपाल पुत्र अर्जन के साथ गांव के ही युवक ने गाली गलौच करते हुए मारपीट की गई। आरोप है कि आरोपी युवक ने सडक पर बाइक खडी की हुई थी। जिससे रास्ता अवरूद्ध हो रहा था। विरोध करने पर मारपीट की गई। साल्हापुर निवासी पीड़ित सेठपाल का आरोप है कि सडक के बीच रास्ते पर बाइक खडी थी जिसका मैने विरोध किया तो युवक ने मारपीट शुरू कर दी। सेठपाल ने मामले की शिकायत चौसाना पुलिस को की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सुपीरियर फूड ग्रेंस पर शोषण करने का आरोप



**ऊन।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन (राजेश पायलट) के कार्यकर्ताओं ने ऊन की सुपीरियर फूड ग्रेंस प्राइवेट लिमिटेड पर किसानों के शोषण करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सोपा तथा चीनी मिल द्वारा दिए गए भुगतान तथा टैगिंग आदेशों के अनुसार भुगतान न करने की जांच करने की मांग की है। भारतीय किसान मजदूर यूनियन (राजेश पायलट) के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजपाल गुर्जर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार मृदुला दुबे को सोपा जिसमें उन्होंने चीनी मिल पर किसानों का शोषण करने का आरोप लगाया।आरोप है कि चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र के आखिर में गन्ने की अवैध खरीद की गई तथा बाद के दिनों में खरीदे गए गन्ने का भुगतान भी समिति को पहले ही भेज दिया गया जिससे किसानों को शादी व बीमारी होने के कारण भुगतान करना बताया गया। समिति द्वारा भुगतान भी रोक दिया गया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई ।इसके अलावा चीनी बिक्री से 85 प्रतिशत धनराशि भी बकाया भुगतान के लिए नहीं दी जा रही है चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र समाप्ति के बाद मात्र 5 दिन का भुगतान ही दिया गया है जबकि चीनी मिल 5 अप्रैल को बंद हो गई थी। चीनी मिल पर अभी भी करीब 96 करोड रूपए बकाया है ।इस संबंध में कार्यकर्ताओं ने उच्च स्तरीय जांच करा कर कार्रवाई की मांग की है ।ज्ञापन देने वालों में धीरज कश्यप ,आनंद ,रामपाल, देवेंद्र, छोटा आदि शामिल रहे।

## वक्फ बिल संशोधन के फायदे ही फायदे



**शामली।** मंगलवार को भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल ने कहा कि वक्फ संशोधन कर भाजपा ने उन मुस्लिम महिला पुरूष, और उनके बच्चों को फायदा पहुंचाने का काम किया है जो मुख्य धारा से आज तक नहीं जुड़ सके हैं। जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल ने कहा वक्फ बिल संशोधन गरीब मुस्लिम कल्याण के लिए लाया गया गया है। कांग्रेस ने बिल में संशोधन कर इसके स्वरूप को बिगाड़ दिया था। पूरे देश में वक्फ की 37।8 लाख एकड भूमि है। जिससे एक खरब की आय हो सकती थी। लेकिन दुर्भाग्य से यह आए सिर्फ 166 करोड़ रूपए है। कांग्रेस के कुछ बड़े नेताओं के अलावा अन्य विपक्षी नेताओं ने वक्फ की भूमि पर कब्जा जमाए रखा है। वक्फ के दावों को लेकर जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल ने कहा कि कई मामलों में आया है कि जहां कुछ लोगों ने कुछ समय के लिए किसी गैर मुस्लिम की भूमि को किराए लिया बाद उस भूमि पर वक्फ यह कहकर दावा करता है कि यह धार्मिक कार्य के लिए वक्फ की गई है। केरल और तमिलनाडु में इसाईयों के चर्च और हिंदू मंदिरों को लेकर यही दावे किए गए हैं जो कोर्ट में विचाराधीन है। भाजपा ने वक्फ बाय यूजर को समाप्त किया है। अब किसी सम्पत्ति को लेकर कोर्ट जाने का प्रावधान होगा। भाजपा की यही मंशा है कि वक्फ की संपत्ति से होने वाली कमाई से गरीब मुस्लिम महिला, पुरूष व बच्चों को मुख्य धारा में लाने का काम किया जाए। इस मौके पर एमएलसी वीरेंद्र सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरबीर मलिक, पवन तरार, रामजीलाल कश्यप, सचिन जैन, भूपेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।



## इंटरनेशनल डांस कंपटीशन का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में मंगलवार को इंटरनेशनल डांस कंपटीशन का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न देशों की नृत्य शैलियों की अद्भुत प्रस्तुति देखने को मिली। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न संस्कृतियों के बीच सामंजस्य स्थापित करना एवं छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना था। प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से 9वी तक के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें से कई ने पारंपरिक, समकालीन एवं फ्यूजन नृत्य शैलियों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता सिवाच द्वारा दीप प्रज्वलित करके हुआ। निर्णायक मंडल ने निष्पक्ष मूल्यांकन कर विजेताओं की घोषणा की। विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता ने छात्रों को आत्मविश्वास, अनुशासन और सांस्कृतिक विविधता की सराहना करने का अवसर प्रदान किया।

## पैरा कैनोइंग रेस में शामली की शबाना ने जीता गोल्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मध्य प्रदेश के लोअर लेक भोपाल में हुई 18वीं राष्ट्रीय पैरा कैनोइंग रेस में शामली के खिलाडी शबाना ने गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। शबाना ने 200 मीटर पैरा कैनोईस में देशभर से पहुंचे खिलाडियों को पटखनी देते हुए गोल्ड मेडल जीता है। शबाना को शामली पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

दिव्यांग होने के बाद भी पैरा कैनो चौंपियनशिप में राष्ट्रीय से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शामली के बूढाबाबू मौहल्ला नौकुआ रोड निवासी मरहूम शकील अहमद की पुत्री शबाना लगाता जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रही है। मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो किसी भी मंजिल को आसानी से पाया जा सकता है। ऐसा ही कुछ शबाना ने भी कर दिखाया है। अंतर्राष्ट्रीय पैरा कैनो खिलाड़ी शबाना ने हाल ही में जापान में हुई राष्ट्रीय पैरा कैनो एशियन चौंपियनशिप में गोल्ड और सिल्वर मेडल हासिल कर शामली का नाम राष्ट्रीय से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया है। अब शबाना ने गत 24 से 28 अप्रैल तक मध्य प्रदेश के लोअर लेक भोपाल में हुई 18वी राष्ट्रीय पैरा कैनोइंग रेस में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता है। शबाना ने बताया कि फाईनल में पांच खिलाडी पहुंचे थे। जिसमें 200 मीटर की पैरा कैनोइंग रेस में सबको पछाडते हुए गोल्ड मेडल जीता है। प्रतियोगिता में पूरे देश के खिलाडी पहुंचे थे। शबाना ने बताया कि वह पैरा कनोईंस में 5 साल से अभ्यास कर रही है। जिसके अभी तक 3 राष्ट्रीय पैरा चौंपियनशिप में पांच मेडल अचीव किया। जिसमें से तीन सिल्वर और दो गोल्ड मेडल है। वह बताती है कि कोरोना काल में पिता शकील अहमद का इंतकाल हो गया था। उसके बावजूद भी शबाना ने अपनी हिम्मत नहीं हारी और अपनी प्रेक्टिस जारी रखी।नेशनल में भी मेडल अचीव किए हैं और एशियाई गेम में फर्स्ट लड़की है जो शामली जिले से एशियाई गेम में पार्टिसिपेट किया है और एशियाई गेम में फिफ्थ रैंक रही। शबाना अपना अभ्यास इंडिया कोच मिस्टर मयंक ठाकुर, मिस्टर अनिल राठी, निश्चय और रिंकू के प्रशिक्षण में करती है।

## जलालाबाद में लगे शिविर में कस्बावासियों ने भारी संख्या में किया रक्तदान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** मंगलवार को जलालाबाद के कुरैशियान चौक पर अनीस कुरैशी की बैठक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ थाना भवन विधायक अशरफ अली खान के पुत्र और प्रतिनिधि शायन अली खान ने फीता काटकर किया गया। शिविर मे बडी संख्या में युवाओ व महिलाओ ने भाग लिया। जलालाबाद कुरेशियान चौक पर अनीस कुरैशी की बैठक में जनहित लोक कल्याण समिति के तत्वाधान में रक्तदान शिविर लगाया गया जिसका शुभारम्भ करते हुए विधायक अशरफ अली खान के प्रतिनिधि और पुत्र शायन अली खान ने कहा कि युवाओ को सदा आगे आकर रक्तदान करना चाहिए जिससे जहां जरूरत मंद लोगो की मदद होती है वही शरीर स्वस्थ रहता है। शिविर मे मौजूद डॉ। अभिषेक खेरा ने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से शरीर से कई तरह की बीमारियों को दूर किया जा सकता है। दिल से संबंधित बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है। खून में आयरन की अधिक मात्रा दिल की बीमारियों को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल और सेहत के लिए अच्छा है।

उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी अन्य व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून पूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। जिससे जरुरतमंदो की मदद हो सके।

शिविर के दौरान बडी संख्या में युवाओ और नौजवानों और अधेड़ उम्र के लोगों ने रक्तदान किया। दोपहर बाद थाना भवन विधायक अशरफ अली खान शिविर पहुंचे और रक्तदान करने आए लोगों का मनोबल बढ़ाया। प्रातरू से युवाओ में रक्तदान के प्रति उत्साह देखा गया। समाचार लिखे जाने तक लगभग 70 से अधिक लोगो द्वारा रक्त दान किया जा चुका था। इस मौके पर डॉक्टर अभिषेक खैरा, अरविंद, नमन नामदेव, निकिता देशवाल, आयोजक हामिद चौधरी, मुजम्मिल कुरैशी, बिलाल कुरैशी, भूरू पहलवान आदि का विशेष सहयोग रहा।

## हीटवेव व लू के प्रकोप से बचने के लिए श्रमिकों को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** श्रम विभाग द्वारा ईंट निर्माता समिति शामली के पदाधिकारीयों के साथ कार्यशाला आयोजित कर हीटवेव एवं लू प्रकोप से श्रमिकों को बचाने के लिए जागरूक किया गया। जिसमें अपने ईट भटटों पर ठंडे पानी की उचित व्यावस्था रखने के निर्देश दिए।

मंगलवार को सहायक श्रमायुक्त आंचला पांडेय द्वारा ईंट निर्माता समिति शामली के पदाधिकारीयो के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें श्रमिकों को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न हितकारी योजनाओं की विस्तृत से जानकारी दी गई। ईंट निर्माण श्रमिकों को हीट वेव द्धलू-प्रकोपत्र्ञ से बचने के सुझाव दिए गए। इस अवसर श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुरेश प्रकाश गौतम, ईंट निर्माता समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र मलिक, महामंत्री सुनील गोयल, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष डा। योगेंद्र, बिंद शर्मा, अजय संगल, प्रवीण कुमार, पंकज कुमार, राजेश कुमार, नवतेज प्रकाश तिवारी, मुनव्वर जंग, रितु आदि मौजूद रहे।

# तमंचा फैक्ट्री पकड़ी, तीन गिरफ्तार

**ऊन।** गत रात्रि पुलिस ने बाईपास पर वेल्डिंग की दुकान से तमंचा फैक्ट्री पकड़ी जिसमें पुलिस ने आधा दर्जन बने तमंचे, कई अधबने तमंचे तथा तमंचे बनाने के उपकरण बरामद किए पुलिस ने तमंचा फैक्ट्री चलाने वाले समेत तीन लोगों को पकड़ा इस संबंध में पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक अभी रक्षा में जेल भेज दिया गया।



गत रात्रि चौकी पर भारी राकेश कुमार मयफोर्स के गस्त कर रहे थे मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि ऊन बाईपास पर वेल्डिंग की दुकान में तमंचों का निर्माण किया जा रहा है इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकान से बाहर निकलते हुए दो लोगों को पकड़ लिया जिसे तलाशी के दौरान दो तमंचे व दो कारतूस बरामद किए पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अजहर नवाब पुत्र अनिक अहमद और आरिस पुत्र यमीन निवासी मोहल्ला रविदास पुरी कस्बा गढी पुख्ता बताया उन्होंने बताया कि वह वेल्डिंग की दुकान के मालिक सफीक पुत्र माजिद से तमंचा खरीदने आए थे पुलिस ने अंदर दुकान में घुसकर तलाशी ली जिसमें चार बने तमंचे 315 बोर ,8 अधबने तमंचे 315 बोर, सात 12 बोर के अधबनी नाल तथा दो कारतूस 12 बोर व तमंचे बनाने के उपकरण बरामद किए गए पुलिस ने दुकान मालिक सफीक पुत्र मजीद को भी मौके से पकड़ लिया ।इस संबंध में चौकी प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि सूचना पर बाईपास पर वेल्डिंग की दुकान पर छापा मारा गया जहां से तमंचा फैक्ट्री पकड़ी गई तीन लोगों को मौके से पकड़ा गया है अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत, पंखे से लटका मिला युवती का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन नगर के मोहल्ला शाहविलायत में सोमवार सुबह एक 23 वर्षीय युवती खुशबू उर्फ खुशी का शव घर के कमरे में लगे पंखे पर फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं परिजनों ने आत्महत्या के लिए उकसाने की आशंका जताते हुए विरा. ध प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि खुशी अपने घर की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में सो रही थी, जबकि अन्य परिजन नीचे की मंजिल पर सो रहे थे। सुबह जब भाई दिलदार और बहन आरजू ने ऊपर जाकर देखा तो खुशी का शव पंखे से लटका मिला। उन्होंने तुरंत शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि खुशी पहले से ही एक मुकदमे में वादी थी, और उस पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। उनका कहना है कि इसी मानसिक दबाव के चलते यह घटना घटी है।परिजनों ने पुलिस पर सहयोग न करने का आरोप लगाते हुए मौके पर हंगामा भी किया। पुलिस ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई थी


युवती का फाइल फोटो

# यमुना में डूबे दोनों युवकों के शव छत्तीस घंटे बाद हुए बरामद

**कैराना।** यमुना नदी में डूबे हरियाणा के दो युवकों का शव करीब 36 घंटे बाद बरामद कर लिया गया है। शव मिलने पर स्वजन में कोहराम मच गया। स्वजन बिना किसी कार्रवाई के शव को अपने साथ ले गए। वहीं एक दिन पूर्व एक युवक का शव बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को स्वजन से सौंप दिया।

गत रविवार को पानीपत के वार्ड संख्या 12 की वीरनगर कालोनी निवासी चौबीस वर्षीय राकेश, तीस वर्षीय पिंटू व उन्नीस वर्षीय श्यामू अपने मित्रों व स्वजन के साथ में यमुना में नहाने के लिए आए थे। वह हरियाणा की ओर स्थित पुल से दूर यमुना में नहाने लगे। वहां पर कुछ अन्य लोग भी स्नान कर रहे थे। इसी दौरान तीनों यमुना के गहरे कुंड में डूबने गए थे।

युवकों को डूबता देख बाहर बैठे सूरज, राजेश व अजय ने उन्हें डूबता देख शोर मचा दिया। लेकिन वह गहरे पानी में समा गया। सूचना पर यमुना ब्रिज पुलिस चौकी पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। वहीं सीओ जितेंद्र कुमार व अपराध निरीक्षक कमल किशोर पुलिसकर्मियों ने आसपास के गांवों से निजी गोताखोरों को मौके पर बुलाया और यमुना में डूबे युवको की तलाश शुरू कराई। मंगलवार को राकेश व पिंटू के शव को गोताखोरों की टीम ने बाहर निकाला। दोनों युवकों के शव बरामद होने के बाद स्वजन में को. हराम मच गया। वहीं गत

सोमवार की सायं श्यामू के शव को यमुना से बरामद कर लिया गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज था। उसके बाद स्वजन अंतिम संस्कार करने के लिए साथ ले गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि यमुना में डूबे दोनों युवकों के शव को बरामद किया गया हैं। स्वजन बिना किसी कार्रवाई के शव को साथ ले गए।

# धूमधाम से मनाई महर्षि परशुराम जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में महर्षि परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई।

सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार, शिक्षकों व बालिकाओं ने मां सरस्वती, ओम, मां भारती व महर्षि परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय की बालिका अदिति ने भजन गाकर वातावरण को आनंदमय कर दिया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने बालिकाओं को महर्षि परशुराम के जीवन से अवगत कराते हुए कहा कि उनका जन्म एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था।

वह ऋषि जमदग्नि व रेणुका के पुत्र थे। वे विष्णु का छठा अवतार माने जाते हैं। उन्होंने पृथ्वी को 21 बार क्षत्रिय मुक्त कराया और धर्म का प्रचार प्रसार किया। हमें भी अपने पूर्वजों के समान पृथ्वी की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता रानी, कविता रानी, कपिल कुमार, उपासना रानी, वंदना रानी, अमित कुमार, मोहित कुमार, विकास कुमार, पंकज रानी राहुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, साक्षी रानी, रेनू रानी, नीलम रानी, सुरभि रानी, अनीता रानी, अश्विनी कुमार उपस्थित रहे।



**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान धाम पर भगवान परशुराम जयंती मनाई गई।

सवेरे हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रहमण समाज के लोगों ने आहुति प्रदान कर धर्मलाभ उठाया। मंगलवार को शहर के मंदिर हनुमान धाम पर भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के यजमान देवानंद गौड रहे, जबकि पंडित विनीत शर्मा ने हवन यज्ञ विधि विधान से संपन्न कराया। यज्ञ के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सलिल द्विवेदी, विजय कौशिक, दीपक शर्मा, राजकुमार मित्तल, पुनीत द्विवेदी, अनुराग शर्मा, वैभव शर्मा, गुल्लू, विक्रांत भार्गव, सत्यप्रकाश शर्मा, पंडित प्रेम किशोर कोठारी आदि मौजूद रहे।

## विभिन्न मामलों में सात को कारावास

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में 5 अलग-अलग मामलों में 7 अभियुक्तों को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई कारावास की सजा व 9,050/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। 1. वर्ष 2004 में अभियुक्त राजेन्द्र पुत्र जगमेहर निवासी ग्राम खेड़ी करमू थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय सीजेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को उपरोक्त धारा में जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 5,00/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। 2. वर्ष 2010 में अभियुक्तगण 1. कामिल पुत्र कासिम 2. शहजाद पुत्र रशीद 3. रिजवान उर्फ बाला पुत्र रशीद निवासीगण थाना कैराना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को उपरोक्त धाराओं में 2,000-2,000/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 10-10 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। 3. वर्ष 2023 मे अभियुक्त नफीस पुत्र कासिम निवासी प्रेमनगर थाना लोनी जनपद गाजियाबाद के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय सीजेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को उपरोक्त धारा में 5,00/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 10 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। 4. वर्ष 2002 में अभियुक्त अमीर अहमद पुत्र कय्यूम निवासी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय सीजेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को 1,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस के अतिरिक्त कारुवास का प्रावधान किया गया है। 5. वर्ष 2002 में अभियुक्त शिवकुमार पुत्र ताराचंद निवासी मेघनमाजरा थाना गंगोह जनपद सहारनपुर के विरुद्ध थाना थानाभवन पर मुक. दमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय सीजेजेडी/जेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 1,050 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 5 दिवस के अतिरिक्त कारुवास का प्रावधान किया गया है।

## शादी विवाह अनुदान योजना का लाभ लें

**शामली।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शामली अंशुल चौहान सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी- विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू. 15000रु- व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू. 20000/- तथा युवक-युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रू. 35000/- धनराशि प्रोत्साहन के रूप में प्रदान की जाती है। जिसके लिए आवश्यक प्रपत्र / पात्रता की शर्तें- 1-दम्पति का संयुक्त फोटो।, 2- मूल निवास प्रमाण पत्र, 3-आय प्रमाण पत्र (आयकर दाता न हो)।, 4- दम्पत्ति का राष्ट्रीयकृत बैंक में खुले संयुक्त बैंक खाता की छायाप्रति।, 5- मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांग प्रमाण पत्र 40 प्रतिशत या उससे अधिकत्र की छायाप्रति।, 6-दम्पति के आधार कार्ड की छायाप्रति।, 7-शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से 45 वर्ष तथा युवती की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।, 8- दिव्यांगजनों का विवाह 1 अप्रैल 2024 से वर्तमान वित्तीय वर्ष तक।, 9- शादी का कार्ड।योजनान्तर्गत पात्र एवं इच्छुक दिव्यांगजन विभाग की वेबसाईट www.divyangjan.upsdc.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन कर समस्त संलग्नकों सहित हार्ड कॉपी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, विकास भवन, गोहरनी, शामली में जमा कर सकते हैं।

## एक ही जमीन पर दो बैंकों से लोन, शाखा प्रबंधक ने कराई रिपोर्ट दर्ज

**शामली।** बैंक की आंखों में धूल झोकर लाखों रूपए के लोन लेने और एक ही जमीन पर दो बैंकों से लोन लेने के मामले में कोर्ट के निर्देश पर शाखा प्रबंधक ने करीब 3 दर्जन लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। जनपद के गांव भाजू के इंडियन बैंक शाखा प्रबंधक अजीत कुमार ने कैराना कोर्ट में अपील दायर कर बताया था कि कुछ लोगों ने बैंक से कृषि योजनाओं के लिए दिए जा रहे ऋण लिए थे, जबकि उक्त लोगों ने इस ऋण का प्रयोग कृषि कार्यों में न करके व्यापार और अन्य कार्यों में करके बैंक के साथ धोखाधडी की है। उक्त लोगों ने बैंक का पैसा भी आजतक वापस नहीं किया है। इसके अलावा आरोपियों ने एक ही जमीन के कागजात पर दो अलग-अलग बैंकों से कूटरचित दस्तावेज बैंक में देकर बैंक से धोखाधड़ी कर लोन लेने के मामले में 34 लोगों के विरुह् रिपोर्ट दर्ज ऋण हासिल कर बैंकों के करोडों रूपयों का भी गबन किया है। बैंक द्वारा बार-बार कहने के बावजूद भी उक्त लोग बैंक का ऋण वापस नहीं कर रहे हैं। इस संबंध में बैंक ने गत 25 सितम्बर 2024 को पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद बैंक को कोर्ट का सहारा लेना पड़ा। न्यायालय ने शाखा प्रबंधक के पत्र पर संज्ञान लेते हुए पुलिस को मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कोर्ट के निर्देश पर बाबरी पुलिस ने कलावती निवासी बनत, राजीव निवासी बंतीखेडा, भगवती बंतीखेडा, नीरज, बंतीखेडा, रवि बंतीखेडा, बाला निवासी कुडाना, महिपाल कुडाना खुर्द, जितेन्द्र कुडाना खुर्द, साजिद निवासी जौला मु।नगर, रविन्द्र कुडाना, अक्षय निवासी कुरालसी मुजफ्फरनगर, यशपाल कैडी, जगमोहन सौहरोन बुढाना, मुर्तजा हुसैन बंतीखेडा, इरशाद बंतीखेडा, महावीर सिंह बंतीखेडा, लट्टू रहमान बंतीखेडा, नवाब सिंह, नंदू प्रसाद शामली, अश्वनी, अंकुल, सोनिया ग्राम जलालपुर, मूसा गांव सोंटा रसूलपुर, शोएब खान बुटराडा, करण सिंह बाबरी, दयावती कैडी, नाहिद बुटराडा, बिमलेश बहावडी, राजवीर कुरालसी, आबिद जौला, ताहिर पुत्र यामीन जौला बुढाना, तंजीम निवासी जौला, साजिद सोंटा रसूलपुर, इताजा मंडवाडा मु।नगर, सुरेन्द्र सिसौली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# एग्रीजंक्शन-वन स्टॉपशॉप की स्थापना कर प्रदेश के कृषि स्नातक बन रहे हैं आत्मनिर्भर

**लखनऊ/शामली।** किसानों के हितलाभ के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृषि में प्रशिक्षित युवाओं की सेवाओं का उपयोग करने हेतु प्रदेश में यू.पी. एग्रीजंक्शन योजना संचालित की जा रही है। इस प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वालम्बन योजना का उद्देश्य किसानों को उनके फसल उत्पादों के लिए कृषि केन्द्र द्धएग्रीजंक्शनऋ के बैनर तले समस्त सुविधाएं ष्वन स्टाप शॉपष् के माध्यम से कृषि स्नातकों द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। उत्तर प्रदेश कृषि केन्द्र योजना के अन्तर्गत कृषि स्नातक युवको को लाइसेंस निर्गत करते हुए कृषि केन्द्र की स्थापना कराई जा रही है।

इन केन्द्रो से एक छत के नीचे किसानों को कई सुविधाए प्रदान की जा रही हैं जिनमें मृदा परीक्षण सुविधा तथा उपयोग हेतु संस्तुतियां उच्च गुणवत्ता के बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, माइक्रोन्यूट्रियन्ट्स, वर्मी कम्पोस्ट तथा जैव कीटनाशको सहित समस्त कृषि निवेशों की आपूर्ति लघु कृषियंत्रों को किराए पर उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था, प्रसार सेवाए तथा प्रक्षेत्र निर्देशन भी किया जाता है। उक्त के अतिरिक्त कृषि केन्द्रों द्वारा कृषि उपकरणों की मरम्मत तथा अनुरक्षण पशु आहार, कृषि प्रसंस्कृति कृषि उत्पादों का विक्रय, मौसमर्धविपणन व अन्य सम्बन्धित सूचनाओं के लिए सूचना विज्ञापन का स्थापना कराया गया है। राज्य सरकार द्वारा कृषि प्रशिक्षित उद्यमियों को कई सुविधाएं प्रदान की जाती है। कृषि व्यवसाय गतिविधियों के लिए लाइसेन्स प्राप्त करने में सहायता तथा लाइसेन्स फीस के व्यय की प्रतिपूर्ति भी कराया जाता है। इस उदेश्य के लिए बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायता तथा 4 प्रतिशत की दर से व्याज अनुदान की व्यवस्था भी की जाती है। यह अनुदान बैंक की बैंक इन्डेड सब्सिडी के रूप में रखा जाता है तथा वर्ष की समाप्ति पर ऋणी के खाते में क्रेडिट कर दिया जाता है एक वर्ष तक के लिए परिसर के किराए के 50 प्रतिशत की धनरा. शि जो रूपया 1000/-से अधिक न हो स्वतन्त्र कृषि केन्द्र व्यवसाय की स्थापना हेतु कृषि व्यवसाइयों को प्रशिक्षण प्रदान कराना, लघु कृषि यंत्रों को अनुदानित दर पर किराए पर उपलब्ध कराने के लिए भी एग्रीजंक्शन कार्य करते है। प्रदेश के सभी विकास खण्डों एवं तहसील मुख्यालयों पर स्थापित ष्वन स्टाफ शाप्सष् पर किसान गुणवतापूर्ण कृषि निवेश एवं कृषि प्रक्षेत्र निर्देशन प्राप्त कर रहे हैं। इसी के साथ युवा कृषि स्नातक स्वयं स्वरोजगार के लिए सक्षम हो रहें है। प्रदेश में हजारो एग्रीजंक्शन की स्थापना करते हुए किसानों को श्वन स्टाप शॉपश् से कृषि सम्बन्धी समस्त सुविधाए दी जा रही है साथ ही प्रदेश के बेरोजगार कृषि स्नातको को रोजगार भी मिल रहा है और वे आत्मनिर्भर हो रहे है। प्रदेश में 5 हजार से अधिक एग्रीजंक्शन की स्थापना कराई जा चुकी है। प्रदेश के कृषक उत्पादक संगठनों के गठन, प्रोत्साहन एवं सु. ढीकरण हेतु प्रदेश सरकार ने उ0प्र0 कृषक उत्पादन संगठन (एफ.पी.ओ. ) नीति 2020 बनाई है। इस नीति के अन्तर्गत प्रदेश के कृषकों विशेषकर लघु एवं सीमान्त कृषकों को संगठित करके कम लागत में गुणवत्तायुक्त कृषि निवेशों की व्यवस्था व उपयुक्त नवीनतम तकनीकी को अपनाकर उच्च उत्पादन, उत्पादों के मूल्य संवर्धन एवं बेहतर मूल्य प्राप्त करने हेतु समुचित विपणन व्यवस्था कर कृषकों की आय में सत्त वृद्धि करना है। प्रदेश में अबतक लगभग 3500 एफ0पी0ओ0 का गठन किया गया है।

## दहशतगर्दों ने पार की इंसानियत की सारी हदें: हाजी जियाउद्दीन अंसारी

**नूरपुर।** पूर्व बसपा प्रत्याशी हाजी जियाउद्दीन अंसारी ने वार्ता करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में दहशतगर्दों ने मासूमों पर दर्दनाक हमला कर इंसानियत की सभी हदें पार कर दी है।

उन्होंने सख्त अल्फाज में इस घटना पर गुस्से का इजहार किया है। यह हमला न सिर्फ बेगुनाहों पर है, बल्कि इस्लाम मजहब के खिलाफ है। अगर ये हमला किसी का नाम देख के, मजहब देख के किया गया है, तो ये बिल्कुल गलत है और हम सब इस बात की भरपूर मुखालिफत की जानी चाहिए। सच्चा मुसलमान न कभी किसी बेगुनाह को नुकसान पहुंचाता है, न उसकी नीयत में ऐसा होता है। भारत का मुसलमान दहशतगर्दियों के खिलाफ पहले भी था और आज भी है। उन्होंने कहा कि कश्मीर अब बदल रहा है। वहां की फिजा में अमन और तरक्की की बात हो रही है। हम सरकार से मांग करते हैं कि इस हमले की जांच कर पता लगाया जाए के हमला किसने कराया। इस हमले के पीछे किन लोगों का हाथ है। हमलावर सरहद पार से आया है, तो फिर उसे सरहद कैसे पार करने दी गई। क्या बॉर्डर सिक्योरिटी में कहीं कोताही हुई। अगर हां, तो वहां भी जांच होनी चाहिए। मुसलमानों को इस वारदात का जिम्मेदार ठहराने की कोशिश न की जाए। दहशतगर्द का कोई मजहब नहीं होता। मुसलमान तो वो है जो एक जान बचाने को पूरी इंसानियत बचाने के बराबर समझता है। अफसोस की बात ये है कि देश में कुछ लोग मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाना चाहते हैं। इस वक्त हिन्दू मुसलमान करने का वक्त नहीं, देश के गद्दार आतंकवादियों से लड़ने का वक्त आ गया है। हम सबको मिलजुलकर आतंकवादियों व पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देना है। क्योंकि पाकिस्तान भारत में इस तरह के हमले कराकर देश को कमजोर व आपस में हिन्दू मुसलमानों के बीच नफरत फैलाना चाहता है। उसकी नापाक चाल में आने की जरूरत नहीं है।

# पाकिस्तान के झंडे पर चल कर किया गुस्से का इजहार



**स्योहारा।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में सड़क पर पाकिस्तान का झंडा बनाकर हजारों लोगों ने उस पर पैर रखकर गुजर कर गुस्सा जाहिर किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए **26** लोगों के गम में पूरे देश के लोग शामिल हैं और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान को खुली चुनौती देते हुए सभी पाकिस्तानियों को भारत छोड़ देने का आदेश दिया जिस पर सभी पाकिस्तानियों द्वारा भारत छोड़ा जा रहा है। लेकिन देश की जनता का पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा इस कदर बढ़ गया है कि नगर के शिवाजी मार्केट में पाकिस्तान के झंडे को सड़क पर बनाया। उस पर हिंदू और मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने सारा दिन पैर रखकर गुजरते रहे और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाकर पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध किया।

# दो माह बाद भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाए किलागेट चौकी इंचार्ज

**कैराना।** अंधेरे में बदमाशों पर स्टीक निशाना लगाकर उनको सबक सिखाने वाली खाकी कैराना में चोरों को पकड़ने के लिए हांफ रही है। दो माह बीत जाने के बाद भी किलागेट चौकी इंचार्ज चोरी का खुलासा तो दूर की बात अज्ञात चोरों की परछाई तक नही छू पाए हैं।अपने दुर्व्यवहार को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाले चौकी इंचार्ज अपने कार्य क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम हैं।

### गत 23 फरवरी की रात्रि किलागेट चौकी के सामने सराय मैदान में अज्ञात चोरों ने आधा दर्जन गाड़ियों से चुराए थे पार्ट

विगत 23 फरवरी की रात्रि अज्ञात चोर किलागेट चौकी से चंद कदमों की दूरी पर सराय मैदान में खड़े वाहनों से बैटरी, स्टेफनी व टायर चुराकर फरार हो गए थे। रात्रि के समय गश्त का दम भरने वाली किलागेट पुलिस चौकी को कानों कान भी घटना के बारे में खबर नही लगी थी। प्रता चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया था। आनन-फानन में पुलिस हरकत में आ गई थी और पुलिस अज्ञात चोरों तक पहुंचने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही थी,मगर दो माह बीत जाने के बाद भी किलागेट चौकी इंचार्ज आनन्द कुमार चोरी की इस बड़ी घटना का खुलासा तो दूर की बात अज्ञात चोरों की परछाई तक नहीं छू पाए हैं।पूरी रात अज्ञात चोरों ने सराय मैदान में खड़ी गाड़ियों में जमकर उत्पात मचाया था और किलागेट पुलिस सोती रही थी। अज्ञात चोर गाड़ियों के शीशे तोडकर कीमती पार्ट,बैटरी व टायर चोरी कर ले गए थे। चोरी की घटना के संबन्ध में पीड़ितों द्वारा कोतवाली पर तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराया था। दो माह बीत जाने के बाद भी पीड़ितों को आजतक इंसाफ नहीं मिला है।

### वर्ष 2023 में भी दिया गया था घटना को अंजाम

वाहनों से बैटरी व टायर चोरी करने का यह पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी 11 अगस्त वर्ष 2023 की रात्रि कस्बे के मोहल्ला इकबाल. पुरा में स्थित खाली प्लॉट में खड़ी लगभग नौ ट्रैक्टर ट्रालियों से पिकअप सवार अज्ञात चोरों ने रिम सहित टायर निकाल लिए थे,हालांकि समय रहते टैक्टर चालकों को घटना की जानक. ारी मिल गई थी। उन्होंने चोरों का पीछा भी किया था, मगर सफल नहीं हो पाए थे। घटना के बाद पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगालने तक ही सीमित रह गई थी।

# मुशायरे में शायरों ने बांधा समा

**सेहसपुर।** ग्राम मेवानवादा में कामयाब मुशायरे के रूप में एक ऐतिहासिक साहित्यिक शाम देखी। इस शानदार ऐतिहा. सिक शाम को मशहूर शायर, एंकर और आयोजक नजर बिजनौरी की पहल पर सजाया गया और पहला कुल मुशायरा इस ग्राम में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम ने अपनी खासियत के चलते न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि पूरे देश में सुर्खियां बटोरीं। देशभर के नामचीन शायरों और साहित्य प्रेमियों की मौजूदगी ने इस मुशायरे को यादगार और अमर बना दिया। हमेशा सांस्कृतिक एवं साहित्यक और सामाजिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने वाले जनपद की गौरवशाली शख्सियत वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार वर्मा की सरपरस्ती में ये मुशायरा यादगार और कामयाब रहा। समाजसेवा के क्षेत्र में मुंबई से बिजनौर तक अपनी पहचान रखने वाली मशहूर शख्सियत बिजनौर वेलफेयर संगठन मुंबई के अध्यक्ष फजलुर्रहमान अंसारी ने मुशायरे की सदारत की। बिजनौर नूरपुर की एक और खास शख्सियत नूरपुर विधानसभा के वरिष्ठ समाजसेवी एवं बिजनेसमैन सलीम अंसारी ने मुशायरे में शमा रोशन की। प्रोग्राम में मुंबई के समाजसेवी दिलशाद सिद्दीकी आदि रहे। मुशायरे के कन्वीनर खालिद अंसारी और उनके साथियों के सिर बंधा। मुशायरे में नजर बिजनौरी शानदार मुशायरे में आये शायरों ने अपने दिलकश कलाम से समा बांध दिया और पूरे वक्त अपनी जादुई शायरी से श्रोताओं को बांधे रखा और झूमने पर मजबूर कर दिया। तो वहीं श्रोताओं ने भी अच्छे अशआर सुनकर शायरों को खूब दाद दी। इस अजीमुश्शान मुशायरे में अल्ताफ जिया, खुर्शीद हैदर, अली बाराबंकवी, जहाज देवबंदी, नकहत अमरोहवीं, राहुल शर्मा, मंजर नकहत मुरादाबादी, नौशाद अनघड़, तहजीब अबरार, ताहिर अरशी जैसे मशहूर ओ मारूफ शायरों और कवियों ने शिरकत कर अपने बेहतरीन कलाम से नवाजा। इन शायरों ने अपनी शायरी और अदाकारी से महफिल में जोश भर दिया।

# रंजिश के चलते दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षो के बीच चले लाठी-डंडो के बीच चार लोग घायल हो गए। घायलो को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरें के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाई किये जाने की मांग की हैं।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अंबेहटा शेखां निवासी समेदीन के पुत्र नाजिम ने बताया कि उसके पिता समेदीन मंगलवार को ट्रैक्टर लेकर अपना खेत जोतने के लिए गए थे। इसी दौरान गांव के ही सईद पक्ष के लोगों ने उन पर लाठी-डंडो और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिसमे सईद, अरशद, मुर्सलीन, असजद घायल हो गए। जबकि दूसरें पक्ष के मुबश्शीर ने बताया कि सईद के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। मंगलवार को जब वह अपने खेत में थे धारदार



हथियारों से हमला कर दिया। घायलो को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरें के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की।

# सभासदों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**देवबन्द।** बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद के चलते दूसरे सप्ताह भी बुध (पैठ) बाजार नहीं लगेगा। पालिका सभासदों ने एसडीएम युवराज सिंह को ज्ञापन सौंपकर पैठ बाजार लगवाने की व्यवस्था करने की मांग की है। वहीं, श्री बालाजी धाम मंदिर समिति ने पैठ न लगने के चलते बुधवार को सुंदरकांड पाठ को स्थगित कर दिया है।

पालिका की नजूल की भूमि पर साप्ताहिक बुध बाजार लगता आ रहा है। इसमें गरीब दुकानदार दुकानें लगाते हैं। जिसमें नगर ही नहीं बल्कि देहात क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। दो सप्ताह पूर्व रामलीला मैदान में खेल के दौरान बच्चों में मारपीट हो गई थी। अलग-अलग वर्गों के बच्चे होने के कारण हिंदू संगठनों ने जमकर हंगामा किया था। इसमें रिपोर्ट दर्ज हुई और कई लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था।



लेकिन यह पूरा प्रकरण नजूल की भूमि में पिछले 60 वर्षों से लगने वाले बुध बाजार पर आकर टिक गया है। इसे हटवाने के लिए मंदिर समिति समेत हिंदू संगठन लामबंद हैं। जिसके चलते लगातार दूसरे सप्ताह यह बाजार नहीं लगेगा। इससे गरीब दुकानदारों के सामने रोजी रोटी का संकट गहरा गया है। मंगलवार को पालिका सभासद औसाफ सिद्दीकी, पूर्व सभासद तौफीक अहमद जग्गी, सय्यद हारिस के नेतृत्व में सभासदों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बुध बाजार लगवाने की व्यवस्था करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालो में सभासद मौहम्मद शाहिद, डा. असलम अली, डा. वाजिद, शहजाद गौड आदि सभासद शामिल रहे।

# सांसद ने मृतक युवकों के परिजनों से की भेंट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पटाखा फैक्ट्री हादसे का शिकार हुए तीनों युवकों के परिजनों से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद व एमएलसी शाहनवाज खान ने देवबंद पहुंच मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पीड़ित परिजनों ने सांसद से घटना निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराने की मांग की।

मंगलवार को सांसद इमरान मसूद और एमएलसी शाहनवाज खान ने मृतक विकास के परिजनों से मिलने के लिए गांव जड़ौदा पहुंचे और घटना पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि इस विकट घड़ी में वह उनके साथ खड़े हैं और हर संभव मदद कराएंगे। कहा कि घटना बहुत ही दुखद है, पूरी घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। यदि कोई दोषी निकलता है उसे किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इसके उपरांत सांसद ने गांव गुनारसा और फतेहपुर पहुंचकर मृतक राहुल और विशाल के परिजनों से भी मुलाकात की और सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# कव्वाली व मुशायरा चढ़ा विरोध की भेंट

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेला पंडाल में होने वाला ऑल इंडिया मुशायरा विरोध की भेंट चढ़ गया। अब मेला पंडाल में यह कार्यक्रम नहीं होगा। इसके साथ ही मंगलवार को कव्वाली का कार्यक्रम भी आयोजकों ने मेले से बाहर ही कराने का निर्णय लिया हैं। हालांकि इस पर अधिकारियों ने पूरी तरह चुप्पी साधी हुई है। श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी शक्तिपीठ पर लगने वाले मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। लेकिन कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने 25 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर आगामी कार्यक्रम निरस्त करने की मांग की थी। वहीं, कुछ धार्मिक संगठनों से जुड़े लोग सोशल मीडिया पर मुशायरा और कव्वाली का विरोध कर रहे थे। चेतावनी दी जा रही थी कि अगर मेला पंडाल में यह कार्यक्रम हुए तो उसी स्थान पर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इसको लेकर आयोजकों में हलचल मची हुई थी। मुशायरे के आयोजक तो कमिश्वर और डीएम से भी मिलने पहुंचे थे। लेकिन कोई हल नहीं निकला। इसके चलते 30 अप्रैल को होना वाला ऑल इंडिया मुशायरा विरोध की भेंट चढ़ गया। जबकि मंगलवार को मेला पंडाल में होने वाला कव्वाली का कार्यक्रम भी आयोजकों ने मेले से बाहर कराया। इसको लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि इस संबंध में न तो पालिका अधिकारी और न ही कार्यक्रम आयोजक कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं।

# सनातन प्रेमी सेवा समिति आज मनाएगा परशुराम जन्मोत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

**गंगानगर।** सनातन प्रेमी सेवा समिति बक्सर मेरठ के तत्वाधान में आज बुधवार को भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव का कार्यक्रम भव्यता के साथ मनाया जाएगा। समिति के संयोजक विनोद गॉड ने बताया कि श्री परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर बुधवार की सुबह यज्ञ किया जाएगा जिसमें क्षेत्र के सभी क्षेत्रवासियों के द्वारा आहुति दी जाएगी। इसके पश्चात क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने वाले गणमान्य मान्य व्यक्तियों को समिति के द्वारा सम्मानित किया जाएगा तथा दोपहर में विशाल भंडारे का भी आयोजन समिति की तरफ से किया जाएगा। समिति के मुख्य संयोजक राजीव शर्मा ने जानकारी दी।

# शिक्षा के बिना तरक्की संभव नहीं हैं: कोतवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेघावी छात्र छात्रों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया।

बचीटी गांव स्थित एसवीएम मॉडल पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए देवबंद कोतवाल धर्मेंद्र सोनकर ने कहा कि असल हिंदुस्तान हमारे गांवों में बस्ता है। वर्तमान में देश के हर गांव में शिक्षा विकास का माध्यम बन रही है। कहा कि शिक्षा ही एक मात्र वह रास्ता है जिस पर चलकर कोई भी व्यक्ति अपना नाम विश्व पटल पर नाम चमका सकता है। गांव गोपाली के प्रधान नईम अहमद ने कहा कि शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है। किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश युवा अध्यक्ष राहुल खारी ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि अब किसानों के बच्चे भी शिक्षित होकर आईएएस, पीसीएस बन रहे हैं। पत्रकार खुशबू शर्मा,

स्कूल प्रबंधक प्रशांत त्यागी, प्रधानाचार्य शुभम त्यागी, उप प्रधानाचार्य अंकित लांबा ने भी अपने



विचार व्यक्त करते हुए सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में दसवी और बारहवीं कक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले 25 बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। अजय कुमार, शिवकुमार सिरोही एड., वंशिका त्यागी, नीता सैनी, मास्टर मेराज, सैयद मलिक, आर्यन सिरोही, संध्या सिरोही, साक्षी त्यागी आदि मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों ने पदक जीतकर क्षेत्र का नाम किया रोशन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** नेशनल कराटे चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने 38 पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। चैंपियनशिप में 18 राज्यो सहित सीमा सुरक्षा बल के जवानो सहित 500 खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था।

उत्तराखंड स्थित हरिद्वार में आयोजित नेशनल कराटे चौंपियनशिप में देवबंद बंसत एकेडमी के खिलाडी निशु प्रजापति और वासु जायसवाल ने भी अपनी-अपनी केटेगरी में रियल चांदी का बिस्किट जीता। जबकि आयुष, भारती, तेजस, वरनीका, तेजस धीमान, रोहन, सिमरन ने सिल्वर पदक अर्चना, तनु, अफ्फान गुज्जर, वंश, अंश, अनिकेत, अबदुल, संजी. वनी, अंशिका, मीनाक्षी ने ब्रान्ज मैडल जीत क्षेत्र का नाम रोशन किया। एकेडमी के चेयरमैन बंसत उपाध्याय ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को मेडल, सार्टिफिकेट के साथ चांदी के बिस्किट के साथ ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

# किसानों ने की जर्जर तार बदलवाने की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जर्जर हाईटेंशन लाइन बदलवाए जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं ने एक्सईएन कार्यालय पर प्रदर्शन कर एक सप्ताह के भीतर समाधान न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं ने एक्सईएन कार्यालय पहुंच जोरदार प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नैनसोब गांव में (ताशीपुर फिडर) पर हाईटेंशन लाइन जर्जर हालत में है। जिस कारण गांव में विद्युत सप्लाई बाधित रहती है इतना ही नहीं हर समय दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले दो दिन से खेतों की बत्ती गुल है जिस कारण फसलों की सिंचाई नहीं होने से किसानों को भारी



नुकसान हो रहा है। इस संबंध में एसडीओ नागल को कई बार सूचित किया जा चुका है लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। ज्ञापन में चेता. वनी दी गई है कि यदि एक सप्ताह के अंदर समाधान नहीं हुआ तो संगठन एक्सईएन कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को बाध्य होगी। ज्ञापन देने वालों में कन्हैया, नवाब अली, कल्लू त्यागी, दीपक कुमार व सुनील सैनी आदि शामिल रहे।

# जानी पुलिस ने 24 घंटे में किया हत्या का खुलासा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** सोमवार कि सुबह अंबेडकर भवन में किशोरी लाल की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। जानी थाने के नए थाना अध्यक्ष महेश सिंह राठौड़ ने इस मर्डर को चुनौती के रूप में लिया और इस हत्याकांड का 24 घंटे में ही खुलासा कर दिया। पुलिस ने बताया कि लगभग 7 महीने पहले विकास नाम के युवक की नहर में डूब कर मृत्यु हो गई थी लेकिन वह मृत्यु नहीं मर्डर था इस मर्डर केस में किशोरी लाल का हाथ था और विकास की हत्या का बदला लेने के लिए ही किशोरी लाल की हत्या की पटकथा तैयार की गई थी, और किशोरी लाल को मारने के लिए एक लाख की सुपारी मुजफ्फरनगर के बदमाश गुलशन पुत्र अंकुर को दी थी, एक लाख लेकर ही किशोरी लाल की हत्या की गई हत्या के तुरंत बाद



पुलिस ने कल ही गुलशन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था लेकिन जब पुलिस ने इस मामले की पूछताछ की तो पता चला की किशोरी लाल की हत्या सात महीने पहले विकास की हत्या का बदला लेने के लिए की गई है। किशोरी लाल जेल में बंद था वह 15 दिन पहले ही जेल से छुटकर आया था।

उसके जेल से छुटते ही उसकी हत्या की पटकथा लिख दी गई थी। पुलिस ने किशोरी लाल की हत्या के आरोप में राजू और गुलशन को सोमवार को ही जेल भेज दिया था। थाना प्रभारी व सिवाल चौकी इंचार्ज नरेश कुमार उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने ही गुलशन को पकड़ा था। थाना प्रभारी ने आपको बता दें कि थाना प्रभारी ने बड़ी मस्तानी के साथ इस केस पर काम किया और 24 घंटे में ही सफलता हासिल कर यह बता दिया कि वह क्षेत्र में होने वाले किसी भी क्राइम को हल्के में नहीं लेंगे और जल्द से जल्द इसका खुलासा करेंगे, उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी अपराधी को भक्षण नहीं जाएगा अपराध छोटा हो या बड़ा अपराधी के साथ पुलिस सख्ती से पेश आएगी उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करना है। महेश सिंह राठौड़ ने 24 घंटे में ही हत्या का खुलासा करके अपनी काबलियत का एहसास भी क्षेत्र की जनता और अधिकारियों को कर दिया है।

# नानू पुल के निकट दो कार भिड़ी, बड़ा हादसा टला

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** मेरठ करनाल हाईवे नानू गंगनहर पुल चौराहे पर सोमवार रात दो कार आपस में भीड़ गई। इस घटना में बच्ची सहित तीन लोग घायल हो गए। जिनका स्थानीय चिकित्सक से उपचार कराया गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सोमवार देर रात दिल्ली निवासी निसार अपनी बहन रिजवाना और चार वर्ष की भतीजी जारा के साथ कार में सवार होकर बिजनौर जा रहा था।

# इंसानियत की मिसाल थे हजरत मौलाना आकिल





दानिश आब्दी



मौ. अब्बास



अथर अब्बास

**पश्चिमांचल दर्शन संवाददाता**

**सहारनपुर।** शहर के प्रमुख लोगों ने हजरत मौलाना सैयद आकिल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें इंसानियत की एक मिसाल बताया और उन्होंने कहा कि जिन्हें हम कभी भुला नहीं सकते।

बड़ा इमामबारगाह खालापार जाफरनवाज के प्रबंधक/मुतवल्ली डा. सैयद अथर अब्बास जैदी, अंसारियान इमाम बारगाह के प्रबंधक/मुतवल्ली दानिश आब्दी तथा इंजीनियर मौ. अब्बास जैदी ने अपनी-अपनी अलग प्रतिक्रिया में हजरत मौलाना सैयद आकिल के बारे में बताया कि वह बेहद साधारण व्यक्ति थे। मोहल्ला मुफ्ती निवासी डा. सैयद अथर ने बताया कि हजरत मौलाना आकिल को हम बचपन से देखते चले आ रहे हैं। बेहद ही साधारण इंसान थे।

उनकी खिदमात जो समाज के लिए हुई थी, उसे हम कभी भुला नहीं सकते। उन्हीं से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके उसूल और उनकी खिदमात के लिए हमेशा उन्हें याद रखा जाएगा।

# नंगला हरेरू के फैज-ए-आम इंटर कॉलेज में सर्वोच्च अंक लाने वाले छात्रों को किया सम्मानित




**फलावदा।** कस्बे के मवाना रोड पर ग्राम नंगला हरेरू स्थित फैज ए आम इंटर कॉलेज में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रबन्धक एहतेशाम रिजवी ने की। इस अवसर पर ग्राम नगला हरेरू के प्रधान नसीम मलिक उपस्थित रहे। कॉलेज के प्रधानाचार्य अहतेशाम रिजवी ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता आपकी निरंतर मेहनत व लगन का प्रतिफल है आप जीवन में लक्ष्य बनाकर मेहनत करेंगे और निरंतरता बनाए रखेंगे तो आप अवश्य सफल होंगे। आप सभी उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो ईश्वर से यही कामना है। मेधावी छात्रों को शील्ड देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुबे सिंह, अनिरुद्ध धामा, मोहम्मद आरिफ, परविंद कुमार, अब्दुल कादिर, अमन राव, लखन तोमर, रिजा रिजवी, सोनू कुमार, रूबी रिजवी उपस्थित रहे।

**नीलामी प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है थाना नागल जनपद सहारनपुर पर खड़े हुए पुराने माल मुकदमाती (14) वाहन दो पहिया/चार पहिया वाहनों की नीलामी दिनांक 06.05.2025 को समय 12:00 बजे दिन थाना नागल पर होनी प्रस्तावित है। इच्छुक ठेकेदार निर्धारित सिक्योरिटी मनी (100000) एक लाख रुपये की धनराशि मय पेन कार्ड, मूल जीएसटी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व मूल चरित्र प्रमाण के साथ निर्धारित शर्तों को पूर्ण करते हुये नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं तथा इच्छुक ठेकेदार किसी भी कार्य दिवस पर थाने पर खड़े वाहनों को देख सकते हैं। सिक्योरिटी मनी नीलामी के दिन ही जमा होगी।

सम्पर्क सूत्र नम्बर-
हेड मोहर्रिर **योगेन्द्र सिंह**
मोबाइल- 8532808253.
**(रमेशचन्द्र सिंह)**
प्रभारी निरीक्षक
थाना नागल जनपद सहारनपुर।
मोबाइल 9454404190.

# अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल का शोभित विवि में स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ को अंतरराष्ट्रीय अकादमिक सहयोग की दिशा में एक ओर नई उपलब्धि की ओर कदम उठाया है, जब अमेरिका की प्रतिष्ठित संस्था सेक्रेड हार्ट यूनिवर्सिटी का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल विश्व. विद्यालय के परिसर में पधारा। इस प्रतिनिधिमंडल में सुश्री एडिथ गौटियर, निदेशक अंतरराष्ट्रीय प्रवेश, एवं आशीष राय, वरिष्ठ प्रबंधक अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय साझेदारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के मध्य भावी अकादमिक साझेदारी को लेकर सार्थक और विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। चर्चा का केंद्र बिंदु संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं की संभावनाओं, आधुनिक और वैश्विक मांग के अनुरूप शैक्षणिक पाठयक्रमों के



सह-विकास, तथा व्यवसाय प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर विज्ञान जैसे क्षेत्रों में क्षमतावर्धन के संयुक्त प्रयासों पर रहा। इसके अतिरिक्त, छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय विनिमय कार्यक्रमों, वैश्विक इंटर्नशिप्स और को-क्रिएटिव शिक्षण पद्धतियों पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने विवि की अधोसंरचना, अकादमिक नवाचारों और वैश्विक दृष्टिकोण की सराहना की। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. वी. के. त्यागी ने कहा शोभित विश्वविद्यालय का सदैव प्रयास रहा है कि हम अपने छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा, शोध और नवाचार के अवसर प्रदान करें। सेक्रेड हार्ट यूनिवर्सिटी के साथ प्रस्तावित साझेदारी इसी दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। यह सहयोग न केवल अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा, बल्कि छात्रों को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने हेतु आवश्यक कौशल और दृष्टिकोण भी प्रदान करेगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में विश्वविद्यालय की ओर से डीन अकादमिक प्रो. डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, कंप्यूटर साइंस विभाग की निदेशक डॉ. निधि त्यागी, डॉ. नेहा यजुर्वेदी, एवं अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित रहे। शोभित विश्वविद्यालय के इस प्रयास से न केवल अकादमिक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बल मिलेगा। बल्कि यह साझेदारी शोध, नवाचार एवं उद्यमिता को भी एक नई दिशा देगी।

# विधायक अमित-गुलाम ने अधिकारियों के साथ की मार्ग एवं सेतु की कार्ययोजना बैठक



**मेरठ।** विकास भवन सभागार में विधायक कैंट अमित अग्रवाल की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 की मार्ग एवं सेतु की कार्ययोजना अनुमोदन हेतु बैठक आहूत की गई। बैठक में औद्योगिक लाजिस्टिक पार्क हेतु मार्गों के चौड़ीकरण सुदढीकरण निर्माण कार्य, शहर में बाईपास रिंग रोड फ्लाईओवर, धमार्थ मार्गो के चौड़ीकरण विकास हेतु निर्माण कार्य, लघु सेतु निर्माण, रेल उपरिगामी सेतु, दीर्घ सेतु, ब्लैक स्पॉट रोड सेफ्टी, केन्द्रीय मार्ग एवं अवसंरचना निधि के अंतर्गत मार्गों का चौड़ीकरण सुढढीकरण, चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओ हेतु मार्गों का चौड़ीकरण एवं सुख्रकरण नवनिर्माण पुन: निर्माण का कार्य सहित कुल 16 बिन्दुओ पर प्रस्ताव रखते हुये विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा शहर के विकास हेतु अपने सुझाव भी दिये गये। विधायक ने बताया कि गांवो से शहरो की ओर आने-जाने का सिलसिला तेजी से बढ़ रहा है इसलिए सभी सड़को का चौड़ीकरण, टाईल्स लगाना, डिवाईडर बनाना, पुलिया बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र को शहरी क्षेत्र से जोड़ने वाली सड़को के चौड़ीकरण, कराये जाने का प्रस्ताव रखे गये है। डीएम डॉ. वी.के. सिंह ने संबंधित अधिकारी को शहर की आवश्यकताओ को दृष्टिगत रखते हुये सर्वे कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद, एमएलसी अश्वनी त्यागी, सीडीओ नूपुर गोयल, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग सत्येन्द्र सिंह सहित आदि रहे।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मौ0 सय्याद व उसकी पत्नी श्रीमति शहकारा मेरे परिवार के कहने में नहीं हैं उनके गलत आचरण के कारण मैंने उन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उनके किसी भी कार्य व लेनदेन का में व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

मुर्तज़ा पुत्र मकसूद
निवासी ग्राम तल्हेडी बुजुर्ग
थाना देवबन्द जिला सहारनपुर

# कार ने एमबीए की दो छात्राओं को कुचला, एक की मौत

## भोपा रोड़ पर हुई घटना, छुट्टी के बाद घर जाते समय हुआ हादसा, चालक भी हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भोपा रोड़ पर अनियंत्रित कार की टक्कर से एमबीए की छात्रा की मौत हो गई, जबकि दूसरी छात्रा गंभीर रूप से घायल है। हादसे में कार चालक भी घायल हुआ है। घायल छात्रा का आनंद अस्पताल में इलाज चल रहा, जबकि चालक को पुलिस ने इवान अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रत्यदर्शियों ने बताया कि कार चालक दोनों छात्राओं को कई मीटर तक घसीटता हुआ ले गया था।




भोपा थानाक्षेत्र के बेलडा गांव निवासी 22 वर्षीय संस्कृति शर्मा पुत्री दिनेश कुमार श्रीराम कालेज से एबीए कर रही है। मंगलवार दोपहर को वह सहपाठी आयुषी पुत्री रावल कुमार निवासी मखियाली गांव थाना नई मंडी के साथ कॉलेज से स्कूटी से लौट रही थी। इसी दौरान भोपा रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रही स्विफ्ट कार ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसा में दोनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई है। यह देखकर आसपास के लोग घटना स्थल की तरफ दौड पडे और घायल छात्राओं के पास के अस्पताल में ले गए, जहां डाक्टरों ने संस्कृति शर्मा को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही नई मंडी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे में घायल चालक को इलाज के लिए इवान अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि गंभीर रूप से घायस आयुषी का इलाज आनंद अस्पताल में चल रहा है। घटना स्थल की पडताल करने के बाद पुलिस अभी इस नतीजे पर नहीं पहुंची है कि हादसा कैसे हुआ है, जबकि आयुषी की स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि दोनों छात्राएं स्कूटी सडक किनारे खडी करने के बाद गन्ने का जूस पी रही थी, तभी तेजी से आ रही कार ने पहले स्कूटी में टक्कर मारी और फिर छात्राओं को कई मीटर कार सवार घसीटता हुआ ले गया था। दोनों छात्राओं की पहचान होने के बाद पुलिस ने उनके स्वजन का घटना की सूचना दी। संस्कृति की मौत की खबर मिलते ही स्वजन में कोहराम मच गया, जबकि आयुषी के स्वजन रोते बिलखते आनंद अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के बाद संस्कृति के शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। सीओ नई मंडी रुपाली राय ने बताया कि हादसे में एक छात्रा की मौत हुई, जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरी छात्रा का आनंद अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे में मखियाली गांव निवासी चालक भी घायल हुआ है। उसका इवान अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसा कैसे हुए इसकी सही जानकारी आयुषी के होश में आने पर पता चलेगी। दोनों छात्राएं श्रीराम कालेज से एबीए द्वितीय वर्ष की पढाई कर रही थीं। अभी स्वजन ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# कीटनाशक छिड़कते किसान की मौत

■ पलड़ा के जंगल में दवाई छिड़कते किसान की हालत बिगड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर क्षेत्र के गांव पलडा जंगल में खेत में कीटनाशक दवाई छिडकर रहे किसान की हालत बिगड गई और अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड दिया। ग्रामीणों का कहना है कि कीटनाशनक दवाई चढ़ने से मौत हुई है, जबकि मृतक के परिजन दूसरे भाई पर हत्या का आरोप लगा रहे है। आरोप-प्रत्यारोप के चलते पुलिस मौके परपहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक का पिता पूर्व प्रधान रह चुका है और उसका बड़ा भाई भी गांव की प्रधानी कर चुका है। शाहपुर क्षेत्र के गांव पलडा निवासी रघुवीर कश्यप गांव के प्रधान थे। और काफी समय पूर्व उनकी मौत हो चुकी है। कुछ वर्ष पूर्व रघुवीर का बड़ा बेटा धीरज पाल ने भी गांव की प्रधानी की और उसकी भी मौत हो गई थी।

रघुवीर के तीन बेटों में दो बेटे बचे थे इन्द्रपाल व कृष्णपाल। बताया जाता है कि मंगलवार की सवेरे करीब नौ बजे कृष्णपाल अपनी फसल में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने गया था यहां अचानक ही उसकी हालत बिगड गई। कृष्णपाल को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसको जिला अस्पताल के लिए रैफर किया गया। बताया जाता है कि रास्ते में भी कृष्णपाल की मौत हो गई। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया।

एक तरफ ग्रामीणां का कहना था कि कीटनाशक दवाई दीमाक में चढ़ने के कारण कृष्णपाल की मौत हुई तो वही परिवार के लोग दूसरे भाई पर हत्या का आरोप लगा रहे थे, हालांकि इस परिवार में रघुवीर का एक ही बेटा बचा हुआ है और ग्रामीणों का कहना है कि जमीन को लेकर दोनो भाईयों में मनमुटाव था। सूचना के बाद शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छनबीन की। पुलिस ने परिजन व ग्रामीणो से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक कृष्णपाल के दो बच्चे है जहां लडका व लड़की नौकरी करते है।




मुजफ्फरनगर : एक राष्ट्र-एक चुनाव पर हुई गोष्ठी में भाग लेते एमएलसी श्रीचंद शर्मा।

# पायदान की जगह लगाया पाकिस्तान का झंडा

■ सदर बाजार के एक दुकानदार ने ऐसा करके विरोध जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में सदर बाजार में स्थित एक दुकानदार ने पहलगाम की घटना पर अपना आक्रोश दिखाया है। उसने पाकिस्तान के झंडे दुकान के मुख्य गेट पर पायदान के स्थान पर लगाया है।

दुकान में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति पाकिस्तान के झंडे पर पैर रखकर भीतर जा रहा है।

पहलगाम में पर्यटकों की हत्या को लेकर लोगों में काफी गुस्सा है। प्रत्येक दिन जनपद में पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर लोग रोष प्रकट कर रहे है। सदर बाजार स्थित देव कम्प्यूटर सैंटर के मालिक ने पाकिस्तान के खिलाफ रोष जताया है। दुकान मालिक ने पाकिस्तान के झंडे को पायदान के स्थान पर लगा रखा है। इसका वीडियो भी वायरल हुआ है।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की शह पर पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए नरसंहार के विरोध में जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे है तथा लोग पाकिस्तान और आतंकियों के खिलाफ निर्णाय लड़ाई लडने का दबाव भारत सरकार पर बना रहे है।



मुजफ्फरनगर : भाकियू नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन करते किसान।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव पर 47 में से 32 दल सहमत

## लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए जरूरी है एक राष्ट्र-एक चुनाव : श्रीचंद शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर विधानसभा क्षेत्र की गांधी कॉलोनी स्थित गांधी वाटिका में आज 'एक राष्ट्र - एक चुनाव' विषय पर एक विचारमंथनात्मक जनप्रतिनिधि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सम्माननीय सदस्य श्री श्रीचंद शर्मा जी ने सहभागिता की और अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम संयोजक नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार मे स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल रहे।

श्री शर्मा जी ने 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' की संकल्पना पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए इसके संवैधानिक, प्रशासनिक एवं सामाजिक पहलुओं की गहन व्याख्या की। उन्होंने बताया कि यह पहल देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं प्रभावशाली बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

उन्होंने तर्कसंगत रूप से बताया कि यदि लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएं, तो इससे समय, संसाधन एवं धन की भारी बचत होगी। साथ ही, शासन व्यवस्था पर चुनावी आचार सं.हता के बार-बार लागू होने से उत्पन्न अवरोधों को भी रोका जा सकेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय महत्व के इस विषय पर समाज के प्रबुद्ध वर्ग, जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों एवं नागरिकों के मध्य संवाद स्थापित कर एक व्यापक सहमति की दिशा में सार्थक विचार-विमर्श करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सभासद रहे श्रीपाल शर्मा ने की तथा विचार गोष्ठी में जनप्रतिनिधियों, समा.जसेवियों, शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं, युवा नेताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विषय से संबंधित अपने विचार साझा किए। सभी प्रतिभागियों ने एकमत से कहा कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' की संकल्पना भारत को राजनीतिक स्थायित्व, समावेशी विकास एवं सुशासन की दिशा में सशक्त बना सकती है, बशर्ते इसकी व्यवहारिक चुनौतियों का समुचित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री कपिल देव ने कहा कि जब देश एक है, संविधान एक है, तिरंगा एक है तो चुनाव क्यों अलग-अलग हों? एक साथ चुनाव सिर्फ एक व्यवस्था नहीं, बल्कि एकता का उत्सव बन सकता है। उन्होंने कहा कि 'यह विचार एक नेता का नहीं, एक सरकार का नहीं, यह विचार भारत माता के भविष्य का है। उन्होंने इस विचार को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला उपाध्यक्ष संजय गर्ग, जिला मंत्री शरद शर्मा, अभिषेक गुर्जर, चेयरमैन रामनाथ ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अमित शास्त्री, दीपक मित्तल, प्रवीण खेडा, नंद किशोर पाल, सभासद रजत धीमान, नवनीत गुप्ता, प्रशांत गौतम, योगेश मित्तल, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, प्रशांत चौधरी, गांधी कॉलोनी हाउसिंग सोसाइटी अध्यक्ष पवन छाबडा, ओमप्रकाश अरोरा, सुरेंद्र नगर हाउसिंग से विशाल गर्ग, श्रीपाल पुंडीर, गांधी नगर हाउसिंग सोसाइटी अध्यक्ष उषा गुप्ता, पवित्रा गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, जैन मिलन सोसाइटी से योगेन्द्र जैन एडवोकेट सहित नगर क्षेत्र के सभी सभासद, समस्त ग्राम प्रधान एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# भाकियू की राष्ट्र विरोधी मानसिकता के खिलाफ प्रदर्शन

■ राजू अहलावत हुए हमलावर तो राकेश टिकैत ने दी सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में भाजपा किसान प्रकोष्ठ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले का विरोध करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा तथा भाकियू नेताओं पर राष्ट्र विरोधी मानसिकता का आरोप लगाया तो अपने बड़े भाई चौधरी नरेश टिकैत की तरह राकेश टिकैत भी अपने पूर्व में दिए गए बयान पर सफाई देने लगे।

किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजू अहलावत ने कहा कि पहलगाम में हुआ हमला देश की शांति और एकता पर प्रहार है। उन्होंने किसान नेता टिकैत बन्धुओं के बयान की भी आलोचना की। अहलावत ने कहा कि टिकैत का बयान राष्ट्रविरोधी मानसिकता को दर्शाता है। राजू अहलावत ने कहा कि वरिष्ठ किसान नेता को देश के विरुद्ध बयान नहीं देना चाहिए। प्रकोष्ठ के नेताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से केंद्र सरकार से दो मांगें की हैं। पहली, पहलगाम हमले के दोषियों पर कडी कार्रवाई हो। दूसरी, देशविरोधी बयान देने वालों की जांच की जाए। राजू अहलावत आदि किसानों की ओर से भाकियू नेतृत्व पर प्रश्न चिन्ह लगाए जाने के बाद भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने अपना पक्ष रखा है। टिकैत ने कहा कि वे भारत सरकार के साथ हैं। उन्होंने कहा कि निहत्थे लोगों की हत्या से पूरा देश दुखी है। उन्होंने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे इस घटना का राजनीतिक फायदा न उठाएं। टिकैत ने कहा कि इस मुद्दे पर बहस की नहीं, कार्रवाई की जरूरत है। भाकियू अध्यक्ष नरेश टिकैत के विवादित बयान पर पूछे गए सवाल पर राकेश टिकैत ने कहा कि उल्टे-सीधे सवालों का जवाब भी उल्टा-सीधा हो सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सवालों को ब्लैक लिस्ट में डाला जाएगा।

टिकैत ने यह भी स्पष्ट किया कि न तो हम कमजोर हैं और न ही हमारी सरकार कमजोर है। पहलगाम मामले में सरकार अपने काम पर लगी है, लेकिन वह हर चीज हर प्लेटफार्म पर नहीं बताएगी हमने कहा कि हम सरकार के साथ हैं जहां जरूरत पडेगी अगर चार लाख ट्रैक्टर दिल्ली में आ सकते हैं कहीं पानी रोकने की बात होगी तो चार लाख ट्रैक्टर मिटी लेकर भी वहां जा सकते हैं। जो दिल्ली गए हैं वह वहां पर भी जाएंगे मगर सरकार बताएं। जहां पर जरूरत होगी तो इतनी मिट्टी हमारे पास में है। चार धाम यात्रा के सवाल पर उन्होंने कहा कि ये सरकार के फैसले होते हैं जिसे सरकार को ही करने चाहिए।

## साइबर ठग ने बैंक अधिकारी बताकर हजारों की नकदी ठगी

**मुजफ्फरनगर।** बैंक अधिकारी बता कर साइबर ठगों ने एक युवक के खाते से एक लाख 38 हजार रुपये उडा लिए। नगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच साइबर हेल्प डेस्क कर रही है। नगर कोतवाली के रोहाना कस्बा निवासी मोहित कुमार बताया, उसके मोबाइल एक व्यक्ति की काल आई थी। कालर ने खुद को बैंक अधिकारी बताते हुए खाते की केवाईसी कराने की बात कही थी। इसके बाद साइबर ठग ने वाट्सएप पर एक लिंक भेजकर उसे क्लिक करने को कहा था। साइबर ठग की बातों में आकर पीडित ने लिंक पर क्लिक किया तो उसका मोबाइल हैंक हो गया। इसके बाद कई ओटीपी नंबर आए और खाते से रकम निकलती चली गई और चार बार में उसके खाते से एक लाख 38 हजार 35 रुपये निकाल गए। मुकदमा दर्ज साइबर हेल्प डेस्क ने जांच शुरू कर दी है।

# दुष्कर्म के आरोपी के मकान पर कुर्की का नोटिस चस्पा

■ आरोपी के मकान की सम्पत्ति कुर्क करने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी के घर कुर्की के नोटिस चस्पा किए है। आरोपी को 25 मई तक कोर्ट में हाजिर होने का समय दिया गया है। इसके बाद पुलिस आरोपी की संपत्ति कुर्क करने के आदेश लेने के लिए कोर्ट में आवेदन करेगी।

थाना चरथावल के एक गांव में रहने वाली एक युवती को नई मंडी कोतवाली के गांव बझेडी निवासी जिशान ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया था। युवक का युवती के गांव में अपने रिश्तेदार के यहां आना जाना था। इसी का फायदा उठाकर युवती ने युवती को प्रेमजाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर उसके साथ काफी समय से दुष्कर्म किया। आरोप है कि युवती की अश्लील वीडियो भी बना ली गई। परिजनों ने शादी के लिए युवती का रिश्ता दूसरे युवक से तय कर दिया। यह पता चलने पर जिशान ने युवती की वीडियो उसके होने वाले पति को भेज दी। जिससे रिश्ता टूट गया। युवती के पिता ने फरवरी 2025 को चरथावल थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी के न पकडे जाने पर चरथावल पुलिस ने आरोपी के घर बझेड़ी में कुर्की के नोटिस चस्पा किए है।

# तनिष्क के शोरूम में ग्राहकों को भा रहा गहनों का कलेक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तनिष्क शादियो के सीजन में ग्राहकों को लुभाने के लिए नई डिजाइन के साथ ही आम आदमी की जेब को ध्यान में रखते हुए हल्के गहने भी लाया है। इसके चलते ग्राहकों को गहनों का कलेक्शन भा रहा है। 22 व 24 कैरेट के लिए तनिष्क जाना जाता है। अब 18 कैरेट सोने के गहने भी यहां मिलेंगे। यूपी व उत्तरांचल के तनिष्क शोरूम में इसे बडे स्तर पर लांच करने की तैयारी है। शुरुआत वाराणसी व गोरखपुर से होने जा रही है। तनिष्क के यूपी व उत्तराखंड के रीजनल मैनेजर अरुण कुमार कहते हैं कि यूपी व उत्तराखंड के 49 शोरूम के जरिए ग्राहकों का विश्वास जीतने में तनिष्क सफल रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राहक अक्षय तृतीया के मौके पर केवल 25 प्रतिशत

राशि देकर सोने की बुकिंग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में विवाह मुहूतों की भरमार के चलते तनिष्क के 'रिवाह' कलेक्शन की विक्री में 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। 'रिवाह' तनिष्क का खास शादी-समर्पित कलेक्शन है, जिसे 'रिवाज' और 'विवाह' शब्दों को जोड़कर नाम दिया गया है। कंपनी ने इसके लिए शोरूम में अलग सेक्शन तैयार किया है, जो दूल्हा-दुल्हन और उनके परिवारों को खूब पसंद आ रहा है। इस कलेक्शन में ग्लास कुंदन और 'अनबाउंड' हार खास आकर्षण हैं। ग्लास कुंदन की शुरुआती रेंज 6 से 10 लाख रुपये है और करीब 70 प्रतिशत ग्राहक इसकी मांग कर रहे हैं।

वहीं, डायमंड और स्टोन से बने 'बनबाउंड' हार भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। उनके मुताबिक अक्षय तृतीया पर डिलीवरी के समय उन्हें बुकिंग वाले दिन का रेट या बाजार में घटे हुए रेट जो भी कम होगा, उसी पर सोना मिलेगा। साथ ही, तनिष्क की आधुनिक मशीनों से पुराने सोने की जांच कराकर उसमें से केवल दो-तीन प्रतिशत कटौती पर नया सोना लिया जा सकता है, जबकि बाजार में कटौती काफी ज्यादा होती है। इसके अलावा 'गोल्डेन एड्वांटेज' और 'गोल्डेन हार्वेस्ट' जैसी स्कीमें भी लोगों को खूब पसंद आ रही हैं।



# ऑडियो वायरल कर हालात खराब करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरांपुर।** पुलिस ने ऑडियो वायरल कर माहौल खराब करने के मामले में प्रवेश पुत्र सत्तार निवासी कस्बा व थाना मीरापुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना क्षेत्र मीरापुर के कस्बा मीरापुर में गत 28 अप्रैल को एक ऑडियों वायरल हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति द्वारा एक हिन्दू दुकानदार का बायकॉट करने व सामान न खरीदने की अपील की गयी थी। बताया जाता है कि उक्त व्यक्ति के द्वारा कई मस्जिदों में मौलानाओं के द्वारा भी यह ऐलान करा दिया गया है। पुलिस ने इसकी तत्काल जांच शुरू कर दी थी। इतना ही नहीं इस मामले को पहलगाम, जम्मू कश्मीर की घटना से जोड दिया गया है।

पुलिस जांच में पता चला कि दुकानदार का ऑडियो वायरल करने वाले व्यक्ति के साथ कोल्डड्रिंक खरीदने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के चलते व्यक्ति द्वारा यह ऑडियो वायरल की गयी थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी जानसठ यतेन्द्र सिंह नागर ने बताया कि किसी भी मस्जिद से कोई भी इस तरह का ऐलान नहीं किया गया है। पुलिस द्वारा ऑडियो वायरल करने वाले व्यक्ति प्रवेश पुत्र सत्तार निवासी कस्बा व थाना मीरापुर, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया है।

# जहीर फारूकी की आठ बीघा जमीन पर बनेगा राजकीय इण्टर कॉलेज

■ जमीन के कागजात सौंपते ही जिलाधिकारी ने शुरू कराई कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** पुरकाजी कस्बे में इण्टर कॉलेज के लिए पुरकाजी चेयरमैन जहीर फारूकी ने आठ बीघा जमीन दान देने संबंधी दस्तावेज आज जिलाधिकारी को सौंपे। जिस पर उन्होने डीआईओएस को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

मिली जानकारी के अनुसार पुरकाजी चेयरमैन जाहिर फारूकी ने मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर के कार्यालय में सुबह पहुंचकर उन्हें एक आठ बीघा जमीन का बैनामा और कोलिज बनाने का प्रस्ताव



सौंपते हुए बताया कि पुरकाजी कस्बा आजादी से पहले से ही टाउन एरिया है तथा लंबे समय से कस्बा चल रहा है लेकिन कस्बे दुर्भाग्य की बात है कि कस्बा पुरकाजी में आज तक भी कोई सरकारी हाई स्कूल अथवा इंटर कॉलेज नहीं है जबकि पुरकाजी से विधायक सांसद गृह राज्य मंत्री जैसे पदों पर भी लोग रह चुके हैं। जिस कारण गरीब मजदूर लोगों के अधिकतर बच्चे संसाधनों ओर पैसों की कमी के कारण कक्षा 8 के बाद अपनी पढाई को छोड देते हैं जाहिर फारूकी ने बताया कि पुरकाजी देहात में एक राजकीय इंटर कॉलेज बिजली घर के पास है इस कॉलेज की भी छात्रों की धारक क्षमता पूरी होने के कारण पुरकाजी के अधिकतर बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। जाहिर फारूकी ने खाईखेडी रोड पर मुख्य मार्ग पर 8 बीघा जमीन का बैनामा लिया जिसका खसरा नंबर 1279 है इस जमीन पर इंटर कॉलेज बनाने के लिए बैनामा और सहमति पत्र जिला अधिकारी को देते हुए जहीर फारूकी ने कहा कि आप पुरकाजी की जनता के उज्जवल शिक्षित भविष्य के लिए पुरकाजी में राजकीय इंटर कॉलेज की स्थापना कर दीजिए जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर उमेश मिश्रा ने चेयरमैन जाहिर फारूकी को आश्वासन दिया कि आपके इस प्रस्ताव और जमीन के कागज को संयुक्त रूप से जिला विद्यालय निरीक्षक को उचित कार्यवाही के लिए भेज रहा हूं गौरतलब हो कि पुरकाजी में बडे-बडे अरबपति करोडपति व्यापारी एवं नेतागण निवास करते हैं लेकिन फिर भी पुरकाजी में किसी ने आज तक हाई स्कूल तक के लिए अपने पास से 100 गज जमीन तक नहीं दी है जाहिर फारूकी ने अपनी तरफ से इंटर कॉलेज के लिए जमीन देकर यह साबित कर दिया है कि अच्छे काम करने के लिए कोई बडा व्यापारी या बडा नेता होना ही जरूरी नहीं होता है इंसान की सोच अच्छी और बडी होनी चाहिए इससे पूर्व में भी पुरकाजी देहात स्थित राजकीय इंटर कॉलेज भी जाहिर फारूकी के प्रयासों से शुरू हुआ था कॉलेज में 300 बच्चों के एडमिशन के बाद वहां पर बैठने के लिए फर्नीचर तक नहीं था जाहिर फारूकी ने जन सहयोग से साढे तीन लाख रुपए का फर्नीचर तीन दिन में राजकीय इंटर कॉलेज में डलवा कर कॉलेज शुरू करवा दिया था कॉलेज के शुरू के दो साल तक राजकीय इंटर कॉलेज के 4 अस्थाई अधयापकों का वेतन भी फारूकी ने अपनी जेब से दिया था। जाहिर फारूकी ने शिक्षा के क्षेत्र में एक और बडा ही सराहनीय कार्य किया है आज के इस दौर में जब कोई अपनी एक फीट जगह भी देने के लिए तैयार नहीं होता है ऐसे दौर में जाहिर फारूकी अपने पास से बेशकीमती आठ बीघा जमीन पुरकाजी की जनता के बच्चों के उज्जवल शैक्षिक भविष्य के लिए अपने पास से सरकार को दे रहे हैं जिसकी कीमत 1 करोड रुपए से ऊपर है। पुरकाजी की जनता अपने चेयरमैन की खूब जमकर प्रशंसा कर रही है।

# दो वाहनों की भिड़ंत में दोनों चालक हुए घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बुलेट और बाइक की जोरदार भिड़ंत में दोनों चालक गंभीर रुप से घायल हो गये। दोनों घायलों को जिला हस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कस्बे के मौहल्ला पूर्वी पछाला निवासी करीब 24 वर्षीय वासू पुत्र पंकज शर्मा आज अपनी बहन गुनगुन को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के बायवाला पुलिस चौकपोस्ट पर लेने के लिए बुलेट पर जा रहा था। उसकी बहन मेरठ से पढकर अपने घर आ रही थी जो कि अपने भाई का बायवाला चौकी के पास खड़ी हुई इंतजार कर रही थी। जब वासु लगभग दो बजे बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर एक रेस्टोरेंट के पास आया तो विपरीत दिशा से आ रही एक स्पलेंडर मोटर साईकिल की बुलेट से भिड़ंत हो गयी। जिसमें दोनों वाहनों के चालक गंभीर रुप से घायल हो गये। आते जाते लोगों की सूचना पर बायवाला पुलिस चौकी के प्रभारी किशन पाल सिंह यादव ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को अपनी सरकारी जीप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में पहुंचाकर मोबाइल फोन के आधार पर घटना की सूचना दोनों युवकों के परिजनों को दी तो परिजन कुछ ही देर बाद रोते बिलखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में पहुंचे तो पुलिस ने परिजनों को सांत्वना दी उधर चिकित्सकों ने दोनों की हालत को गंभीर देखते हुए उनको जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। जहां पर दूसरे युवक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां निवासी 35 वर्षीय नूर पुत्र अनीस की हालत गंभीर बनी हुई थी।

# घाड क्षेत्र के विकास को विधायक उमर कर रहे प्रयास

## बेहट विधानसभा क्षेत्र की बरसाती नदियों पर बनेंगे तटबंध, सीसी व खडंजों का होगा निर्माण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी से बेहट विधायक उमर अली खान के घाड क्षेत्र में विकास के प्रयास के चलते मुजफ्फराबाद में कृषि विभाग प्रशिक्षण केन्द्र की नई बिल्डिंग तैयार होगी। साथ ही बरसाती नदियों पर तटबंध और कई गांवों में सीसी रोड व खड़ंजों का निर्माण होगा।



पंचायती राज समिति की बैठक में समिति के सदस्य व बेहट विधानसभा सीट से विधायक उमर अली खान ने घाड क्षेत्र के विभिन्न मुद्दे उठाए। इस दौरान उन्होंने ब्लॉक मुजफ्फराबाद में स्थित कृषि विभाग के प्रशिक्षण केंद्र की जर्जर बिल्डिंग की जगह नई बिल्डिंग के निर्माण, क्षेत्र के गांव शाहजहांपुर, अलीपुर, खुजनावर, दबकौरा में सीसी रोड और खड़ंजा निर्माण तथा बरसाती नदियों का सर्वे कराकर बांध और टक्कर बनाए जाने की मांग की। उनकी इन मांगों पर समिति ने सहमति दे दी है और जल्द ही मुजफ्फराबाद में स्थित कृषि विभाग के प्रशिक्षण केंद्र की नई बिल्डिंग का निर्माण व बरसाती नदियों के बांध व टक्कर और खड़ंजा व सीसी निर्माण कराए जाएंगे।

### युवक की मौत

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर कलां में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक युवक की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना किसी कार्यवाही के गांव के शमशान घाट में उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

मंगलवार सुबह सचिन 30 पुत्र जसवंत सिंह अचानक कमरे मे अचेत अवस्था में मिलने से परिजन घबरा गये। तभी उसे लेकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मृत्यु का कारण हार्ट अटैक होना बताया जा रहा है। बताते हैं कि सचिन अपने तीन भाइयों में सबसे बड़े था और अभी कुछ माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। सचिन की मौत से परिवार पर गमों का पहाड़ टूटा है। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद सिंह ने बताया कि सचिन की मौत होने की सूचना पुलिस को मिली थी लेकिन परिजनों ने कानूनी कार्यवाही से इनकार कर दिया।

# स्थापना दिवस पर सजाया कीर्तन दरबार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिंह ब्रदर्स वेलफेयर सोसाइटी के 7 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में गुरुद्वारा भाई किरपाल सिंह में कीर्तन दरबार सजाया गया।

दिल्ली रोड स्थित गुरूद्वारे में श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी द्वारा सुखमनी साहिब का पाठ किया गया एवं रागी जत्था अनुज सिंह ने गुरबाणी कीर्तन सुना कर संगत को किया निहाल। इस दौरान नगर विधायक राजीव गुंबर संस्था अध्यक्ष मनिंदर सिंह, प्रबंधक मनजोत सिंह, कोषाध्यक्ष चरणप्रीत सिंह, शेर सिंह, साहिब सिंह, राजविंदर सिंह, त्रिला.चन सिंह, गुरजंट सिंह, रविन्द्र सिंह, गुरप्रीत सिंह खालसा, गुरविंदर सिंह, योगेश दहिया आदि मौजूद रहे।

# अवसरवादी व स्वार्थी तत्वों से सतर्क रहें बसपाई: हाजी सरफराज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा के मंडल कोर्डिनेटर हाजी सरफराज राईन ने कहा कि बहनजी ने कार्यकर्ताओं से असवरवादी व स्वार्थी तत्वों से सतर्क रहने तथा आकाश आनंद का हौंसला बढाये जाने के लिये कहा।

हाजी सरफराज राईन ने बताया कि बहनजी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि बसपा से जुडे कुछ लोग अपनी नासमझी, जोश व लापरवाही या विरोधी पार्टियों के षडयंत्र के बहकावे में आकर काफी गलती कर बैठते है जिन्हें फिर पार्टी हित में सुधारने के लिये पार्टी की जिम्मेवारी से अलग करना व गंभीर मामलों में निकालना भी पडता है। उनमें से कुछ में परिवर्तन आने व माफी मांगने के बाद फिर पार्टी व मूवमेंट के हित में लेना भी पडता है और जबसे पार्टी बनी है तो ऐसा किया जाता रहा है। जिन्हें पार्टी से कई-कई बार निकाला भी और वापस भी लिया। ऐसा अन्य पार्टियों में भी होता है। बहनजी ने एक्स पर लिखा कि आकाश आनंद के मामले में खासकर बहुजन समाज के कुछ स्वार्थी व बिकाऊ लोग जिन्होंने पार्टी के वोटों को बांटने व कमजा.र करने के लिये अपनी अनेकों पार्टी व संगठन आदि बनाये हुए है वह इस बात का मीडिया में आये दिन काफी गलत प्रचार करते रहते है। ऐसे अवसरवादी व स्वार्थी तत्वों से पार्टी के लोग सतर्क रहे तथा आकाश आनंद का अब हौंसला भी जरूर बढाये, ताकि वह पार्टी के कार्यो में पूरे जी जान से जुट जाये। उन्होने कहा कि इसी प्रकार पार्टी में अन्य जो भी लोग वापस लिये गये है उन्हें भी पूरा आदर सम्मान दिया जाये जो पार्टी हित में है।

# वर्क संगठन ने मौन व्रत रख लिया संकल्प




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पहलगाम में साम्प्रदायिक सौहार्द को तोडने वाली आतंकी घटना का संगठन वर्क द्वारा विरोध जताते हुए निंदा की गयी। साथ ही मौन व्रत रख भारत को आध्यात्मिक विश्व गुरू बनाने का संकल्प लिया गया।

गांधी पार्क में आयोजित आक्रोश सभा में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वर्णजीत सिंह ने कहा कि सभी धर्मों का उद्देश्य शांति और सेवा है। डॉ. असलम ने कहा कि उनकी मुलाक.ात 1974 में यासिर अराफात से हुई थी, और तभी से उनका यह विश्वास है कि फिलीस्तीनी युद्ध के माध्यम से विजय प्राप्त नहीं कर सकते। इस समस्या का समाधान केवल सहनशील मानसिकता के माध्यम से संभव है। उन्होंने यह भी बताया कि 1972 में भारत सरकार ने पाकिस्तान के अत्याचारों से बांग्लादेश को स्वतंत्र कराया था और बदले में उस पर कब्जा नहीं किया, बल्कि उसे एक स्वतंत्र राष्ट्र बनने में मदद की। भारत वसुधैव कुटुम्बकम् के सिद्धांत पर चलता है और विश्व में आध्यात्मिक शांति स्थापित करना चाहता है। कार्यक्रम का संचालन आर्किटेक्ट आदिल फारूक ने किया।

# आज जनपद में होंगे दो डिप्टी सीएम व कई मंत्री

**सहारनपुर।** उप मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्री एवं राज्यमंत्रियों का कल (आज) जनपद में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।

प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद में उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग सुरेश खन्ना, राज्यमंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग बलदेव सिंह औलख, राज्यमंत्री इलेक्ट्रानिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अजीत सिंह पाल, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजा.पति, सभापति विधान परिषद कुँवर मानवेन्द्र, सभापति व अध्यक्ष, यूपीआरएनएसएस सहकारिता विभाग प्रेम सिंह शाक्य, बुन्देलखण्ड योगी अर्पित दास महाराज डायरेक्टर राज्य निर्माण सहकारी संघ, राष्ट्रीय महामंत्री भारत युवा साधु समाज आयेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों व जन प्रतिनिधियों से भेंटवार्ता करने के उपरांत विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरसावा का निरीक्षण करेंगे तथा जनपद के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के सम्बंध में समीक्षा बैठक करेंगे। मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग उत्तर प्रदेश सुरेश खन्ना जनप्रतिनिधियों से भेंटवार्ता एवं वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

# टैक्स आपत्तियों पर निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने टैक्स बिलों के सम्बंध में आयी आपत्तियों का तीन दिन के भीतर निस्तारण करने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने तेजी के साथ बिलों की जांच व सर्वे पर जोर दिया। नगरायुक्त ने यह निर्देश जनसुनवाई में आयी एक शिकायत के संदर्भ में दिए। जनसुनवाई में आज नौ शिकायतें आयी जिनमें से एक का निस्तारण तत्काल कराया गया। बाकि शिकायतों के सम्बंध में नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।

**■ नगर आयुक्त ने तीन दिन के अन्दर निस्तारण करने के दिए निर्देश**

वार्ड 6 वर्धमान कॉलोनी के धरमवीर ने टाइल्स वाली गली में साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर तत्काल क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व कर्मचारी को भेजकर सफाई करा दी गयी। इसके अलावा दाबकी जुनारदार वार्ड नंबर बीस की न्यू पारस विहार शुभ सिटी कॉलोनी की महिलाओं नीलम, ललिता, सीमा, पूनम चौधरी व रति आदि ने एक प्रार्थना पत्र देकर कहा कि अनेक घरों का पानी पुलिया नीची होने के कारण सड़क व प्लाटों में फैल रहा है। महिलाओं ने पुलिया को ऊँची उठवाकर पानी निकासी की व्यवस्था करने का अनुरोध किया। जिस पर नगरायुक्त ने मुख्य अभियंता निर्माण को स्थलीय निरीक्षण कराकर अविलंब समाधान कराने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त वार्ड 63 राजपूत कॉलोनी के नसीब खां ने स्ट्रीट लाईट ठीक कराने, वार्ड 7 खुर्जा मिल निवासी विष्णु ने गली में अवैध रुप से कुछ लोगों द्वारा खड़ी की गयी दीवार हटवाने, वार्ड 13 अमरदीप कॉलोनी के संदीप ने कॉलोनी में चलायी जा रही अवैध डेरियो को बंद कराने, वार्ड 31 मानकमऊ के संजय ने खत्रीवाला तालाब की भूमि को कब्जा मुक्त कराने तथा वार्ड 43 इलाहीपुरा के इरफान ने नाले के ऊपर किये गए अतिक्रमण को हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# वक्फ संशोधन अधिनियम पर न फैलाएं भ्रांतियां: हरीश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर ने कहा कि वक्फ बिल को लेकर विपक्ष भ्रांतियां न फैलाये।

हरीश ठाकुर आज भाजपा कार्यालय पर वक्फ बोर्ड को लेकर महत्वपूर्ण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल दोनों सदनों में पास हो गया है अब वक्फ बिल को लेकर विपक्ष भ्रांतियां फैला रहा है विपक्ष के झूठ और भ्रमजाल को दूर करने के लिए वक्फ सुधार जन जागरण अभियान प्रारंभ किया गया है इसमें हमको बताना है कि किस तरह पूर्व में वक्फ द्वारा पसमांदा मुसलमानो पिछड़े वर्ग के साथ हिंदू सिख, ईसाई समाज के



धार्मिक स्थलों जमीनों पर अवैध कब्जा था। विधेयक से बौखलाकर विपक्ष वक्फ जमीनों पर कब्जा बनाये रखने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपना रहा है। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस के घिलौने कृत्य को उजागर करने एवं अल्पसंख्यकों तक सही जानकारी पहुंचाने के लिए वक्फ सुधार जन जागरण अभियान प्रदेश के द्वारा चला जा रहा है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेंद्र सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, अभियान के संयोजक जिला के महामंत्री विरेंद्र पुंडीर, जिला महामंत्री पवन सवई, जिला उपाध्यक्ष अजीत राणा, सत्यपाल चौधरी, जिला मंत्री संजय राणा, विपिन भारतीय, जिला मीडिया प्रभारी विपिन चौधरी, अनिल सिंघल, नितिन गुप्ता, अल्पसंख्यके जिलाध्यक्ष हैदर चौधरी सभी ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, मंडल के अध्यक्ष व सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सौ करोड़ की आय के लिए स्वयं को तैयार करें निगम: शिपू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम वर्ष 2025-26 में अपनी आय सौ करोड़ रुपये करने के लिए अपने को तैयार करें और निगम की आय बढ़ाने के लिए आय के सभी स्त्रोतों की समीक्षा करें कि किन-किन मदों में निगम की आय बढ़ायी जा सकती हैं।



नगरायुक्त शिपू गिरि ने यह निर्देश आज शाम अधिकारियों को एक बैठक में दिए। निगम के प्रमुख अधिकारी व स्मार्ट सिटी के अधिकारी जहां बैठक में मौजूद रहे वहीं विभागों के सभी विभागाध्यक्ष ऑन लाइन मीटिंग के माध्यम से शामिल रहे। नगरायुक्त ने कहा कि निगम की जितनी अधिक आय होगी उसी के अनुपात में केंद्र सरकार से सीएम ग्रिड में निगम को विकास योजनाओं के लिए धन मिलेगा। उन्होंने स्मार्ट सिटी को भी आत्म निर्भर बनाने के लिए स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के रेवेन्यू मॉडल शीघ्र से शीघ्र तैयार करने पर जोर दिया। नगरायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में टैक्स वसूली की समीक्षा हर रोज करने और बडे़ बकायादारों की सूची बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई भवन जीआईएस सर्वे में छूट गए हैं तो उन्हें चिह्नित कर उनसे वसूली की जाए। गत वर्ष जिन लोगों ने टैक्स नहीं दिया है उनकी सूची बनाकर उन्हें एसएमएस करें।

उन्होंने कहा कि मनोरंजन कर अधिकारी से सभी सिनेमाओं की सूची प्राप्त कर सभी पर टैक्स वृद्धि के लिए प्रति सीट के हिसाब से प्रस्ताव बनाए। गुघाल आदि मेलों में विज्ञापन के लिए टैण्डर किये जाएं। इसके अलावा सीएमओ कार्यालय से नर्सिंग होम व हॉस्पिटल, खाद्य विभाग से होटल, रेस्टोरेन्ट व मीट-मछली की दुकानों की सूची, जिला विद्यालय निरीक्षक से स्कूल, कॉलेज, व डिग्री कॉलेजों की सूची तथा सराय एक्ट के तहत संचा.लित प्रतिष्ठानों एवं बारात घर आदि की सूची लेकर उन पर लगाये गए टैक्स की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जीएसटी विभाग से डाटा लेने के भी निर्देश दिए।

### वैन क्षतिग्रस्त, आधा दर्जन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** खेड़ा अफगान रोड पर नीलगाय एक मारुति वैन से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मारुति वैन क्षतिग्रस्त हो गई हादसे में चार महिलाओं सहित आधा दर्जन से अधिक घायल हो गए।

नकुड कोतवाली अंतर्गत खेड़ा अफगान रोड पर स्थित गैस गोदाम के निकट मंगलवार की सुबह खेतों की ओर से दौड़कर आई नीलगाय ने एक मारुति वैन से टकरा गई। तेज आवाज और लोगों की चीख पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम करें रहे ग्रामीण मौके दौड़ पड़े और घायल को मारुति वैन से बाहर निक.ालकर चिकित्सक के यहां भेजा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मारुति वैन क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में नगमा, जमीला, तबस्सुम, शाहदरा, इमरान, मारोफ, शफीक के चोट आई है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर कीर्तन



**सहारनपुर।** मिश्रान मंदिर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर कीर्तन एवं पूजन किया गया।

मौहल्ला मिश्रान खालापार स्थित मंदिर परिसर में पं.समेरचंद्र शर्मा ने पूजन कराकर प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान विश्व कल्याण की कामना करते हुए भगवान परशुराम के चरणों में नमन किया गया। इस दौरान मुख्य यजमान पार्षद अभिषेक टिंकू अरोडा, घनश्याम छंगानी, विपिन शर्मा, भूषण शर्मा, कुलयश शर्मा, सुनील गोयल, अजय सिंघल, संगीता शर्मा, अमर शर्मा, नीता माहेश्वरी, इन्दू गोयल, विमलेश माहेश्वरी, तरू शर्मा, अनीता रोहिला, सविता वर्मा, सुनीता रानी आदि मौजूद रहे।

# एडीजी मेरठ जोन का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** मेरठ जोन के नवनियुक्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने मां शाकंभरी देवी के दर्शन करने पहुंचे जहां उन्होंने मां के समक्ष शीश नवा कर देश की उन्नति के लिए मन्नतें मांगी साथ ही मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।



सोमवार देर शाम को मेरठ जोन के नवनियुक्त अतिरिक्त पुलिस महा.निदेशक भानु भास्कर अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी दर्शन करने के लिए पहुंचे जहां उन्होंने मान्यता के अनुसार सर्व प्रथम बाबा भूरा देव के दर्शन कर मन्नतें मांगी इसके पश्चात उनका काफिला मां शाकंभरी देवी मंदिर परिसर में पहुंचा उन्होंने मां शाकंभरी देवी मंदिर में पहुंचकर मां के समक्ष शीश नवा कर प्रसाद चढ़ाया और देश की खुशहाली और तरक्की के लिए मन्नतें मांगी। इस बीच अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने मंदिर और आसपास की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली उन्होंने निर्देश दिया कि यहां सुरक्षा व्यवस्था चाक चोबंद रहे, श्रद्धालुओं की सुरक्षा को हर दृष्टि से यकीनी बनाया जाए क्योंकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा महत्वपूर्ण है इसमें किसी भी किस्म की ढलाई या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर उनके साथ पुलिस महानि.रीक्षक अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सजवाण, पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन, एसपी ट्रैफिक सिद्धार्थ वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी मुनेश चंद, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बेहट सुबे सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक संजीव कुमार, प्रभारी निरीक्षक मिर्जापुर अजय कुमार मौजूद रहे।

### स्मैक सहित तस्कर गिरफ्तार

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने एक आरोपी स्मैक तस्कर को कुल 400 ग्राम स्मैक नाजायज सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से बरामद स्मैक की अंतर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रुपये बताई जा रही है।

थाना प्रभारी एएसपी विवेक तिवारी की अगुवाई में नशा तस्करी पर रोकथाम लगाए जाने के सम्बन्ध में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने एक आरोपी स्मैक तस्कर तौसीफ पुत्र ताहिर निवासी ग्राम दुमझेडी थाना चिलक.ाना को फतेह के बाग के सामने खडन्जे पर जंगल ग्राम नाल्हेडा से गिरफ्तार किया है। एएसपी विवेक तिवारी ने बताया है कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कपिल देव, एसआई राजकुमार सारण, हैड कांस्टेबल तरूण कुमार, कांस्टेबल अनुज राणा व सावन तोमर शामिल रहे।

# यातायात उल्लंघन पर चले सघन अभियान: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि हाइवे और मुख्य मार्गों पर यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सघन अभियान चलाया जाए।



जिलाधिकरी श्री बंसल कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि हाईवे और मुख्य मार्गों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जाए। ष्नो हेलमेट, नो फ्यूलष् अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट, विकास भवन सहित सभी सरकारी कार्यालयों में बिना हेलमेट के आने वालों को प्रवेश न दिया जाए। उन्होंने विद्यालयों के पास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर बल देते हुए नगर निगम को निर्देश दिए कि सड़क किनारे स्थित स्कूलों को चिन्हित कर आवश्यक साइनेज व स्पीड टेबल संकेतक लगाए जाएं। जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने वाली गतिविधियां कराने को कहा गया। नाबालिग छात्र-छात्राओं द्वारा वाहन चलाने की घटनाओं पर चिंता जताते हुए मनीष बंसल ने सख्त चेकिंग अभियान चलाने व पकड़े जाने पर उनके अभिभावकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में यदि ओवरस्पीडिंग की वजह सामने आती है तो संबंधित चालक का लाइसेंस निलंबित या रद्द किया जाए। जनपद में तीन प्रमुख दुर्घटना संभावित मार्गों पर गति नियंत्रण के लिए कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए एसपी ट्रैफिक, एआरटीओ और एक्सईएन संयुक्त रूप से चिन्हांकन करेंगे। वहीं ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर जल्द सुधारात्मक कार्रवाई करने को कहा गया। एनएचएआई को निर्देशित किया गया कि सरसावा जाने वाले सर्विस रोड की मरम्मत की जाए और टोल प्लाजा एवं सड़क किनारे एम्बुलेंस की मानक के अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एम्बुलेंस की गतिविधियों की निगरानी के लिए उपजिलाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में डीएफओ शुभम सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा, डीएफओ श्वेता सेन, एआरटीओ एमपी सिंह, अधिशासी अभियंता लो.निवि धर्मेंद्र सिंह, सुरेन्द्र चौहान सहित विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर निगम व पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

बुधवार, 30 अप्रैल 2025

## बैठकों का दौर

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जहां देश में जबरदस्त आक्रोश है वही सरकार भी बराबर मंथन कर रही है कि इस घटना के दोषियों के साथ-साथ उन लोगों पर भी कड़ा प्रहार किया जाए। जो पर्दे के पीछे से आतंकियों की मदद करते है। जाहिर है वह हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान है। जो आतंकियों की शरणस्थली बना हुआ है। वह उन्हें हर तरह के संसाधन उपलब्ध कराता है। यही कारण है कि भारत के लोग अपनी सरकार पर बराबर यह दबाव बना रहे है कि वह पाकिस्तान के साथ इस तरह पेश आए। जो एक नजीर का काम करेगा। यूं तो हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी देश को आश्वस्त कर रहे है और कह रहे है कि आतंकियों के आकाओं को इस तरह का सबक सिखाया जाएगा। जो दुनिया के सामने एक बड़ा उदाहरण बनेगा। सरकार की सक्रियता इस बात से देखी जा ही रही है कि उसने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े कदम उठाएं है। जिन में सबसे बड़ा कदम सिंधु नदी के जल को रोकना भी शामिल है। साथ ही तमाम बैठकों का भी दौर जारी है। मंगलवार को भी गृह मंत्रालय में एक अहम बैठक हुई। जिसमें देश के गृह मंत्री अमित शाह के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, बॉर्डर सिक्योरिटी फॉर्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और सशस्त्र सीमा बल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उसके बाद बुधवार को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केबिनेट बैठक होने जा रही है। पहलगाम हमले के बाद जो पहली बैठक होगी। जाहिर है इससे पता चलता है कि सरकार में इस बात पर लगातार मंथन चल रहा है कि वह कार्यवाही किस तरह कि जाए जो पाकिस्तान के लिए एक सबक साबित हो। इस बीच विपक्ष ने भी विशेषकर कांग्रेस ने यह मांग रखी है कि इस समय संसद का विशेष सर्त बुलाया जाए। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर यह मांग की है। सोमवार को लिखे अलग-अलग पत्रों में कहा गया। क्योंकि यह समय देश की एकजुटता को प्रदर्शित करने का है और संसद सर्त को बुलाकर वहां से यह संदेश दुनिया व पाकिस्तान को कड़ाई के साथ देना चाहिए कि भारत आतंकवादी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा। इसमें कोई दौराए नहीं कि यह समय देश के सामने बेहद कठिन है और किसी भी कठिन स्थिति से पार पाने के लिए समाज में एकजुटता बेहद जरूरी होती है। इस लिए जरूरी हो जाता है कि वह तमाम कदम उठाने चाहिए जो हमारे सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करे। ऐसी किसी भी गतिविधि से बचना चाहिए जो हमारे ताने-बाने को कमजोर करती है यह बात इस आधार पर कही जा रही है कि दुर्भाग्य से कुछ घटनाएं ऐसी हुई है। जो हमारे सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करती है। ऐसे समय में जब सारा देश एकजुट है तो कुछ शरारती तत्व पहलगाम की घटना को सामप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे है। जो ठीक नहीं है। सरकार को केवल उन्हीं लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए जो उसकी आलोचना कर रहे है।

## कश्मीरी छात्रों को धमकी भरे कॉल मिल रहे



देशभर के कश्मीरी छात्रों को धमकी भरे कॉल मिल रहे हैं, जो मौजूदा स्थिति के कारण डर में जी रहे हैं, जहां कुछ शैक्षणिक संस्थानों ने परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं और छात्राों को सामान्य स्थिति बहाल होने तक घर लौटने की सलाह दी है, वहीं अन्य ने कक्षाएं जारी रखने का विकल्प चुना है, गृह मंत्री अमित शाह और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से हस्तक्षेप करने और सभी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करती हूं, जब तक कि वे सुरक्षित रूप से घर नहीं लौट जाते, इसके अलावा, सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने वालों को एक कड़ा संदेश दिया जाना चाहिए, शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए ऐसी विभाजनकारी ताकतों की पहचान की जानी चाहिए और उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

**महबूबा मुफ्ती**
**अध्यक्ष, पीडीपी**
**पूर्व सीएम, जम्मू-कश्मीर**

# पहलगाम के खून की छींटें नेपाल तक

## नेपाल को है पाकिस्तान के साथ कुछ बड़ा होने की उम्मीद





यशोदा श्रीवास्तव

पहलगाम की घटना से नेपाल में भी गम और गुस्सा का माहौल है। तमाम कारणों से नेपाल की मौजूदा हुकूमत की भारत से नाइत्तफाकी के बावजूद वह चाहता है कि इस बार भारत की ओर से पाकिस्तान के साथ कुछ बड़ा हो। इस वजह से नहीं कि पहलगाम में उसके भी एक नागरिक सुदीप न्योपाने की हत्या हुई, बल्कि इस वजह से कि नेपाल भी एक टूरिस्ट कंट्री है और उसे इस बात का भय सताने लगा है कि कहीं पाक आतंकियों का रुख इधर हो गया तो वह बर्बाद हो जाएगा। टूरिस्टों ने आना जाना बंद कर दिया तो वहां का व्यापार डूब जाएगा और भुखमरी की नौबत आ जाएगी। भारतीय टूरिस्टों का बड़ा हब नेपाल की खूबसूरत वादियां भी है।

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री डाक्टर बाबू राम भट्टाराई ने दिल्ली में खुले शब्दों में कहा कि पहलगाम घटना के खिलाफ भारत जो भी कार्रवाई करेगा, नेपाल उसके साथ खड़ा है। यह केवल एक पूर्व प्रधानमंत्री की अभिव्यक्ति नहीं है। इसे नेपाल की मंशा माना जाना चाहिए। भारत में नेपाल के राजदूत रहे दीप कुमार उपाध्याय ने कहा पाकिस्तान भारत सरकार की दरियादिली को कमजोरी समझने की भूल न करें। 1971 में भारत द्वारा दिया गया घाव उसे भूलना नहीं चाहिए। आज भारत में उस वक्त से मजबूत सरकार है।

एमाले सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पहलगाम पर अटैक कर पाकिस्तान अपने वजूद की समाप्ति के लिए भारत को उकसा रहा है। नेपाली कांग्रेस के पूर्व सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने कहा कि पाकिस्तान खुलकर सामने न आकर भाड़े के टट्टुओं से निर्दोषों की हत्या करवाकर बड़ी भूल कर रहा है। उसे पहलगाम की घटना की बड़ी कीमत चुकानी होगी।

नेपाल के इस्लामिक विद्वान डाक्टर अब्दुल गनी अलकूफी और राष्ट्रीय मदरसा संघ के महासचिव मौलाना मशहूद खां ने पहलगाम की घटना की निंदा की है और कहा है कि निर्दोषों का कत्ल कर पाकिस्तान अपनी तबाही की इबारत लिख रहा है। उम्मीद जताई कि आने वाले कुछ ही दिनों में उसे इसकी कल्पना से भी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के केंद्रीय सदस्य दीपक राजौरिया ने कहा कि पहलगाम में धर्म पूछकर हंसते खेलते पर्यटकों को निशाना बनाना पाकिस्तान की क्रूरता की पराकाष्ठा है।

नेपाल जनता पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री हृदयेश त्रिपाठी और महासचिव पूर्व मंत्री ईश्वर दयाल मिश्रा ने कहा कि पाकिस्तान को अब आतंकी देश घोषित करने का वक्त आ गया है। उसके प्रोडक्ट का बहिष्कार कर उसे आर्थिक रूप से कमजोर करने की जरूरत है। दोनों नेताओं ने कहा कि हो सकता है पाक द्वारा भारत पर हमला किसी को अच्छा लगता हो लेकिन वह यह न भूलें कि अगला नंबर उसका भी हो सकता है।

**1999** में काठमांडू से ही आतंकियों द्वारा भारतियों से भरे जहाज का अपहरण कर कंधार ले जाया गया था, इसके अलावा पाकिस्तान से जुड़े कई सारे आतंकी नेपाल सीमा पर ही पकड़े गए, मुंबई ब्लास्ट के आरोपी याकूब मेमन काठमांडू में ही रहा...

हृदयेश त्रिपाठी ने कहा कि भारत में नरेंद्र मोदी के रूप में ऐसा प्रधानमंत्री मिला जो वसुधैव कुटुंबकम् की नीति पर चलकर सर्व धर्म समभाव की बात करता है, स्वयं नेपाल जाकर वहां के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को जन्मदिन की मुबारकबाद देता है और बदले में पाकिस्तान कभी पूलवामा तो कभी पठान कोट और कभी पहलगाम जैसी दर्दनाक घटनाएं देता है। उन्होंने कहा पाकिस्तान के लिए यह अच्छा अवसर था जब वह भारत से पुराने बैर भाव भुलाकर मधुर संबंध स्थापित कर सकता था लेकिन कहावत है की कुत्ते की पूंछ कहां सीधी होती है। उन्होंने कहा हम सब उम्मीद करते हैं कि इस बार उसे जरूर ऐसी सजा मिले कि उसकी पीढ़ियां याद करें। पहलगाम में मारे गए 27 निर्दोषों के खून के छींटें नेपाल तक भी पहुंचा है। बुटवल के युवा व्यवसाई सुदीप न्योपाने अपनी बहन बहनोई और मां के साथ पहलगाम घूमने गए थे। सुदीप वहां आतंकियों की गोली का शिकार हो गए। जिस रोज परिजनों द्वारा उनका शव नेपाल लाया गया उस रोज नेपाल बार्डर पर हजारों नेपाली लोग इकट्ठा थे। सबके सब पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारा लगा रहे थे। और सबकी एक स्वर से मांग की थी भारत पाकिस्तान को सबक सिखाए,पूरा नेपाल उसके साथ है।

पहलगाम की घटना के बाद नेपाल का गुस्सा इसलिए मायने रखता है क्योंकि नेपाल की धरती का इस्तेमाल पाक खूफिया और आतंकी संगठन करते रहते हैं। किसी जमाने में जाली भारतीय मुद्रा के भंडारण का बड़ा केंद्र काठमांडू हुआ करता था जहां से उसके एजेंट नेपाल सीमा से सटे भारतीय बाजारों तक पहुंचाते थे। 1999 में काठमांडू से ही आतंकियों द्वारा भारतियों से भरी जहाज का अपहरण कर कंधार ले जाया गया था। इसके अलावा पाकिस्तान से जुड़े कई सारे आतंकी नेपाल सीमा पर ही पकड़े गए। मुंबई ब्लास्ट के आरोपी याकूब मेमन काठमांडू में ही रहा। कराची में शरण लिए दाउद इब्राहिम का अभी भी यहां बड़ा नेटवर्क है। दरअसल पहलगाम की घटना से नेपाल की चिंता अपना प्रयटन उद्योग बचाने की है। नेपाल के कुल आर्थिक स्रोत का बड़ा हिस्सा प्रयटन उद्योग से हासिल होता है और टूरिस्टों में भी बाकी देशों के मुकाबले भारत की बड़ी भागीदारी होती है। यहां टूरिस्टों के सुरक्षा के बेहतर इंतजाम भी नहीं रहते और न ही खूफिया पहरा होता है। पहलगाम की घटना से नेपाल का डर इस बात को लेकर है कि कहीं नेपाल की धरती पर भारतीय पर्यटकों को निशाना बनाया गया तो उसकी तो कमर ही टूट जाएगी। चूंकि पाकिस्तान का आपराधिक दिमाग कहीं भी कुछ भी कर सकता है। वक्त आ गया जब इसका फन उठने के पहले ही कुचल दिया जाए।

**अक्षय तृतीया की पूजा के लिए 30 अप्रैल को प्रातः पांच बजकर 41 मिनट से दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक का समय बहुत शुभ है मांगलिक कार्यों के लिए अक्षय तृतीया पर्व को हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना गया है, मान्यता है कि इस दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य आयोजित किया जा सकता है, यह पर्व आस्था, परंपरा और अध्यात्म का संगम है, सनातन धर्मानुसार, वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 'अक्षय तृतीया' या 'आखा तीज' कहते हैं, पौराणिक शास्त्रानुसार, अक्षय तृतीया विवाह और अन्य शुभ कार्यों के लिए स्वयंसिद्ध मुहूर्त माना जाता है, इस दिन किए गए शुभ कार्य, दान, उपवास और व्रत का अक्षय फल अर्थात संपूर्ण फल मिलता है**

# बिना मुहूर्त निकलवाएं कोई भी शुभ कार्य करने का दिन है अक्षय तृतीया



योगेश कुमार गोयल

### भविष्यपुराण के अनुसार, अक्षय तृतीया को युगादि तिथि माना गया है, यानी इसी तिथि से सतयुग व त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था



प्रत्येक वर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 'अक्षय तृतीया' पर्व मनाया जाता है, जो इस वर्ष 30 अप्रैल को मनाया जा रहा है। अक्षय तृतीया की शुरुआत 29 अप्रैल की शाम पांच बजकर 31 मिनट पर हो रही है, जो 30 अप्रैल की दोपहर दो बजकर 12 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि को ध्यान में रखते हुए अक्षय तृतीया की पूजा और खरीदारी करना 30 अप्रैल को ही सबसे शुभ है। अक्षय तृतीया की पूजा के लिए 30 अप्रैल को प्रातः पांच बजकर 41 मिनट से दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक का समय बहुत शुभ है। मांग. लिक कार्यों के लिए अक्षय तृतीया पर्व को हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना गया है। मान्यता है कि इस दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य आयोजित किया जा सकता है। यह पर्व आस्था, परंपरा और अध्यात्म का संगम है। सनातन धर्मानुसार, वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 'अक्षय तृतीया' या 'आखा तीज' कहते हैं।

पौराणिक शास्त्रानुसार, अक्षय तृतीया विवाह और अन्य शुभ कार्यों के लिए स्वयंसिद्ध मुहूर्त माना जाता है। इस दिन किए गए शुभ कार्य, दान, उपवास और व्रत का अक्षय फल अर्थात संपूर्ण फल मिलता है। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और इस दिन बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य सम्पन्न किया जा सकता है, इसीलिए लोग बिना पंचांग देखे अक्षय तृतीया के दिन विवाह, गृह प्रवेश, नया व्यापार, धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ, घर, भूखंड या नए वाहन आदि की खरीदारी करते हैं। मान्यताओं के अनुसार, इसी तृतीया तिथि को माता पार्वती ने अमोघ फल देने की सामर्थ्य का आशीर्वाद दिया था, जिसके प्रभाव से अक्षय तृतीया के दिन किया गया कोई भी कार्य निष्फल नहीं होता। पुराणों के अनुसार, इस दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान, दान, जप व स्वाध्याय करना शुभ फलदायी होता है। भविष्यपुराण के अनुसार, अक्षय तृतीया को युगादि तिथि माना गया है, यानी इसी तिथि से सतयुग व त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान विष्णु के तीन अवतारों, नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम का अवतरण भी इसी तिथि को हुआ था। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस वर्ष अक्षय तृतीया पर बहुत से शुभ योग बन रहे हैं। इन योग में लक्ष्मी पूजा करने से धन वृद्धि होती है। अक्षय तृतीया के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है, जो बहुत खास है। इसके अतिरिक्त, जो अन्य शुभ योग बनने वाले हैं, उनमें शोभन योग दोपहर 12 बजकर दो मिनट तक रहेगा। रवि योग शाम को चार बजकर 18 मिनट से शुरू होकर पूरी रात रहने वाला है। इस दिन सोना खरीदना बहुत शुभ माना गया है। अक्षय तृतीया तिथि संपूर्ण पापों का नाश करने वाली और समस्त सुख प्रदान करने वाली मानी गई है। विभिन्न शास्त्रों के अनुसार, इस दिन हवन, जप, दान, स्वाध्याय, तर्पण इत्यादि जो भी कर्म किए जाते हैं, वे सब अक्षय हो जाते हैं। मान्यता है कि द्वापर युग इसी तिथि को समाप्त हुआ था, जबकि त्रेता, सतयुग और कलियुग का आरंभ इसी तिथि को हुआ था, इसीलिए इसे 'कृतयुगादि तृतीया' भी कहा जाता है। भारत में कई स्थानों पर अक्षय तृतीया को 'आखा तीज' के नाम से भी जाना जाता है। भविष्य पुराण के अनुसार, इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। इस तिथि की अधिष्ठात्री देवी पार्वती मानी गई हैं और इस दिन मां लक्ष्मी की भी विधिवत पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, पृथ्वी पर देवताओं ने 24 रूपों में अवतार लिया था, जिनमें छठा अवतार भगवान परशुराम का था, जिनका जन्म अक्षय तृतीया के ही दिन हुआ था। ब्रह्मा के पुत्र अक्षय कुमार का प्राकट्य भी इसी दिन हुआ माना जाता है। भगवान विष्णु के चरणों से गंगा भी इसी दिन धरती पर अवतरित हुई थी। इस पर्व को लेकर लोक धारणा है कि इस तिथि को यदि चंद्रमा के अस्त होते समय रोहिणी आगे होगी तो फसल अच्छी होगी।

# अक्षय तृतीया : समृद्धि, पुण्य और शुभारंभ का पर्व



प्रियंका सौरभ



**'अक्षय' का अर्थ होता है जो कभी क्षय (नाश) न हो, यही कारण है कि यह दिन शुभ कार्यों, दान-पुण्य, निवेश और नए आरंभ के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है, यह दिन विशेष रूप से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्तिप होता है**

अक्षय तृतीया, जिसे 'आखा तीज' भी कहा जाता है, हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला एक अत्यंत पावन पर्व है। 'अक्षय' का अर्थ होता है जो कभी क्षय (नाश) न हो। यही कारण है कि यह दिन शुभ कार्यों, दान-पुण्य, निवेश और नए आरंभ के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। यह दिन विशेष रूप से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्पित होता है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे हृदय से पूजा-पाठ, व्रत और दान करने से न केवल वर्तमान जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त होती है, बल्कि अगले जन्मों तक अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार, इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान परशुराम का जन्म भी इसी तिथि को हुआ था। महाभारत में वर्णित है कि इसी दिन युधिष्ठिर को अक्षय पात्र की प्राप्ति हुई थी, जिससे कभी अन्न की कमी नहीं होती थी। अक्षय तृतीया को विवाह, गृह प्रवेश, व्यापार आरंभ, संपत्ति खरीदने, सोना-चांदी या भूमि निवेश जैसे कार्यों के लिए बेहद शुभ माना जाता है।

इस दिन बिना किसी मुहूर्त के भी कार्य आरंभ किए जा सकते हैं। अक्षय तृतीया, जिसे 'आखा तीज' भी कहा जाता है, हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला एक अत्यंत पावन पर्व है। 'अक्षय' का अर्थ होता है जो कभी क्षय (नाश) न हो। यही कारण है कि यह दिन शुभ कार्यों, दान-पुण्य, निवेश और नए आरंभ के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। यह दिन विशेष रूप से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्पित होता है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे हृदय से पूजा-पाठ, व्रत और दान करने से न केवल वर्तमान जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त होती है, बल्कि अगले जन्मों तक अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार, इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान परशुराम का जन्म भी इसी तिथि को हुआ था। महाभारत में वर्णित है कि इसी दिन युधिष्ठिर को अक्षय पात्र की प्राप्ति हुई थी, जिससे कभी अन्न की कमी नहीं होती थी। अक्षय तृतीया को विवाह, गृह प्रवेश, व्यापार आरंभ, संपत्ति खरीदने, सोना-चांदी या भूमि निवेश जैसे कार्यों के लिए बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन बिना किसी मुहूर्त के भी कार्य आरंभ किए जा सकते हैं। भारत त्योहारों की भूमि है, जहां हर पर्व किसी गहरी सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक भावना से जुड़ा होता है। इन्हीं पर्वों में से एक है अक्षय तृतीया, जिसे 'अखा तीज' के नाम से भी जाना जाता है।

यह पर्व न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी विशेष भूमिका निभाता है। इस दिन किए गए पुण्य कर्म, दान, जप-तप, उपवास और सेवा कार्य 'अक्षय' यानी अविनाशी फल देने वाले माने जाते हैं। यह दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों के उच्च राशि में होने के कारण विशेष रूप से अबूझ मुहूर्त (सर्वश्रेष्ठ शुभ समय) माना जाता है, इसलिए इस दिन कोई भी शुभ कार्य बिना ज्योतिषीय परामर्श के भी किया जा सकता है। अक्षय तृतीया से जुड़ी अनेक पौराणिक घटनाएं हैं, जो इस दिन को अत्यधिक पवित्र बनाती हैं। भगवान परशुराम का जन्म इसी दिन हुआ था, इसलिए इसे परशुराम जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। इसी दिन युधिष्ठिर को भगवान सूर्य से 'अक्षय पात्र' प्राप्त हुआ था, जो कभी खाली नहीं होता था। व्यास जी और गणेश जी ने महाभारत की रचना इसी दिन आरंभ की थी। कुबेर ने इसी दिन मां लक्ष्मी की पूजा कर अपार धन प्राप्त किया था। भगवान विष्णु ने नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम के रूप में इसी दिन अवतार लिया। इस दिन श्रद्धालु गंगा स्नान, दान, व्रत और पूजन करते हैं। मां लक्ष्मी-नारायण की विशेष पूजा की जाती है। सोना खरीदना इस दिन की खास परंपरा मानी जाती है, क्योंकि यह 'अक्षय संपत्ति' का प्रतीक होता है। पूजा में तांबे के कलश में जल भरकर भगवान विष्णु को अर्पित किया जाता है। खीर, फल, पंचामृत का भोग लगाया जाता है। गरीबों और ब्राह्मणों को अन्न, वस्त्र, जल और धन का दान दिया जाता है। कन्याओं को भोजन कराना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। भारत के कई हिस्सों में यह दिन कृषि चक्र से भी जुड़ा है। किसान इसे बीज बोने और नई फसल के लिए कामना करने का दिन मानते हैं। राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में कन्यादान और विवाह की परंपरा इस दिन विशेष रूप से प्रचलित है। इस दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है।

आभूषण कंपनियां, बैंक और निवेश कंपनियां इस दिन को अवसर के रूप में देखती हैं। लोग नया व्यापार शुरू करते हैं, मकान, ज़मीन या वाहन खरीदते हैं और सोना, चांदी, स्टॉक या म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। यह न केवल धार्मिक आस्था का परिचायक है, बल्कि लोगों की आर्थिक समझ और परंपरा के समन्वय का प्रतीक भी है। पारंपरिक रूप से अक्षय तृतीया प्रकृति के साथ संतुलन और सामंजस्य का पर्व रहा है। यह गर्मी के मौसम की शुरुआत में आता है, जब जल संरक्षण, वृक्षारोपण, और पक्षियों के लिए पानी रखने जैसे कार्यों को बढ़ावा दिया जाता है। कई सामाजिक संगठनों द्वारा इस दिन जल से सेवा (वॉटर बैंकिंग) और हरित अभियान चलाए जाते हैं। शहरी जीवन की भागदौड़ में यह एक ऐसा विराम है, जो हमें प्रकृति के साथ एक बार फिर से जुड़ने का अवसर देता है। आज के समय में जब लोग तेजी से उपभोक्तावाद और भागमभाग की ओर बढ़ रहे हैं, अक्षय तृतीया हमें आध्यात्मिक संतुलन, दया और सद्कर्मों की निरंतरता की याद दिलाता है। यह पर्व सिखाता है कि केवल बाहरी संपत्ति नहीं, बल्कि अक्षय मूल्य सच्चाई, करुणा, दानशीलता और धर्म ही जीवन को समृद्ध बनाते हैं। अक्षय तृतीया केवल एक पर्व नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, पुण्य और सकारात्मक आरंभ का उत्सव है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि जीवन में जो भी शुभ कार्य करें, वह केवल भौतिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक और नैतिक उन्नति की ओर भी अग्रसर हो। आज जब हम अक्षय तृतीया मनाएं, तो एक वचन खुद से करें कि हम न केवल अपने लिए, बल्कि समाज और पर्यावरण के लिए भी कुछ 'अक्षय' छोड़कर जाएं।

**जो करे सेवा जल की, वृक्ष लगाए प्यार,**
**उसके जीवन में रहे अक्षय सुख-संसार।**

## अक्षय तृतीया



डॉ. सत्यवान सौरभ

**वैशाख की उजली बेला आई,**
**धूप सुनहरी देहरी पर छाई।**
**अक्षय तृतीया का मधुर निमंत्रण,**
**पुण्य-सुधा में डूबा आचमन।**

**न मिटने वाला पुण्य का सूरज,**
**हर मन में भर दे स्वर्णिम किरण।**
**सच की थाली, धर्म का दीपक,**
**दान की बूंदें, जीवन समर्पण।**

**परशुराम की वीरगाथा बोले,**
**गंगा की लहरें चरणों में डोले।**
**युधिष्ठिर को अक्षय पात्र मिला,**
**सत्य का दीप फिर से खिला।**

**मां लक्ष्मी के पग जब आंगन आएं,**
**निर्धन के भी भाग्य मुस्काए।**
**जो दे अन्न, जल और वस्त्र,**
**उसके पुण्य हों कभी न क्षीण शस्त्र।**

**सोने से ज्यादा सोचा जाए,**
**करुणा का सौदा किया जाए।**
**पंछियों को जल, वृक्षों को जीवन,**
**अक्षय हो फिर मानव का चिंतन।**

**ना हो केवल सोने की पूजा,**
**धूल में भी खोजें आत्मारूप सूझा।**
**बिन मुहूर्त जो शुभ हो जाए,**
**ऐसा हर दिन क्यों न हो पाए?**

**खरीदें नहीं केवल आभूषण,**
**उतारें मन के भी आडंबर।**
**आस्था के संग हो सेवा,**
**तभी फले पुण्य का अमर अंतः करण।**

**ओ धन के व्यापारी, सुन ले बात,**
**अक्षय वह जो दे इंसानियत का साथ।**
**सोना-चांदी फिर भी छूटेंगे,**
**पर प्रेम, परोपकार कभी न टूटेंगे।**

**इस तिथि पर कर लो संकल्प,**
**हर कर्म हो सच्चा और सरल।**
**अक्षय बने हर दिन की चेतना,**
**पुण्य हो जीवन की प्रेरणा।**

## तनाव बरकरार
### पाक ने शुरू की मोर्चाबंदी



# युद्ध सामग्री लेकर तुर्की का विमान पहुंचा पाक

### पाक ने लॉन्चिंग पैड से लगभग 50 आतंकियों को हटाकर बंकरों में भेजा



**नगर।** पहलगाम अटैक के जवाब में भारत के संभावित हमले को देखते हुए पाकिस्तान ने एलओसी के पास से आतंकियों को हटने का आद.ेश दिया है। ये इलाके कश्मीर में घुसपैठ के लिए जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों के लॉन्चिंग पैड माने जाते हैं। पाकिस्तानी सेना को डर है कि भारत इन ठिकानों को निशाना बना सकता है। अभी तक कितने आतंकियों को हटाया गया है, इसकी सटीक संख्या सामने नहीं आई है। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक यह संख्या 30-50 के बीच हो सकती है।

पाकिस्तानी सेना ने इन आतंकियों को अपने बंकरों और सुरक्षित ठिकानों में शिफ्ट किया है। सूत्रों के अनुसार, ये लॉन्चिंग पैड दुध.नियाल, अथमुकाम, लीपा, फारवर्ड कहूटा और कोटली जैसे एलओसी के पास के इलाकों में हैं। इधर, जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सभी ट्रेकिंग एक्टिविटीज पर रोक लगा दी है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि दक्षिण और उत्तर कश्मीर के कई ट्रेकिंग रूटों पर आतंकियों की आवा.जाही होती है।

युद्ध की आशंका के बीच 27 अप्रैल की रात तुर्किए के सात सी-130 हरक्यूलिस सैन्य विमान कराची और इस्लामाबाद पहुंचे। इनमें से 6 इस्लामाबाद और एक कराची के पाकिस्तान एयरफोर्स बेस फैसल पर उतरा। यह युद्ध सामग्री लेकर आए हैं। पाकिस्तानी सेना के कई टैंक (जैसे अल-खालिद) और फाइटर जेट (जैसे जेएफ-17) पुराने और सीमित क्षमता वाले हैं। ऐसे में पाकिस्तान युद्ध सामग्री जुटाने में लगा हुआ है। अरब सागर में जंगी जहाजों से मिसाइल टेस्टिंग भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अपने जंगी जहाजों से कई मिसा.इलों का टेस्ट किया। यह टेस्ट पूरी तरह सफल रहा। नौसेना ने कहा कि वह दिन-रात देश की रक्षा के लिए तैयार है। समुद्र में कहीं भी कोई खतरा हो, हम उसका आसानी से सामना कर सकते हैं।

## रूसी सेना ने नष्ट किए यूक्रेन के 91 ड्रोन

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने सोमवार देर रात 40 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट कर दिए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि कुल मिलाकर स्थानीय समयानुसार 28 अप्रैल रात आठ बजे से 29 अप्रैल को सुबह छह बजे तक वायु रक्षा प्रणालियों ने 91 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया। मंत्रालय ने कहा, बीती रात रूस के वायु रक्षा प्रणालियों ने 40 यूक्रेनी फिक्स्ड-विग ड्रोन नष्ट कर दिए इनमें रियाज़ान क्षेत्र में 11 ड्रोन, निज़्नी नोवगोरोड क्षेत्र में आठ ड्रोन, ओर्योल क्षेत्र में सात ड्रोन, क्रीमिया गणराज्य में चार ड्रोन, काला सागर में चार ड्रोन, मास्को क्षेत्र में दो ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र में दो ड्रोन, कलुगा क्षेत्र में एक ड्रोन और ब्रांस्क क्षेत्र में एक ड्रोन है।

# पैगंबर मोहम्मद पर विवादित ऑडियो वायरल, सीरिया में हिंसा

### जरामाना में भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क के एक उपनगर जरामाना में मंगलवार को ड्रूज समुदाय के स्थानीय बंदूकधारियों और सरकार समर्थक लड़ाकों के बीच झड़प हो गई, जिसमें कम से कम चार लोग मारे गए।

यह झड़प एक सोशल मीडिया ऑडियो क्लिप के चलते शुरू हुई, जिसमें एक व्यक्ति ने इस्लाम के पैगंबर मुहम्मद को लेकर बयानबाजी की गई। इस ऑडियो को एक ड्रूज़ मौलवी से जोड़ा गया, लेकिन मौलवी ने इस आरोप से इंकार किया। बढ़ते विवाद को देख ड्रूज़ मौलवी मारवान किवान ने एक वीडियो जारी कर अपना स्पष्टीकरण दिया। किवान ने कहा कि वह उस ऑडियो के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा और जिसने भी यह ऑडियो बनाया है, वह सीरियाई समाज में संघर्ष को भड़काना चाहता है। हालांकि सीरियाई आंतरिक मंत्रालय ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और बयान जारी कर बताया कि शुरुआती जांच में यह पाया गया कि मौलवी इस ऑडियो के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

साथ ही मंत्रालय ने लोगों से कानून का पालन करने और सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी कृत्य से बचने की अपील की। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार, इस झड़प में चार लोग मारे गए, जबकि एक्टिविस्ट मीडिया समूह सुवेदा 24 के अनुसार, पांच लोग मारे गए और 12 घायल हुए हैं। गौरतलब है कि ऐसी झड़पें हाल के दिनों में सीरिया के ड्रूज समुदाय और सरकारी बलों के बीच बढ़ते तनाव का हिस्सा हैं। जहां बीते एक मार्च को इस्राइल ने भी जरामाना की सुरक्षा के लिए अपनी सेना को तैयार रहने का आदेश दिया था, क्योंकि यह इलाका सीरियाई बलों के हमलों का शिकार हो सकता था।

# पुस्तकालय से धर्मनिरपेक्ष लेखकों की किताबें लूटी

**ढाका।** बंगलादेश में एक इस्लामी संगठन ने ढाका के तंगाली जिले के एक पुस्तकालय में लूटपाट कर उन पुस्तकों को चुरा लिया जिनके बारे में उनका दावा है कि वे नास्तिकों द्वारा लिखी गई हैं। इनमें नोबेल पुरस्कार विजेता कवि रवीद्रनाथ टैगोर और काजी नजरुल इस्लाम की पुस्तकें भी शामिल थी जिन्हें देश में राष्ट्रीय महत्व का प्रतीक माना जाता है। इस्लामी चरमपंथ के बढ़ते प्रभाव और बंगलाद.ेश के धर्मनिरपेक्ष- बहुलवादी ताने-बाने के क्षय को दर्शाते हुए कट्टरपंथियों ने तंगैल धनबारी के उपजिला में खुलेआम एक पुस्तकालय में लूटपाट की। स्थानीय पुलिस ने उन्हें रोकने का कोई प्रयास नहीं किया। खिलाफत मजलिस नामक एक कट्टरपंथी समूह ने इस आधार पर पुस्तकें चुराईं कि इस जगह पर काजी नजरुल इस्लाम, रवींद्रनाथ टैगोर, जफर इकबाल, हुमायूं आजाद, हुमायूं अहमद आदि जैसे नास्तिक लेखकों की पुस्तकें रखी हुई हैं।

लगभग 400 पुस्तकें चुरा ली। इस बीच इस लूटपाट को सही ठहराते हुए समूह के धनबारी उपजिला संगठन सचिव गोलम रब्बानी उर्फ रिशाद अमीन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि धनबारी में नास्तिकता के लिए कोई जगह नहीं होगी। यह हमारा अंतिम बयान है। हमें एक ऐसी फैक्ट्री मिल गई है जो नास्तिक बनाती है। उन्होंने कहा कि अपनी फैक्ट्री बंद करो और तुरंत धनबारी छोड़ दो। तुम लंबे समय से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके पाखंड करते आ रहे हो। अब तुम्हें यह मौका नहीं मिलेगा। चलो साफ हो जाओ। लूटपाट की इस घटना के बारे में बताते हुए पुस्तकालय के महासचिव दुर्जय चंद्र घोष ने कहा, रात में धार्मिक वेश धारण किए 20-25 लोग पुस्तकालय में घुस आए और तरह-तरह की धमकियां देने लगे।

## विदेश में चार दिन से लापता भारतीय छात्रा मृत मिली

**ओटावा।** कनाडा में अध्ययन के लिए गई भारतीय छात्रा वंशिका कनाडा के ओटावा में रहस्यमयी परिस्थितियों में मृत पाई गई है। ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने इसकी पुष्टि की है। उच्चायोग ने कहा, हमें ओटावा में भारतीय छात्रा सु.वंशिका की मौत की सूचना मिलने पर बहुत दुख हुआ है। मामले को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है। हम शोक संतप्त परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए उनके और स्थानीय सामुदायिक संघों के साथ निकट संपर्क में हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार, मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पंजाब के डेरा बस्सी की मूल निवासी व आम आदमी पार्टी नेता देविंदर सिंह की बेटी वंशिका डिप्लोमा कोर्स करने के लिए ढाई साल पहले ओटावा गई थी।

## अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलेरेंस का सबूतः भारत

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने एकजुटता दिखाई है, वह आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलेरेंस का सबूत है। योजना पटेल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला, 26/11 के मुंबई हमले के बाद आम नागरिकों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला है। भारत दशकों से सीमापार आतंकवाद का पीड़ित रहा है और हम अच्छी तरह से समझ सकते हैं कि आतंकी घटनाओं का पीड़ितों, परिवारों और समाज पर क्या असर होता है। संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कार्यालय में आयोजित हुए विक्टिम ऑफ टेररिज्म एसोसिएशन नेटवर्क कार्यक्रम में योजना पटेल ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद जिस तरह से वैश्विक समुदाय ने भारत का समर्थन किया, हम उसकी तारीफ करते हैं। पहलगाम के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस आदि ने हमले कड़ी निंदा की।


## आतंकवादी हमले में 20 से अधिक लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो में हुए एक आतंकवादी हमले में 20 से अधिक लोग मारे गए हैं। वैनगार्ड समाचार पोर्टल ने एक सूत्र के हवाले से सोमवार को यहां बताया कि हमले में शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का इस्तेमाल किया गया था। सूत्र ने कहा, मृतकों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। कुछ लोगों के मुताबिक मृतकों की संख्या 20 से ज्यादा है और कई अन्य घायल भी हुए हैं।

## अमेजन ने अंतरिक्ष में भेजी उपग्रहों की पहली खेप

**लॉस एंजिल्स।** अमेजन ने वैश्विक ब्रॉडबैंड पहुंच का विस्तार करने के प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सोमवार को अपने प्रोजेक्ट कुइपर के लिए उपग्रहों का पहली खेप लॉन्च की। उपग्रहों को अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से यूनाइटेड लॉन्च अलायंस एटलस वी रॉकेट के जरिए शाम 7:01 बजे लॉन्च किया गया। अमेजन के अनुसार, केए-01 कोडनेम वाले इस मिशन की योजना पृथ्वी से 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर 27 उपग्रहों को तैनात करने की है। यह मिशन अमेजन के प्रोजेक्ट कुइपर की शुरुआत का प्रतिनिधित्व करता है, जिसके तहत पृथ्वी की निचली कक्षा में 3,000 से अधिक उपग्रहों का एक समूह तैनात किया जाएगा। इसका उद्देश्य दुनिया भर के ग्राहकों और समुदायों को उच्च गति वाली निर्बाध इंटरनेट पहुंच प्रदान करना है।

## कनाडा के चुनाव में रचा गया इतिहास, मार्क कार्नी होंगे पीएम



**ओटावा।** खालिस्तान समर्थक और कनाडा के मशहूर नेता जगमीत सिंह को बड़ा झटका लगा है। कनाडा के आम चुनाव में जगमीत की एनडीपी पार्टी की करारी हार हुई है। जगमीत खुद भी चुनाव हार गए हैं। हार के बाद जगमीत ने अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। कनाडा के स्थानीय मीडिया के मुताबिक एनडीपी को पूरे चुनाव में सिर्फ 7 सीटों पर जीत मिली है। जगमीत खुद की सीट पर तीसरे नंबर पर पहुंच गए, जिसके बाद उनके राजनीतिक करियर खत्म होने की चर्चा भी शुरू हो गई। शुरुआती नतीजे के बाद जगमीत ने कार्यकर्ताओं से बात की। जगमीत ने कहा- मैंने मूवमेंट को कमजोर नहीं पड़ने दिया, लेकिन जनता ने इसे स्वीकार नहीं किया। मैं निराश जरूर हूं, लेकिन हारा नहीं। आगे कोशिश करूंगा। जगमीत ने भावुक होकर अपने इस्तीफे की घोषणा की। 2021 के चुनाव में जगमीत की पार्टी को 25 सीटों पर जीत मिली थी। जगमीत की पार्टी सरकार में किंगमेकर की भूमिका में थी। सिख समुदाय से ताल्लुक रखने वाले जगमीत सिंह की गिनती कनाडा के बड़े राजनेताओं में होती है। राजनीति में आने से पहले जगमीत वकालत करते थे। इसी दौरान वे खालिस्तान मूवमेंट को लेकर सक्रिय रहे। जगमीत पर खालिस्तान समर्थकों को कानूनी सहायता मुहैया कराने का आरोप है। भारत ने जगमीत को बैन कर रखा है। जगमीत कनाडा में अपने सिख राजनीति को चमकाने के लिए खालिस्तान मूवमेंट का सहारा लिया। कनाडा में सिख को अल्पसंख्यक समुदाय का दर्जा है। यहां की सिखों की कुल 2।1 प्रतिशत आबादी है। जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी फिर से सत्ता में वापस आ रही है। लिबरल पार्टी 166 सीटों पर जीतती नजर आ रही है। कनाडा में सरकार बनाने के लिए 172 सांसदों की जरूरत होती है।

# अमेरिका का 500 करोड़ का विमान समुद्र में डूबा



**वाशिंगटन।** अमेरिकी नौसेना का एक एफ/ए-18 ई सुपर हॉर्नेट फाइटर जेट एयरक्राफ्ट कैरियर से फिसलकर लाल सागर में गिर गया है। यह हादसा सोमवार 28 अप्रैल को हुआ है। यह फाइटर जेट एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस हैरी एस। ट्रूमन पर तैनात था। यूएस नेवी के मुताबिक यह हादसा तब हुआ जब नौसेना के जवान विमान को हैंगर में खींचकर ले जा रहे थे। इसी दौरान विमान हैंगर डेक से फिसलकर समुद्र में गिर गया। साथ में उसे खींचने वाला वाहन भी पानी में चला गया। विमान की कीमत 6 बिलियन डॉलर यानी करीब 500 करोड़ है। नेवी के मुताबिक विमान को खींच रहे जवानों को जैसे ही खतरे का अंदेशा हुआ वे पीछे हट गए। हादसे में किसी तरह का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन एक सैनिक को चोट आई हैं। एफ/ए-18 ई सुपर हॉर्नेट अमेरिकी नौसेना का एक मॉडर्न मल्टीरोल फाइटर जेट है। इसे खासतौर पर एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान भरने के लिए डिजाइन किया गया है। यह एक ही सीट वाला विमान है। यह हवा से हवा तथा हवा से जमीन पर हमला करने में सक्षम है। इसकी अधिकतम स्पीड लगभग 1900 किमी/घंटा है और यह करीब 2,300 किमी की रेंज तक उड़ सकता है। सुपर हॉर्नेट में एडवांस्ड एवियोनिक्स, रडार जैमिंग सिस्टम, और सटीक गाइडेड हथियार ले जाने की क्षमता है। यह अमेरिकी नौसेना के स्ट्राइक मिशन, टोही अभियानों और समुद्री सुरक्षा में अहम भूमिका निभाता है। कई अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि यह हादसा एयरक्राफ्ट कैरियर को मोड़ने की वजह से हुआ है। रॉयटर्स ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि एयरक्राफ्ट कैरियर ने हूती विद्रोहियों के हमले से बचने के लिए अपनी दिशा अचानक बदली थी।

हालांकि यह साफ नहीं है कि विमान इसी वजह से गिरा है या इसके पीछे कोई और वजह थी। हूती विद्रोहियों ने 28 अप्रैल को एक बयान में कहा था कि उन्होंने अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और उसके साथ मौजूद युद्धपोतों को निशाना बनाया था। हूती विद्रोहियों ने इसे अमेरिकी नरसंहार का जवाब कहा था। अमेरिका पिछले कई महीनों से यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ हमले कर रहा है। अब तक अमे.रिकी हमले में सैकड़ों लोग मारे गए हैं।

## मोदी ने कार्नी को प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा के संसदीय चुनाव में लिबरल पार्टी की जीत और मार्क कार्नी को देश का नया प्रधानमंत्री चुने जाने पर उन्हें बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा कि कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में आपके चुने जाने और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। मोदी ने कहा कि मैं हमारी साझीदारी को मजबूत करने और हमारे लोगों के लिए अधिक से अधिक अवसरों का उपयोग करने के लिए आपके साथ काम करने के लिए तत्पर हूं।











